सेंसेक्स 72,623.09 ▲ -434.30
डॉलर 82.927 ▼ +0.040

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 29.0 | 14.0 | 23.0 |
| धनबाद | 30.0 | 17.0 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 18.0 | 27.0 |
| पलामू | 29.0 | 15.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 22 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 126, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ▶ भारत के घरेलू बाजार में मछली के उपभोग का संवर्धन ...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


अभिनेत्री विद्या बालन ने अज्ञात व्यक्ति के ...12 ◀ देश/विदेश


### सीजीएल प्रश्नपत्र लीक होने के बाद से मांगा जा रहा था इस्तीफा

# जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा

**राज्य के पूर्व डीजीपी रहे अध्यक्ष ने कहा, व्यक्तिगत कारणों से दे रहे इस्तीफा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने का कारण उन्होंने व्यक्तिगत बताया है। बता दें कि पिछले दिनों जेएसएससी सीजीएल परीक्ष का प्रश्न पत्र लीक हो गया था। जिसके बाद जमकर हो-हंगामा हुआ था। छात्रों के प्रदर्शन के बाद आयोग ने परीक्षा को रद्द कर दिया था, वहीं आगे होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया था। छात्र मामले की सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामले की जांच पड़ताल के लिए सरकार के निर्देश पर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी मामले की जांच कर रही है, अबतक रांची और पटना से कई लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। इनमें झारखंड विधानसभा में अवर सचिव के पद पर रहे मो. शमीम भी शामिल हैं। एसआईटी ने अवर सचिव के साथ उनके दो पुत्रों को भी पकड़ा है। इनके पास से कई प्रतियोगी छात्रों के प्रवेश पत्र, मोबाइल फोन और सादा चेक मिले हैं। पूछताछ में पता चला है कि इन्होंने 27 से लेकर 30 लाख तक में पांच प्रतिभागियों से सौदा किया था। मालूम हो कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी को हुई थी लेकिन इसका प्रश्नपत्र पहले ही लीक हो गया था। इसके बाद इस परीक्षा के साथ-साथ चार फरवरी को होने वाली परीक्षा भी रद्द कर दी गई थी। इसके बाद आक्रोशित परिक्षार्थियों ने जेएसएससी के सामने उग्र प्रदर्शन कर अध्यक्ष नीरज सिन्हा से इस्तीफे की मांग की थी। इस क्रम में छात्रों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ भी किया था। इस मामले में एसआइटी की टीम ने मेदिनीनगर से भी दो लोगों को पकड़ा था। टीम ने परचा लीक मामले में सूत्रधार एवं मुख्य षड़यंत्रकारी की तलाश में झारखंड के अलावा ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### इस्तीफे पर उठे सवाल

- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने बुधवार को व्यक्तिगत कारणों का हवाला दे अपने पद से
- इस्तीफा दे दिया। जिस तरह से उन्होंने इस्तीफा दिया उसे लेकर कई सवाल उठने लगे हैं।
- विवाद में आने के बाद अधिकारी इस्तीफा देने के लिए अक्सर निजी या व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हैं, ये भी ऐसा ही मामला तो नहीं?
- अगर अध्यक्ष को इस्तीफा देना ही था तो प्रश्नपत्र लीक होने के तुरंत बाद उन्होंने इस्तीफा क्यों नहीं दिया?
- प्रश्नपत्र लिक मामले में छात्रों ने इनके इस्तीफे की मांग लेकर प्रदर्शन भी किया था, तो क्या अध्यक्ष ने अपनी गलती मान ली है?
- एसआईटी ने चेन्नई स्थित प्रश्नपत्र बनाने वाली एजेंसी के दफ्तर में छापेमारी के बाद इसे भी संदिग्ध माना है, तो क्या जांच की प्रगति में 'कुछ और मिला' है?

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,210
चांदी (किलो) 71,530

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आवास में आज होगी सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो दो मार्च तक चलेगा। इसे लेकर राज्यपाल ने अपनी मंजूरी दे दी है। बजट सत्र में 27 फरवरी को सरकार वर्ष 2024-25 का बजट सदन में पेश करेगी। इधर, विधानसभा बजट सत्र को लेकर 22 फरवरी को सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई है।यह बैठक कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शाम चार बजे होगी, जिसमें विधायकों के लिए व्हिप भी जारी होगी। बैठक से पहले 22 फरवरी को ही सुबह 11:00 बजे से झामुमो कार्य समिति की बैठक भी बुलाई गई है, जिसमें पार्टी के सभी विधायक और सांसद शामिल होंगे यह बैठक भी कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में ही होगी।

### पलामू में 80 वर्ष से ऊपर के 22019 मतदाता करेंगे मतदान

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में इस 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या निर्धारित हो गई है। लोकतंत्र के महानतम पर्व में 80 वर्ष से ऊपर के 22 019 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 11565 तथा पुरुष मतदाताओं की संख्या 10454 है। पांकी विधानसभा में सबसे ज्यादा 4835 मतदाता 80 वर्ष की आयु सीमा पार कर चुके हैं। जबकि विश्रामपुर विधानसभा में इनकी संख्या 5031 है। डालटनगंज विधानसभा में 3696, हुसैनाबाद में 3888 एवं एससी के लिये आरक्षित छतरपुर में 4566 बुजुर्ग मतदाता हैं। भारत के निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि 80 वर्ष और उससे ऊपर के मतदाता या ऐसे मतदाता जिनका 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता है। उनकी सुविधा और सहूलियत के लिए मतदान केंद्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था की जाये।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल को लिखा पत्र



**आदरणीय कपिल सिब्बल जी,**

**पिछले** कई दिनों से आपके वक्तव्य, विचार और दलील से जुड़े भड़ास कोर्ट से लेकर यूट्यूब चैनल और मीडिया में देख रहा हूं। निश्चित रूप से आपका नाम देश के मशहूर कानून के जानकारों, दलित-पिछड़े समाज के हम जैसे आम आदमी की पहुंच से दूर देश-विदेश के सबसे मंहगे वकीलों की लिस्ट के साथ ही राजनीति के क्षेत्र में भी शुमार है। बड़ा सम्मान करता हूं आपका लेकिन असहमति है तो आपके उस काम से, जिसमें अपने वकालत पेशे में भी आपको मनोनुकूल फैसला नहीं मिलने पर राजनीति और पक्ष-विपक्ष दिखायी देने लगता है। मोटी रकम लेकर आपके द्वारा लड़े जा रहे मुकदमों में जब फैसला आपके क्लाइंट के पक्ष में आता है तो आपको सब कुछ ठीक-ठाक लगता है और जब आपकी मन की ईच्छा के अनुरूप नहीं होती है तो आपको न्यायिक आदेशों में सिर्फ कमियां ही कमियां दिखायी देने लगती है, और राजनीति की गंध भी आने लगती है। निश्चित रूप से कोर्ट को सबके लिये एक समान नियम बनाना चाहिये, हम सौ फीसदी सहमत हैं आपसे। हां साथ में कोर्ट को यह भी नियम बना देना चाहिये कि अगर कपिल सिब्बल साहब वकील हैं तो इतवार, सोमवार, सुबह-शाम, दोपहर-रात कुछ भी हो स्पेशल कोर्ट लगाना चाहिए, सुनवाई कपिल साहब के समय और सुविधा के हिसाब से तय किया जाना चाहिए और फैसला भी वैसा ही होना चाहिये जैसा सिब्बल साहब चाहें। आप यही कहना चाहते होंगे।

आपके एक यूट्यूब इंटरव्यू के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ कि आप आदिवासी हितैषी बनने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो रुबिका पहाड़िन (जिसके पति-दिलदार अंसारी ने उनकी निर्मम हत्या की तथा बॉडी को 18 टुकड़ों में काटकर अलग-अलग जगह फेंक दिया था), उमेश कच्छप (जिसने वरीय भ्रष्टाचारी अफसरों के दबाव में आत्महत्या की) और दरोगा संध्या टोप्पो (जिनको अवैध गौ तस्करों ने ड्यूटी के दौरान तस्करी कर ले जा रहे गौ-वंश के ट्रक से कुचलकर मार डाला) के केस बिना किसी फीस के लड़ेंगे ? उमेश कच्छप की बेटी सालों से अपने पिता को न्याय दिलाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा रही है। मेरी गुजारिश के बाद भी आपने अगर उसकी मदद नहीं की, तो मैं समझूंगा कि आपका ये प्रेम सिर्फ अमीरों तक ही सीमित है और वहीं गरीबों की पहुंच में आपके मुंशी और बाबू भी नहीं आते। अगर आप इनके जैसे बेसहारा सौ दलित-आदिवासियों के साथ भी खड़े हो जायें, बिना पैसा लिये चार्टेड जहाज से आकर मुफ्त में उनके लिए लड़कर न्याय दिला दें तो राज्य में आप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के समानांतर पहचान पायेंगे और लोग कालांतर में आपकी मूर्ति लगाकर पूजा करेंगे। कोर्ट के प्रति आपकी तिलमिलाहट शायद कोर्ट को न पता चला हो पर हमें तो पता है कि आपके क्लाइंट ने मोटी रकम और चार्टर फ्लाइट का प्रबंध कराया था, इसलिये भी आप तमतमाए हुए होंगे? लगता है कि आपने क्लाइंट से कुछ वादा कर दिया था और फैसला पक्ष में न आने से आप नाराज हो गए हैं। आपका ये हावभाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आपका बस चले तो आप घर पर ही कोर्ट लगा लें और आप इसलिए भी उस फैसले से नाराज हो गए हैं क्योंकि जिस क्लाइंट ने भी आपको रखा है उसने एक-एक तारीख के लिये चार्टेड जहाज से लेकर फीस देने में इतनी मोटी भारी भरकम राशि खर्च की है जिसमें एक दलित, निर्धन आदिवासी, गरीब परिवार की दो-तीन पीढ़ी की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली जा सकती है। माननीय न्यायालयों को इसका तो ख्याल रखना ही चाहिए। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# ग्राम गाड़ी योजना से सामाजिक विकास को मिलेगा नया आयाम : चंपाई सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा, फिलहाल राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क का हो रहा निर्माण**

**रांची, लोहरदगा व गुमला के 24 हजार अबुआ आवास लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को मोरहाबादी मैदान में ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत 83 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई है। सीएम ने कहा कि शीघ्र ही 250 से अधिक गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में दौड़ेंगी। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत संचालित इन गाड़ियों में विद्यार्थी, आंदोलनकारी, दिव्यांग, वृद्धजन एवं विधवा माता-बहनें मुफ्त में सफर कर सकेंगे। इससे उनकी गतिशीलता बढ़ेगी जिससे समाजिक विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के जरिए झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सरकार की सोच है कि ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय के साथ जिला मुख्यालय तक जोड़ने के लिए अच्छी सड़कों का जाल बिछा सकें। मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण करते हुए कहा कि आने वाले तीन महीने बाद नौ लाख पात्र आवास विहीन परिवारों को एक साथ अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। आज इस मंच से रांची, लोहरदगा एवं गुमला जिला के 24 हजार से ज्यादा की संख्या में लाभुक परिवारों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र देने के साथ पहली किस्त की राशि भी डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों को अनुमंडल से जिला तक के आवागमन की सुविधा को सुलभ करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है।

**शिक्षा का ऐसा दीप जलाएंगे जो कभी बुझेगी नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने का भरपूर प्रयास कर रही है। हम ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### अबुआ आवास योजना के 29 लाख आवेदन मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में चलायी गई आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाए गए शिविरों में 29 लाख से अधिक अबुआ आवास योजना के आवेदन प्राप्त किए गए। राज्य सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास योजना के आवेदनों पर स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## रेडियो के स्वर्ण युग की आवाज अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में निधन



**मुंबई।** प्रतिष्ठित रेडियो हस्ती अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मंगलवार शाम को दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें मंगलवार शाम छह बजे दिल का दौरा पड़ा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनका इलाज करने की कोशिश की लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। अमीन कुछ समय से उच्च रक्तचाप और उम्र संबंधी अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें पीठ की भी समस्या थी जिसके कारण वह वॉकर का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने अपने रेडियो कार्यक्रम 'गीतमाला' के माध्यम से काफी लोकप्रियता हासिल की जो देश के रेडियो परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित हुआ। उनकी मनमोहक आवाज और आकर्षक शैली ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं को बहनों और भाइयों के रूप में संबोधित करने का उनका विशिष्ट तरीका तुरंत पहचाना जाने लगा और व्यापक रूप से उसका अनुकरण किया गया। उन्होंने रिकॉर्ड 54 हजार रेडियो कार्यक्रम तैयार किए और 19 हजार से अधिक विज्ञापनों और जिंगल को आवाज दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी के निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि रेडियो पर अमीन सयानी की मंत्रमुग्ध करने वाली आवाज में एक आकर्षण और गर्मजोशी थी, जिसने उन्हें पीढ़ियों का प्रिय बना दिया। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार, प्रशंसकों और सभी रेडियो प्रेमियों के प्रति संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## हेमंत बजट सत्र में भाग ले पाएंगे या नहीं, फैसला आज



**रांची।** हेमंत सोरेन 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग ले पाएंगे या नहीं, इस पर पीएमएलए कोर्ट का फैसला गुरुवार को आएगा। बुधवार को कोर्ट ने सोरेन की अर्जी पर सुनवाई और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सोरेन झारखंड विधानसभा में साहिबगंज जिले के बरहेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मंगलवार को कोर्ट में अर्जी दाखिल कर विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की इजाजत मांगी थी। सोरेन की ओर से बहस करते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि बजट सत्र की कार्यवाही अत्यंत महत्वपूर्ण है और अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए कार्यवाही में उनका भाग लेना आवश्यक है। बजट मनी बिल होता है और इस दौरान विधायक की उपस्थिति-अनुपस्थिति से कार्यवाही सीधे तौर पर प्रभावित होती है। उन्होंने पूर्व के कुछ फैसलों का भी हवाला दिया। इसके पहले सोरेन को 5 फरवरी को चंपई सोरेन सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव के दौरान विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति कोर्ट ने दी थी। हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था।

### टुनेस उरांव के दस्ते ने दिया घटना को अंजाम, मोबाइल फोन व बाइक लूटे

## जेजेएमपी के नक्सलियों ने मजदूरों को पीटा, दहशत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के कंजीया में हो रहे पुल निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच जेजेएमपी नक्सली संगठन के सदस्यों द्वारा पोकलेन मशीन को क्षतिग्रस्त कर मजदूरों की पिटाई करने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। विदित हो कि भंडरिया थाना क्षेत्र के कंजीया गांव स्थित सरस्वतिया नाले पर मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत मां कंस्ट्रक्शन के द्वारा 3 करोड़ 50 लाख की लागत से पुल निर्माण का कार्य कराया जा रहा है । उक्त स्थल पर मंगलवार की रात्रि जेजेएमपी नक्सली संगठन के टुनेस उरांव के दस्ता के द्वारा पुल निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन को क्षतिग्रस्त करते हुए मौजूद आधा दर्जन मजदूरों के साथ मारपीट की गयी। इस दौरान नक्सली मजदूरों से तीन मोबाइल फोन सहित एक मोटर साइकिल भी लूट कर अपने साथ ले गये। वहीं नक्सली संगठन के सदस्यों के द्वारा बिना मैनेज के पुल निर्माण कार्य नहीं करने की चेतावनी देते हुए कार्य बंद करने का आदेश दिया है। भंडरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आधा दर्जन पुलिस कैंप होने के बावजूद कुछ दिनों से नक्सली संगठन की सक्रियता बढ़ गयी है। गत दिवस माओवादियों द्वारा भंडरिया स्थित इंदिरा चौक पर भी पर्चा चिपकाया गया था। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता के करण इस तरह की घटनायें घट रही हैं।

**इंडिया**

**स्मृति शेष**

## लाखों के आदर्श रेडियो आइकन अमीन सयानी आज भी प्रासंगिक हैं



सुनील बादल

**लगभग** 50 सालों से ज्यादा रेडियो कार्यक्रमों और विज्ञापनों से अपनी दिलकश आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले अमीन सयानी 91 साल की उम्र में भले ही सांसारिक रूप से खामोश हो गए हों पर उन्होने रेडियो पर लगभग 54,000 प्रोग्राम प्रोड्यूस और कम्पेयर किए थे या 19000 स्पॉट/जिंगल में भी उनकी आवाज सुनाई दी थी वह उन्हें अमर बना कर रखेगी । बहनों और भाइयो से शुरू होने वाला उनका संबोधन रेडियो के स्वर्णिम काल का स्वर्णिम स्वर था जिसकी नकल सड़कों पर रिक्शे से प्रचार करने वाले से लेकर सबसे बड़े रेडियो शो या देश विदेश के स्टेज शो तक में लोग आज भी करते हैं । सबसे बड़ी म्यूजिक कंपनी ने सारेगामा कारवां रेडियो में उन्हें अलग से जगह दी है जिसे सुनकर पुरानी पीढ़ी के लोग आज भी पुरानी यादों में खो जाते हैं । आज की युवा पीढ़ी आरजे को सुनती है पर सबसे भीष्म पितामह की तरह अमीन सयानी कौन थे नहीं जानती और आज लाखों लोग उन्हें यूट्यूब पर ढूंढ रहे हैं । एक समय था जब लोग शॉर्ट वेभ पर पहले से रेडियो सीलोन ट्यून कर, अलग से एरियल लगाकर बिनाका गीतमाल सुनने के लिए बेताब रहते थे कि कहीं एन मौके पर कार्यक्रम छूट न जाए और एक एक शब्द सुनते थे उसकी चर्चा होती थी । बिनाका गीतमाला में जो गीत बजते, उन्हीं गीतों पर उन दिनों जब रात रात भर चलने वाली नौटंकियों में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर जैसी वेशभूषा धरे नर्तक-नर्तकियां स्वांग रचते तो अमीन सयानी की आवाज बार बार फिर कानों में गूंजती। उनका हर पायदान पर बजने वाले गीतों का जिस अंदाज में परिचय कराना और उसके चलते उन सुपरहिट गीतों के गीतकारों और संगीतकारों के नाम याद हो जाना भी कुछ कमाल ही था। बिनाका के बाद आया



सिबाका गीत माला और फिर एस कुमार्स का फिल्मी मुकदमा जो आज का आप की अदालत में का रेडियो रूप था। विविध भारती का जो पहला प्रायोजित कार्यक्रम सेरिडॉन के साथी शुरू हुआ, उसमें भी आवाज अमीन सयानी की ही थी। शालीमार सुपरलैक जोड़ी और भी न जाने कितने प्रायोजित कार्यक्रमों की शान अमीन सयानी की आवाज के बूते ही होती थी। अमीन सयानी को ही रेडियो को वह पहला उद्घोषक माना जाता है जिन्होंने हिंदी को साहित्यिक भाषा से निकालकर आम बोल चाल की भाषा के रूप में रेडियो पर जगह दी। उनकी आवाज में हिंदी के साथ उर्दू, फारसी और अरबी शब्द यूं घुल मिल जाते जैसे अमीन सयानी नहीं हिंदुस्तान बोल रहा हो। बोली की ये रंगत उन्हें अपनी मां कुलसुम सयानी से मिली थी जो सन 60 तक कोई 20 साल हिंदी, उर्दू और गुजराती में एक अखबार रहबर निकालती रहीं थी और अमीन सयानी उनके काम में हाथ बंटाया करते।अमीन सयानी के बड़े भाई हमीद सयानी का रेडियो पर बड़ा नाम रहा है। अंग्रेजी उद्घोषकों में वह अव्वल दर्जे के उद्घोषक रहे। अमीन ने अपने बड़े भाई को ही अपना गुरु माना। अदा भाई से और भाषा मां से लेकर अमीन सयानी ने अपना जो एक मुकाम रेडियो पर बनाया, उसके किस्से सात समंदर पार तक सुने जाते हैं।उन्होने एक बार अमिताभ बच्चन पर टिप्पणी की थी कि अच्छा हुआ रेडियो ने उन्हें रिजेक्ट किया वरना सुपर स्टार नहीं बनते । विदेश से मांग बढ़ी तो वह अपने रेडियो प्रोग्राम रिकॉर्डकर खाड़ी देशों और अमेरिका तक भेजने लगे। बीबीसी रेडियो पर उनका फिल्मी सितारों के इंटरव्यू का कार्यक्रम भी खूब मशहूर हुआ। आज रेडियो डिजिटल तकनीक और एफएम के कारण फिर से लोकप्रियता की ऊंचाइयों पर है जिसे भाँपकर आकाशवाणी ने न्यूजऑनएआइआर एप बनाया है जिसके माध्यम से भारत के लगभग सारे रेडियो स्टेशन मोबाइल या कंप्यूटर पर पूरी दुनिया में सुने जा रहे हैं । ऐसे में अमीन सयानी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि भाषा,उच्चारण और प्रस्तुति पर ध्यान दिया जाए क्योंकि अच्छी बातें या संगीत भी सुर में या सुरीले अंदाज में ही अच्छी लगती हैं।

## शाहपुर शिव मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं



**विधायक आलोक व शशिभूषण ने डीसी से मिल जताया विरोध**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर अंचल अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम के शाहपुर विवेकानंद चौक के समीप स्थित शिव मंदिर की जमीन का भूमि अधिकार प्रमाणपत्र (एलपीसी), दूसरे के नाम से जारी किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया,पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक गुरु पांडेय के नेतृतव में दो दर्जन से अधिक संख्या में लोगों ने उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर नाराजगी जतायी। प्रतिनिधि मंडल के अनुसार उपायुक्त ने टीम गठित कर 24 घंटे के अंदर मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उपायुक्त से मिलने के बाद विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बताया कि ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह में बुधवार को धावाडीह से लोहड़ी बस्ती तक सड़क निर्माण का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़ कर किया। यह योजना एक करोड़ की लागत से पूर्ण होगी। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री मेहता ने कहा कि धावाडीह से लोहडी बस्ती तक पक्की सड़क निर्माण होने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र में 250 करोड़ की योजना का टेंडर हो गया है। 15 दिनों के अंदर 150 करोड़ की योजना का और भी टेंडर होगा। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर निजी सहायक बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी यादय, निजी कार्यकर्ता महेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, अनुज चंद्रवंशी, रामनाथ पाठक,विजय पाठक उपस्थित थे।

### मालगाड़ी की चपेट मे आने से वृद्ध की मौत

**विश्रामपुर।** बरवाडीह-डेहरी रेलखंड के तोलरा स्टेशन के समीप एक वृद्ध की मालगाड़ी की चपेट मे आने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी बीच एक मालगाड़ी उसी ट्रैक पर आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह आत्महत्या करने के नीयत से मालगाड़ी को देखकर ट्रैक पर सो गया था। राजकीय रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई थी।

### विद्यालय में चोरी

**मनातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों ने बताया कि रात के अंधेरे में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरा व अन्य सामग्री सहित ऑफिस और कार्यालय का ताला तोड़ दिया है। चोरी की सूचना मनातू थाने को दे दी गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुवे जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्रिंसिपल महाबली दुबे ने बताया कि चोरों द्वारा तीन कैमरा, दो बैटरी, एक सीलिंग फैन, घड़ी, एम्प्लीफायर, स्पीकर आदि सामान चुराया गया है।

## पेंशन योजना शिविर में उमड़ रहे लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना को आच्छादित करने के लिए मंगलवार से आयोजित तीन दिवसीय शिविर में नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि इस योजना का लाभ 50 वर्ष से उपर के सभी वर्ग की महिलाएं, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के योग्य लाभुकों को दिया जायेगा। शिविर में आवेदन फार्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आवेदन फार्म के साथ आधार, मतदाता पहचान पत्र, पासबुक की प्रति व दो फोटो लगाकर पंचायत में लगे शिविर में जमा करना है। उन्होंने कहा कि जरुरतमंद योग्य लाभुक शिविर के माध्यम से इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सभी योग्य लाभुकों को इस योजना की जानकारी देने का कार्य करें। जिससे अधिक से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके।

### स्थिति को देखते हुये अस्पताल प्रबंधन ने किये अतिरिक्त इंतजाम

# अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों की लग रही कतार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मौसमी बीमारियों का दौर शुरू हो गया है। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी में प्रतिदिन विभिन्न मौसमी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की सुबह से ही कतार लग जा रही है। मौसम परिवर्तन होने से वायरल फीवर का खतरा बढ़ रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण नागरिक तेजी से सर्दी-खांसी, वायरल फीवर आदि बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। नतीजन अस्पताल में मरीजों की बेशुमार भीड़ उमड़ रही है। पिछले दो दिनों से अचानक बढ़ी गर्मी ने आमजन के स्वास्थ्य को ज्यादा प्रभावित किया है। दिन में तपन और



रात को ठंडक के चलते मौसमी बीमारियों ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि हर चौथे घर में वायरल बीमारी से ग्रसित मरीज मिल रहे हैं। अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों सामान्यतः मरीजों की संख्या 150 से बढ़कर 271 पहुंच गई है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह की बीमारी से निपटने के लिए अतिरिक्त दवाईयां मंगवाई गई है। साथ ही आवश्यक इंतजाम भी कराये जा रहे हैं।

### मौसम परिवर्तन के चलते पनप रही बीमारी

मौसम परिवर्तन होने के साथ ही मौसमी बीमारियों का आतंक शुरू हो गया है। बुखार, सर्दी, पेटदर्द, आंख में जलन, हाथ-पैर में दर्द, डायरिया सहित अनेक प्रकार की बीमारियां आमजन को अपनी चपेट में ले रही हैं। बीते दिनों बेमौसम बारिश होने के कारण भी लोगों में बीमारी बढ़ी हैं। ऐसे में अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीज सबसे अधिक पहुंच रहे हैं।

### डाक्टर की राय

इस मौसम में जितना हो सके फास्ट फूड से परहेज करना चहिए। हरी सब्जियां व शुद्ध पेयजल का उपयोग करना चहिए। आसपास साफ-सफाई का रखकर ही मौसमी बीमारियों से राहत मिल सकती है।

### बैंकों का औचक निरीक्षण, वाहनों की सघन जांच

# लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने बढ़ाई सख्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मंगलवार को एसबीआई, केनरा बैंक, जेआरजीबी सहित क्षेत्र स्थित आधा दर्जन बैंकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बैंकों में सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा, अलार्म सहित कई बिंदुओं पर बैंक के शाखा प्रबंधकों से जानकारी ली गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंकों का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान शाखा प्रबंधकों को कई दिशा -निर्देश भी दिये गये। कहा गया



कि बैंक के अंदर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर सीधे पुलिस को सूचना दें। साथ ही अनावश्यक बैंक परिसर में लोग न प्रवेश करें। इसका विशेष ध्यान रखा जाये। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर भी वाहनों की सघन जांच कर चार पहिया



वाहनों की डिक्की खुलवाकर मुआयना किया। दो-पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर चलने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चेकपोस्ट पर सख्ती बढ़ा दी गयी है। नियमित रूप से वाहनों की जांच की जायेगी।

## करकटा पंचायत में लगा पेंशन शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**



**ऊंटारी रोड।** सरकार के निर्देशानुसार जिले के 50 वर्ष से ऊपर की सभी वर्ग की महिलाओं को राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित करने हेतु जिले के ऊंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत भवन में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। 22 फरवरी तक चलने वाले शिविर में पंचायत के विभिन्न वार्डों से पहुंचे सैकड़ों आवेदकों ने आवेदन दिया। इस संबंध में पंचायत सचिव अनुज कुमार ने बताया कि मंगलवार को 39 व बुधवार को दो बजे तक 40 आवेदन प्राप्त हुआ है। गुरुवार को शिविर का अंतिम दिन है। जिसमें बचे हुए आवेदकों का फॉर्म लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक अपना वोटर कार्ड,आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो कॉपी एवं पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लेकर आयें। आवेदन करने के पश्चात आवेदक को पावती रसीद भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वैसे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष जिनकी उम्र 50 पूर्ण हो गयी है। वे भी पेंशन के लिये आवेदन कर सकते हैं।

### मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण दल ने किया दौरा, ग्रामीणों से की वार्ता

## एसी बहुल मुरमा में समस्याओं की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सरजा गांव स्थित प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण दल ने बुधवार को अनुसूचित जाति बहुल गांव मुरमा का दौरा किया। इस क्रम में दल के सदस्यों ने ग्रामीणों से मिलकर सरकार संचालित विकास योजनाओं संबंधित बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही उसे सूचीबद्ध किया। इसके अलावे सामाजिक मानचित्र कर संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। मुखिया ब्रह्मदेव सिंह समेत कई लोगों ने बताया कि मलय डैम के बगल में स्थित होने के बावजूद गांव सिंचाई सुविधा विहीन है। इस कारण गांव के लोग मेहनत मजदूरी कर ही जीवनयापन करते हैं। भ्रमण के क्रम में पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षक त्रिलोकी कर्ण, सत्यानंद शुक्ला व सतीश राम मौजूद थे। विदित हो कि पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव के निर्देशानुसार मुखिया लोगों को मास्टर प्रशिक्षक के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान के तहत लातेहार, गढ़वा व पलामू जिले के 40 मुखिया प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मौके पर टीम लीडर मुखिया अमित कुमार बरला, राजेश सिंह, मानसी देवी, शशि देवी, ग्रुप लीडर सुनीता देवी मौजूद रहीं।

### वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया मनोबल

# वोट की ताकत पहचानने से आएगा बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोकतंत्र में आम नागरिकों को वोट रूपी असीम ताकत प्राप्त है। इसके माध्यम से हम पीएम हो या सीएम। यदि काम नहीं कर रहा है तो उसे बदल सकते हैं। हुसैनाबाद प्रखंड के सोनपुरवा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुये विकासशील इंसान पार्टी विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने यह बाते कहीं। उन्होंने आमजन को अपने अधिकर के लिये संघर्ष करने की अपील करते हुए कहा कि जरूरत है वोट की ताकत पहचानने की। अपने वोट की ताकत को समझें, आज देश में



राजनीति की परिभाषा बदल गई है। जाति-धर्म के नाम पर लोगों को उलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा जो हमारी सुनेगा उसकी हम सुनेंगे, जो हमारी नहीं सुनेगा, हम उसकी नहीं सुनेंगे। उन्होंने खास कर युवाओं से अपने अधिकर के लिए संघर्ष करने का आह्वान करते हुऐ कहा कि अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। इसके लिऐ एकजुट होने की जरूरत है। सभा की अध्यक्षता वीआईपी पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मुखिया रमाशंकर चौधरी ने की। जबकि संचालन प्रेम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, मनोज भारती, जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, जगदीश चौधरी, राजेंद्र चौधरी, अरविंद चौधरी, सुरेंद्र चौधरी मौजूद थे।

# चौकड़ी में ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का आकलन

### बीएओ ने गांव में लिया जायजा किसानों से ली जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी गांव में ओलावृष्टि से किसानों के फसलों की हुई भारी क्षति का आकलन बुधवार को किया गया। दर्जनों किसानों के खेतों में निरीक्षण के बाद प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि किसान सुरेश राम, संतोष राम के करीब डेढ़ एकड़ खेत में लगी स्ट्राबेरी की फसल चौपट हो गयी है। इस गांव में सभी किसानों का मिलाकर करीब चार एकड़ में फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हुई है। वहीं आधा एकड़ में लगी टमाटर के पौधे की भी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला कृषि पदाधिकारी को सौंपी जायेगी। निरीक्षण में उनके अलावा किसान नागेंद्र जयसवाल, प्रह्लाद पाठक, डॉ. अजय जायसवाल, दिलीप जायसवाल, उपेंद्र पाठक, सच्चिदानंद पाठक, शशि पाठक, मदन जायसवाल, हीरा जायसवाल मौजूद थे।

### वर्षों से बैंकिंग कार्य के लिये छतरपुर आने को विवश ग्रामीण, जताया रोष

# सिर्फ शहरी क्षेत्र में सीएससी का संचालन होने से ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** अनुमंडल अंतर्गत छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड में संचालित ग्राहक सेवा केंद्र सालों बीतने के बाद भी निर्देश की अवहेलना कर अपने-अपने लोकेशन क्षेत्रों की जगह छतरपुर बाजार में ही संचालित किये जा रहे हैं। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। विदित हो कि छतरपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के कोड संख्या 2927 के तहत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए पंजीकृत करीब 29 ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) का वर्षों से शहरी क्षेत्र में संचालन होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ हुई है। बता दें कि केंद्र सरकार द्वार्रा



ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह अहम बैंकिंग सेवा शुरू करायी गयी है। जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग कार्यों के लिये शहर के भीड़भाड़ से निजात मिल सके। इसके बाद भी यहां के ग्रामीणों को योजना का कोई लाभ नहीं मिला। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### निरीक्षण कर अधिकारियों ने दिये थे निर्देश

बताया जाता है कि कुछ सप्ताह पूर्व क्षेत्र के दौरे पर आये आरबीआई के पदाधिकारियों ने शहर में संचालित सभी सीएसपी का निरीक्षण कर छतरपुर एवं कउवल के शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया था कि ग्रामीण क्षेत्रों के सीएसपी शहर में क्यों चल रहे हैं। इसकी जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट भेंजे। दो वर्ष पूर्व भी अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं संज्ञान में लेते हुए छतरपुर शाखा प्रबंधक को उक्त सभी ग्राहक सेवा केंद्रों का संचालन लोकेशन एरिया पंचायत व गांव स्तर पर ही संचालित कराने का सुझाव दिया था। इसके बाबजूद भी शाखा प्रबंधक के कान पर आज तक जू तक नहीं रेंगी।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को कराएंगे अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** आरसीआईटी के सभागार में बुधवार को लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोकसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप सही,कार्यक्रम प्रभारी आरती कुजूर व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यशाला में कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा सरल ऐप एवं संपर्क अभियान के तकनीकी विषयों की जानकारी दी गई। आगामी 25 फरवरी तक प्रखंड स्तर पर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला आयोजन के बारे में भी बताया गया। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा गया कि पूरे देश में भाजपा के द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर-घर जाकर मोदी सरकार के द्वारा भेजे गए पत्र को देंगे। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश गांव गांव व घर-घर तक पहुंचाना है। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने संयुक्त रूप से की। जबकि कार्यक्रम का संचालन दुर्गा जौहरी ने किया। कार्यशाला में विनोद सिंह,प्रमोद चौबे,लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, गढ़वा जिला सहसंयोजक अलख नाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिंह, संतोष दुबे, बृजेश चौबे, मनीष कुमार, सीटू गुप्ता, विजय चौबे, रूपा सिंह, गोपाल सोनी, संतोष राम मौजूद रहे।

### आक्रोश: जपला रेलवे स्टेशन परिसर में रेल उपभोक्ता समिति ने दिया धरना

# लाइफ लाइन ट्रेन का तत्काल शुरू हो परिचालन

### पांच सूत्री मांगों को लेकर बुलंद किया आवाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेल उपभोक्ता समिति ने जिला प्रवक्ता मनोज शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को जपला स्टेशन परिसर में पांच सूत्री मांगों के समर्थन में धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा अधिवक्ता प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की। जबकि संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने आरोप लगाया कि रेल प्रशासन इस क्षेत्र से जुड़े हैदरनगर, मोहम्मदगंज, ऊंटारी रोड, सतबहिनी, कोशियारा, सिगसिगी ,तोलरा समेत दर्जनों स्टेशनों के



यात्रियों के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार करती रही है। जब मालगाड़ी को सुलभता से चलाया जा रहा है तो लाइफ लाइन ट्रेनों का आये दिन संचालन क्यों बंद किया जा रहा है। पांच सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि क्षेत्र की लाइफ लाइन ट्रेन संख्या 03363-64 का परिचालन अविलंब शुरू करने,पैसेंजर ट्रेनों में 15 डिब्बे की रैक सुनिश्चित करने, सीआईसी रेलखंड की पैसेंजर ट्रेनों से अविलंब स्पेशल टैग हटाकर मूल भाड़ा लागू करने, भविष्य में ट्रेनों के बंद करने के पूर्व समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श करने, पैसेंजर ट्रेनों को रोककर मालवाहक ट्रेनो के परिचालन पर रोक लगाना प्रमुख है। इस मौके पर मुख्य रूप से एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सच्चिदानंद सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, अर्जुन सिंह, इजहार अंसारी, नरेश कुमार पासवान, इम्तियाज आलम, सुनील कुमार, केदार सिंह, मुकेश सिंह ,गणेश प्रजापति, अवधेश सिंह, कमलेश कुमार मौजूद थे।

### डीएमओ ने की छतरपुर के चराई एवं बरडीहा में संचालित क्रशर की जांच

# बंद पड़े क्रशर का किया सत्यापन पाटन में ईंट भट्ठे का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने छतरपुर के चराई एवं बरडीहा में संचालित दर्जनों क्रशरों की जांच की। जांच के क्रम में डीएमओ ने विभाग द्वारा बंद क्रशरों का सत्यापन भी किया। जबकि संचालित क्रशरों पर पहुंच कर स्टॉक चिप्स समेत अन्य नियमों की जांच की। जांच के दौरान डीएमओ ने संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार के द्वारा नियमों के तहत ही हर हाल में क्रशर का संचालन करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि नियम विरूद्ध क्रशर संचालन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में डीएमओ ने क्रशर संचालको को एक सप्ताह के अंदर कागजातों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। कहा कि सत्यापन नहीं कराए जाने पर नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**इन क्रशरों की हुई जांच :** जयमाता स्टोन मौजा बरडीहा,जयमाता दी स्टोन चराई,जय शतंचंडी स्टोन बरडीहा,नैतिक स्टोन चराई,विष्णु स्टोन बरडीहा,मां ट्रेडिग स्टोन चराई, वासुदेव स्टोन चराई,बजरंग स्टोन बरडीहा,श्रीराम स्टोन बरडीहा,गुप्ता स्टोन बरडीहा, सर्व जय मां लीलोरी स्टोन चराई,वैष्णव माता चिप्स चराई, मां स्टोन क्रशर,जय मां स्टोन,महादेवा चिप्स बरडीहा, जय मां विध्यवाशिनी स्टोन बरडीहा।

**पांच बंद पड़े क्रशर का सत्यापन :** क्रशरों की जांच करने पहुंचे छतरपुर डीएमओ आनंद कुमार ने बंद पड़े जय माता स्टोन,जय शतचंडी स्टोन,वासुदेव स्टोन,श्री स्टोन एवं गुप्ता स्टोन की जांच की। डीएमओ ने बताया कि विभागीय स्तर से बंद किए गए क्रशर बंद पाए गए।

**पाटन में ईंट भट्ठे का भी किया निरीक्षण :** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार ने पाटन में संचालित ईट भट्ठे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मौजा साकनपिडी संचालक शशि भुषण प्रसाद एवं मौजा गहरपथरा संचालक शिवदीप सिंह एवं मौज हिसरा संचालक राकेश कुमार सिंह के ईट भट्ठे का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## यूजी सेमेस्टर-टू की परीक्षा एक मार्च से




**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा.एमके दीपक के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नई शिक्षा नीति के तहत बीए, बीएससी व बीकाम सेमेस्टर-टू की परीक्षा एक मार्च से आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के तहत इंट्रोडक्टरी रेगुलर कोर्स,इंट्रोडक्टरी वोकेशनल स्टडीज,इंग्लिश कम्युनिकेशन और मैथमेटिकल एंड कंप्यूटेशन थिंकिंग एनालिसिस विषय की परीक्षा ली जायेगी।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
अधिवक्ता समाज का प्रमुख बुजुर्आ वर्ग है। सभी जगह से परेशान व्यक्ति न्याय की आस में अधिवक्ता के पास आते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं को अपने आचरण से समाज में आदर्श प्रस्तुत करना चाहिये।
**रामदेव प्रसाद यादव, प्रभारी अध्यक्ष डीबाए पलामू।**

## अबुआ आवास चयन में धांधली से भाजतंमो खफा

**मेदिनीनगर।** जिले में अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला प्रवक्ता आशुतोष मिश्रा ने व्यापक रोष जताया है।



उन्होंने कहा कि इस संबंध में ग्राम सभा से पारित प्राथमिकता सूची में फेर बदल किया जा रहा है। उन्होंने पलामू उपायुक्त से मांग की है कि अबुआ आवास का निर्माण ग्राम सभा में निर्धारित प्राथमिकता सूची का पालन करते हुए करवाया जाना चाहिए। उन्होंने मुखिया संघ द्वारा की गई मांगों पर विचार करने का अनुरोध करते हुये कहा कि ग्राम सभा द्वारा तैयार सूची एवं विभाग से प्रकाशित प्राथमिकता सूची में भारी फेर बदल होने से बेघर लाभुकों के वंचित होने का अंदेशा है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने प्राथमिकता सूची में सुधार कर ग्राम सभा तथा जियो टैग के द्वारा आवास का आवंटन कर भ्रष्टाचार रोकने की मांग की है।

## श्रीमहावीर मंदिर का होगा जीर्णोद्धार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर से सटे चैनपुर के क्रांति चौक के समीप स्थित श्रीमहावीर मंदिर का जीर्णोद्धार कर भव्य मंदिर का निर्माण किया जायेगा। इसे लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया। पलामू के परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडे उर्फ गुरु पांडे ने पूजन का शुभारम्भ किया। पंडित सुवंश पाठक एवं पुजारी बृजभूषण मिश्रा ने पूजा अर्चना की। मौके पर महावीर मंदिर समिति के अध्यक्ष सरजू प्रसाद, गणेश प्रसाद कृष्ण सोनी दिनेश प्रसाद, मीना गुप्ता, अमित सोनी, विकास दुबे धीरज प्रसाद रणधीर प्रसाद, रवि प्रसाद, शंभू कश्यप, शत्रुघ्न प्रसाद दिनेश प्रसाद राजकुमार पांडेय उपस्थित थे।

**भूमि पूजन के बाद भंडारे में प्रसाद पाने उमड़े भक्त**

अभिभावक सह विशिष्ट अतिथि रामनरेश सोनी ने भजन गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन भी किया गया। इस दौरान आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## तस्वीर झूठ ना बोले



गांव की सड़कों पर जब चालीस और पचास टन छर्री लोड ट्रक का आना-जाना होगा तो सड़क की धज्जियां उड़ना लाजिमी है। हैरत तो यह है कि निर्धारित क्षमता से अधिक की दिन दहाड़े-ढुलाई पर कोई नजर नहीं है। (छाया-संजय पाण्डेय)

## एक नजर

### युवक ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन

**मेदनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बभंडी गांव निवासी रशीद अंसारी के पुत्र असलम अंसारी उम्र 30 वर्ष ने बुधवार को परिवारिक विवाद में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर असलम का परिजनों से विवाद हो गया। इससे गुस्से में आकर उन्होंने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। स्थिति बिगड़ने पर परिजना उन्हें चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### निगम क्षेत्र में जन समस्याओं का हो निदान

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र का भ्रमण कर जन समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान व्यवसायियों ने ननि क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावा बाजार में धड़ल्ले से विचरण कर रहे छुट्टा पशुओं पर भी उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शहर में रोज हो रही गोलीबारी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है। मौके पर अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, उपाध्यक्ष आलोक तिवारी, जितेंद्र सिंह, नसीम राइन, सोनू अहमद, धीरज दुबे आदि मौजूद थे। व्यवसायी विनोद जी, सरवन जी, अमित कुमार आदि ने बाजार की समस्याओं से अवगत कराया।

### यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर मांगा आशीष

**मेदिनीनगर।** सतबरवा के खामडीह में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने आशीष मांगा। उन्होंने श्रीरामचरित्र मानस कथा मंच पर जाकर कथा वाचक का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ के आयोजन से वातावरण शुद्ध व सात्विक होता है। मौके पर बिहारी प्रसाद, सुरेश साहू, ललन साहू, अजय साहू उपस्थित थे।

### स्वीप की बैठक में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

# मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य: नगर आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। इसमें आसन्न लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से पार ले जाने का संकल्प व्यक्त किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता को लेकर कई टास्क सौंपे गये। नगर आयुक्त श्री हुसैन ने सभी से इस बार 80 प्रतिशत मतदान पार के संकल्प के साथ स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों को मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है।

### बेहतर समन्वय के साथ मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश

नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कृषि पदाधिकारी को विभाग के एटीएम व बीटीएम का सहयोग लेते हुए उनके माध्यम से लोगों के बीच मतदान संबंधित जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इसी तरह श्रम अधीक्षक को प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें मतदान करने को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ई-कार्ड, टेलीफोन, एसएमएस के जरिए संपर्क स्थापित किया जा सकता है। पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शत-प्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया गया। इसके अलावे पोस्ट ऑफिस से आनेवाले सभी डाकों पर मतदान संबंधित स्लोगन, एमएमसीएच के सभी पर्ची में जागरूकता संदेश लिखवाने समेत अन्य सभी सरकारी दैनिक चिट्ठी पर भी मतदान संबंधित स्लोगन लिखवाने पर बल दिया गया।

**पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शत-प्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया गया**

#### मतदान के दिन पिंक सिटी बस सेवा का होगा निःशुल्क संचालन

नगर आयुक्त ने कहा कि पलामू में जिस दिन भी मतदान होगा उस दिन निगम क्षेत्र में मतदाताओं को बूथ तक फ्री में पिक एंड ड्राप किया जायेगा। उन्होंने अन्य नगर परिषद व नगर पंचायत के पदाधिकारी को इसी तरह की योजना पर काम करने पर बल दिया। उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी व जेएसएलपीएस की दीदियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने स्तर से मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये। कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहूंचाने व लाने में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी लाभ लिया जायेगा।उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर व पोस्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ,श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार,समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान उपस्थित रहीं।

### जनकपुरी मंदिर प्रांगण में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

## प्रभु श्रीराम की कथा सकल लोक हितकारी : स्वामी धीरेंद्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ के सायंकालीन सत्र में चित्रकूट धाम से पधारे श्रीश्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा सकल लोक हितकारी है। जो लोग श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान राम की कथा का रसपान करते हैं,उनके सारे पाप एवं संताप मिट जाते हैं। जिसके हृदय में अनुराग पलता है,वही भगवान की कथा श्रवण करता है। बगैर अनुराग के भगवान की भक्ति और दर्शन प्राप्त नहीं होता। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के प्रसंग सीता स्वयंवर की मार्मिक व्याख्या की। मानस मोहिनी संध्या देवी ने प्रभु श्रीराम की पावन कथा के माध्यम से समाज को कई संदेश दिये। उन्होंने प्रभु श्रीराम के नाम की महिमा का बखान किया। कहा कि प्रभु नाम का रसपान करने से जीवन सार्थक होता है और जीव भवसागर पार कर जाता है। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी,सचिव प्रदीप तिवारी,उपाध्यक्ष अजीत तिवारी, लव तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी मौजूद थे।

### झालसा के दिशा-निर्देश में वर्ष के पहले लोक अदालत की तैयारी शुरू

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले का होगा निस्तारण

**इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है : अर्पित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा-निर्देशन में पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर आगामी नौ मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गयी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिये व्यापक तैयारी शुरू कर दी गयी है। विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इस दौरान विभिन्न मामलों के सुलहनीय मामले निस्तारित किये जायेंगे। विदित हो कि बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार मामलों का निस्तारण किया गया था।



**इस दौरान विभिन्न मामलों के सुलहनीय मामले निस्तारित किये जायेंगे। विदित हो कि बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार मामलों का निस्तारण किया गया था**

### शिविर लगाकर अधिवक्ताओं का खोला जा रहा खाता



**मेदिनीनगर।** रेकरिंग व होली वेलफेयर की राशि के सहज स्थानांतरण के उद्देश्य से अधिवक्ता संघ के पुराने लाइब्रेरी भवन में ग्रामीण बैंक द्वारा शिविर लगाकर अधिवक्ताओं का बैंक खाता खोलवाया जा रहा है। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने अधिवक्ताओं का आह्वान किया है कि वे तत्काल आवश्यक प्रपत्र व फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपना खाता खुलवा लें। जिससे राशि स्थानांतरण में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि राशि स्थानांतरण की सुविधा को देखते हुये दूसरे बैंकों के खाताधारक अधिवक्ता भी ग्रामीण बैंक में खाता खुलवा लें तो बेहतर होगा। क्योंकि इससे राशि ट्रांसफर करना सहज हो जायेगा। इससे संघ को लाखों रुपये की टीडीएस कटौती से भी राहत मिलेगी। खाता खुलवाने के लिये शिविर में अधिवक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है।

**रेकरिंग व होली वेलफेयर की राशि की जायेगी स्थानांतरित**

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रबदा में ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खुरा खुर्द निवासी आदित्य साव का पुत्र अमरनाथ साव बुधवार की सुबह 8.30 बजे बाइक से मेदिनीनगर परीक्षा देने जा रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

## हॉस्पिटल में डायग्नोस्टिक सेंटर खुलने से राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब स्थित गोदावरी हॉस्पिटल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से लूपिन डायग्नोस्टिक सेंटर का भव्य उदघाटन किया गया। सेंटर का उदघाटन डॉ. अजय कुमार, डॉक्टर मकबूल अंसारी, अस्पताल संचालक देवेंद्र कुमार अग्रवाल, न्यूरो सर्जन डॉक्टर रवीश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। श्री



अग्रवाल ने बताया कि सेंटर में मरीजों के लिए टीवी पीसीआर, एलएफटी, थायराइड, शुगर, यूरिन, हार्ट, किडनी, सोडियम, पोटैशियम सहित अन्य जांच की जायेगी। इसके अलावा आवश्यकतानुसार घर-घर जाकर भी सैंपल लेकर रिपोर्ट भी पहुंचाया जाएगा।

### मौसम का बदला मिजाज, गर्मी की आहट

**मेदिनीनगर।** एक सप्ताह से जिले में मौसम के बदले मिजाज को देख नागरिकों को गर्मी की आहट सुनाई देने लगी है।

### धूमधाम से मना शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट का 40वां जन्मदिन , दी गयी श्रद्धांजलि

## देश के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं शहीद मनु अखौरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सुभाष चौक स्थित शहीद मनु अखौरी रोड (कर्नल संजय अखौरी के आवास पर) शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का 40वां जन्मदिन जन्मदिन भावपूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की दादी दया चरण, चाचा-चायी रतन अखौरी व मधु अखौरी एवं पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद मनु अखौरी अमर रहे, भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम के नारो से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। ज्ञात हो कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी अल्पायु में ही मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गये हैं। वायुसेना में फाइटर पायलट के रूप में कार्यरत मनु ने पंजाब प्रांत के मुक्तेसर जिले के भलाईयाना गांव में मिग-21 फाइटर प्लेन के युद्धाभ्यास के दौरान 1500 स्कूली बच्चों की जान बचाने में वीरगति को प्राप्त हुए थे। मौके पर अविनाश वर्मा, व्यवसायी सुरेश जैन, सरस जैन, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी रामनाथ चंद्रवंशी, शक्ति अखौरी, अजय श्रीवास्तव, सुबेदार मेजर संजय कुमार शर्मा व सुनील कुमार सिंह, पूर्व सैनिक दिनेश कुमार गुप्ता, दया शंकर शर्मा, घनश्याम तिवारी, संजू शुक्ला आदि मौजूद रहीं।



## पहल

### राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार की दो सदस्यीय टीम ने शुरू किया अंकेक्षण

# पीटीआर में पहली बार वन्य जीवों की सुरक्षा की ऑडिट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के एकमात्र व्याघ्र रिजर्व में पहली बार सुरक्षा के मापदंडों और वन्यजीवों के ऊपर के खतरों की आडिट की जा रही है। इसके लिये राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार की दो सदस्यीय टीम चार दिवसीय दौरे पर पीटीआर पहुंच चुकी है। टीम में ओड़िशा के अवकाश प्राप्त प्रधान मुख्य वन संरक्षण पदाधिकारी संदीप त्रिपाठी एवं कर्नाटक के अवकाश प्राप्त प्रधान मुख्य वन संरक्षण अधिकारी विजय कुमार शामिल हैं। पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि पहली बार राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार की टीम पीटीआर में सुरक्षा के मापडंडों और वन्यजीवों के ऊपर के खतरों का अंकेक्षण (ऑडिट) करेगी। 22 फरवरी को आडिट पूरा कर टीम नई दिल्ली वापस लौट जायेगी। इस दौरान टीम द्वारा पीटीआर में वन्य जीवों की सुरक्षा से संबंधित अपनाये जा रहे प्रावधानों का बारीकी से अध्ययन किया जायेगा।





**हर पहलू की बारीकी से होगा निरीक्षण**

कुमार आशीष ने बताया कि वन्य जीवों को तरह-तरह के खतरे हैं। पलामू टाइगर रिजर्व से जहां राजमार्ग-नौ गुजरती है वहीं रेलवे लाईन भी गुजरती है। 11 किलोमीटर लंबी बिछने वाली तीसरी रेलवे लाइन तो एक बड़ा मुद्दा है। सुरक्षा प्रावधानों की चर्चा करते हुये उन्होंने बताया कि 90 से ज्यादा वॉच टावर सह पेट्रोलिंग कैंप के माध्यम से ट्रैकर और वनरक्षक निरंतर निगरानी करते हैं।

### देश में इसी वर्ष से हो रहा अंकेक्षण

बाघों की मौजूदगी वाले भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, थाईलैंड , वियतनाम और रूस आदि देशों में हर साल वन्य जीवों के सुरक्षा से संबंधित अंकेक्षण किया जाता है। भारत में इस वर्ष से पहली बार सुरक्षा अडिट शुरू की गयी है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### संगीतमय श्रीराम कथा से वातावरण भक्तिमय

कांडी। प्रखंड के ग्राम राणाडीह में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव के चौंतीसवें अधिवेशन के छठें दिन अयोध्या धाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति ने सीताराम विवाह का संगीतमय कथा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान ने शिव धनुष तोड़ कर सभी भक्तों का कल्याण कर दिया। इस दौरान आर्गन पर अभिषेक कुमार, तबला पर जय पाण्डेय,पैड पर यश कुमार व झांकी तैयार करवाने में रामजी ज्योतिषी ने योगदान किया। विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी देखकर भक्त निहाल हो उठे। सुबह से ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने करने के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। 24 फरवरी को महायज्ञ का समापन किया जायेगा। आयोजन में मार्गदर्शक ब्रजमोहन मिश्रा, श्याम बिहारी दुबे,श्याम सुन्दर शर्मा, शिवदेव चौबे,यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र चौबे, सचिव विजय पाण्डेय, प्रदीप दुबे,संजय चौबे,चंद्रमणी चौबे जुटे रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

केतार। थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी देवकी बैठा (55) की मौत बुधवार की सुबह शक्तिपुंज एक्सप्रेस की चपेट में आने से हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक रेणुकूट स्थित हिंडाल्को कम्पनी में काम करते थे। बुधवार की सुबह नौ बजे अपने दोस्त से मिल कर रूम पर लौट रहे थे। इसी क्रम में शक्तिपुंज एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात्रि पैतृक गांव लाया गया। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है।

### असमय युवक की मृत्यु से परिजन शोकाकुल

**रमना।** हर पिता की इच्छा होती है कि मृत्यु के बाद उसका पुत्र उसे मुखाग्नि दे, लेकिन जब पिता को ही पुत्र को मुखाग्नि देना पड़े तो कितना हृदयविदारक होता है। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसी ही घटना कर्णपुरा पंचायत अन्तर्गत भागी टोला में घटी। जिससे परिवार सहित पूरा ग्राम में शोक की लहर दौड़ गयी।
हृदयरोग से पीड़ित भागी टोला निवासी बबन चौकीदार के 36 वर्षीय पुत्र संजय की बुधवार की सुबह गढ़वा इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों के करुण क्रंदन से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक घर का सबसे बड़ा था। वह बाहर रहकर काम करता था। मुखिया अजीत कुमार पाण्डेय, पूर्व मुखिया पवन कुमार गुप्ता आदि ने मौके पर पहुंच मृतक के शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

### मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना की शिविर का आयोजन



**रमना।** स्थानीय सिलीदाग पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना शिविर का आयोजन किया गया। मुखिया अनिता देवी ने शिविर में आये ग्रामीणों को बताया कि यह शिविर गुरुवार को भी आयोजित किया जाएगा। वर्तमान सरकार द्वारा वृद्धा पेंशन की उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गयी है। इस योजना का लाभ सभी वर्ग की महिलायें ले सकती हैं। अहर्ता पूरा करने वाली महिलायें शिविर में आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकती हैं। योग्य आवेदक को फॉर्म के साथ आधार कार्ड,पासबुक एवं पहचान पत्र की फोटो कॉपी और एक फोटो साथ लगाना है। हरिजन एवं आदिवासी पुरुष जिनका उम्र 50 वर्ष पूरा हो चुका है। उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए उन्हें अलग से जाति प्रमाण पत्र भी संलग्न करना है। शिविर में 141 फॉर्म भरे गए। इस अवसर पर पंचायत सचिव राजवेंद्र सिंह, रोजगार सेवक आलोक तिवारी,स्वयं सेवक प्रदीप कुमार मेहता, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, प्रभा देवी, दिलवा देवी, पूनम देवी, दीपक पासी मौजूद थे।

# जिपस रंजनी ने डीडीसी को भेंट की बाबा बंशीधर की तस्वीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने जिले के नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त पीएन मिश्रा से औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने बाबा डीडीसी को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। गढ़वा में पदस्थापित होने पर बधाई देते हुए श्रीमती शर्मा ने कहा कि श्री मिश्रा काफी सुलझे हुए एवं अनुभवी पदाधिकारी हैं। इससे जिले के विकास को निश्चित ही गति मिलेगी। उन्होंने डीडीसी को विश्व प्रसिद्ध बाबा बंशीधर, केतार मां चतुर्भजी मंदिर एव मुकुंदपुर सूर्य नारायण मंदिर दर्शन करने के लिये आमंत्रित भी किया। मौके पर समाजसेवी सर्वेश कुमार ठाकुर भी उपस्थित थे।



### डीईओ के निर्देश पर एपीओ ने किया निरीक्षण, लिया जायजा

# आवासीय विद्यालय में पठन-पाठन शुरू होने के आसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खबर का असर**

**केतार।** दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में 10 फरवरी को डीसी साहब, बालिका आवासीय विद्यालय में कब से शुरू होगी पढाई शीर्षक से प्रकाशित खबर पर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी (एपीओ) राकेश कुमार पांडेय ने केतार के राजघाट स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन विभाग को हैंड ओवर हो गया है। सामग्री टेंडर को लेकर पेंच फंसा हुआ है। विद्यालय में बेंच- डेस्क सहित अन्य फर्नीचर सामग्री का टेंडर राज्य स्तर से हुआ है। जैसे ही सामग्री विद्यालय में आयेगा। विद्यालय में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जायेगा। इसके लिए विभाग प्रयासरत है।




# बीडीओ से मांगा अबुआ आवास

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के पंडरिया पंचायत के सरईया गांव की कंचन कुंवर ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अबुआ आवास की मांग की है। दिए आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि वे एक विधवा असहाय महिला हैं। उन्हें पूर्व में भी किसी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उनका कच्चा मकान है। जिसमें बच्चों के साथ जीवनयापन करने में कठिनाई हो रही है। उनका पहले की सूची में नाम था। रोजगार सेवक द्वारा जिओ टैग कर कागजात लिया गया था। बावजूद सूची से उनका नाम हट गया। ऐसे में उन्हें जल्द से जल्द आवास दिया जाना जरूरी है।

### ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में दस दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# बंगाल नस्ल की बकरी का पालन उपयुक्त

**अब नौकरी के लिए नहीं भटकेंगे युवा, स्वरोजगार का लेंगे सहारा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** चिरौंजिया स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन बुधवार को किया गया। इस मौके पर सभी प्रशिक्षुओं को आरसेटी के निदेशक इंदु भूषण लाल ने प्रमाण पत्र दिया। अपने संबोधन में निदेशक श्री लाल ने कहा कि आप सभी को बकरी पालन वैज्ञानिक तरीके से करने की जरूरत है। पहले के बकरी पालन और वर्तमान के बकरी पालन में काफी अंतर आया है। उन्होंने बताया कि गढ़वा में बंगाल नस्ल की बकरी पालन करना व्यावसायिक तौर पर उपयुक्त है। बकरी पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को पशुपालक मजबूत कर सकते हैं। गढ़वा में बकरी का बाजार बेहतर है। ऐसे में किसी को ग्राहक के लिये सोचने की जरूरत नहीं है। संस्थान की और से जिले के बेरोजगार युवक व युवतियों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिले के हजारों बेरोजगार युवक व युवतियों को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि जो रोजगार करना चाहते है और पैसा नहीं है तो वे बैंक से ऋण ले सकते हैं। इस मौके पर पंकज कुमार वर्मा, मिथिलेश कुमार साह, मो. रुस्तम अली,अभिषेक तिवारी, सुरेन्द्र रवि,प्रेमनाथ कुशवाहा, प्रद्युम्न उपस्थित थे।

**आप सभी को बकरी पालन वैज्ञानिक तरीके से करने की जरूरत है। पहले के बकरी पालन और वर्तमान के बकरी पालन में काफी अंतर आया है : निदेशक श्री लाल**

## तीन पंचायतों में आये पेंशन के 518 आवेदन



**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी के निर्देश पर बुधवार को मुकुन्दपुर, परसोडीह और पाचाडुमर पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए शिविर लगाया गया है। इस अवसर पर मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया मुंगा साह और पाचाडुमर पंचायत सचिवालय में मुखिया श्याम सुंदर बैठा ने ग्रामीणों को योजना से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग की सभी वर्ग की महिला पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर सकती है। जबकि एससी-एसटी वर्ग के पुरुष भी योजना के लिये आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान मुकुन्दपुर पंचायत में 122, परसोडीह में 181 और लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में 215 आवेदन प्राप्त हुये। मुखिया ने बताया की जांचोपरांत योग्य लाभुकों को पेंशन मिलेगा। इस मौके पर रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार, पंकज सिंह, जेई आनंद कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, सुरजन गुप्ता, विवेक गुप्ता, देवेन्द्र सिंह मौजूद थे।

# अबुआ आवास में ठगी मामले में आवास कोऑर्डिनेटर बर्खास्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी मामले में आरोपी आवास कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार को बर्खास्त कर दिया गया। उपायुक्त शेखर जमुवार के द्वारा बीडीओ जागो महतो के जांच-प्रतिवेदन के आलोक में उक्त कार्रवाई की गई है। वहीं उनके स्थान पर प्रिया कुमारी को प्रखंड का नया आवास कोआर्डिनेटर बनाया गया है। उपायुक्त ने पत्र जारी कर प्रिया कुमारी को अविलंब प्रखंड में योगदान करने का निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने को लेकर हुई ठगी मामले में पीड़िता के द्वारा दो लोगों पर आरोप लगाया गया था। उनमें आवास कोऑर्डिनेटर के साथ-साथ एक जनप्रतिनिधि के पति का भी नाम शामिल था।

**प्रिया कुमारी बनी प्रखंड की नई आवास कोऑर्डिनेटर, अविलंब योगदान के निर्देश**

### मारपीट में युवक घायल, की शिकायत

गढ़वा। थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी महावीर राम का पुत्र कृष्ण कुमार मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में कृष्ण कुमार ने बताया कि वह अपने खेत में पाइप से सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान विकास कुमार अपने दोस्तों के साथ बाइक से बार-बार पाइप से होकर आ-जा रहा था। मना करने पर उसने अपने दोस्तों के साथ उस पर हमला बोल दिया। उसने गढ़वा थाने में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बीआरसी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, मिली सराहना

# माडलों से छात्र-छात्राओं ने दर्शायी सृजनशीलता

**नवीन मेल संवाददाता**



**छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है**

**भवनाथपुर।** बीआरसी भवनाथपुर में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडलों के द्वारा अपनी सृजनशीलता दर्शायी। प्रदर्शनी का उद्घाटन बीपीओ रविन्द्र मेहता व शिक्षक उमेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीपीओ ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है। छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। प्रदर्शनी में प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, हाइड्रो पावर,हमारा हृदय सहित विज्ञान से जुड़ी कई रोचक माडल प्रस्तुत किये गये। चयन समिति द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा को प्रथम,मध्य विद्यालय कैलन को द्वितीय जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर को तृतीय स्थाम के लिये चयनित करते हुए पुरस्कृत किया गया।

### भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, गिनायी जरुरत

# सेल को चालू कराने की उठाई आवाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर ।** सेवानिवृत्त सेल कर्मी सह भाजपा नेता गुप्तेश्वर प्रसाद ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर भवनाथपुर सेल को चालू कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि झारखण्ड राज्य के पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिला मुख्यालय से 60 किमी दूरी पर अवस्थित भवनाथपुर में बीते 40 वर्ष पूर्व भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) के बोकारो स्टील प्लांट द्वारा एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट स्थापित किया गया था। वर्ष 1991 से ही यह बंद पड़े होने के कारण जहां हजारों लोगों का रोजगार छिन गया है। वहीं क्षेत्र का विकास भी अवरूद्ध हो गया है। जबकि भूतत्व विभाग के अनुसार भवनाथपुर में एक सौ वर्षों तक उत्खनन योग्य चूना पत्थर व डोलोमाइट का पर्याप्त भंडार है। सेल प्रबंधन द्वारा यहां लगभग पांच एकड भूमि अधिग्रहण के साथ ही यहां कर्मियों के लिये 1200 आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, डैम, रेल लाईन, बैंक व पोस्ट ऑफिस सहित सभी मुलभुत औद्योगिक संरचना मौजूद है, जो वर्षों से बेकार पड़ी है। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) के साथ सरकारी या निजी अन्य उद्योगों के साथ सेल के खाली पड़े अधिग्रहित भूमि पर मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के साथ इस परिसर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित कर सकती है। साथ ही अन्य उद्योग समूह स्थापित किये जाने से लाखो लोगो की रोजी रोटी की संकट को दूर किया जा सकता है।

# बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्रीबंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगा कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। बीडीओ ने बिरसा हरित योजना अंतर्गत कूप निर्माण कार्य को अविलंब प्रारम्भ कराने तथा खेल योजना के अंतर्गत चार खेल का मैदान चिन्हित करते हुये 15 दिनों के अंदर उसका प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि खेल के मैदान के साथ चेंजिंग रूम और गोल पोस्ट भी शामिल होगा। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार,प्रधान सहायक अनिल सिंह,सहायक अभियंता उज्जवल कुमार,कनीय अभियंता रणधीर कुमार, अशोक कुमार,जितेंद्र कुमार सहित सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### युवक का शव कुएं से बरामद, क्षेत्र में सनसनी

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के डोल गांव से बुधवार की देर शाम पुलिस ने 45 वर्षीय युवक का शव उसके घर के ही पास स्थित कुएं से बरामद किया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। मृतक की पहचान डोल गांव निवासी विफन कोरवा पिता रामवृक्ष कोरवा के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक की बड़ी बेटी गुडई देवी ने बताया कि आज के लगभग 15 दिन पूर्व पिताजी घर से खैनी लेने की बात कहकर निकले थे। उसके बाद से वे नहीं लौटे। इस दौरान घरवालों ने उनकी काफी खोजबीन की। बुधवार को कुएं के पास से गुजर रहे लोग बदबू आने के बाद जब कुएं के पास गये तो कुएं में शव देख सभी सन्न रह गये। सूचना पर थाना प्रभारी नवीन कुमार राणा, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सुखराव उरांव दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया। प्रभारी थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। इसके बाद भी पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह, फूलचंद विश्वकर्मा, उपेंद्र प्रसाद, रामा भुइयां सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया उपवास, जताया रोष




**श्रीबंशीधर नगर।** ईडी के द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किये जाने के विरोध में विधानसभा क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ताओं ने भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के समीप एक दिवसीय उपवास रख धरना दिया। धरना से पूर्व झामुमो नेताओं ने डा. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नहीं झुकेगा झारखंड, हेमंत सोरेन को रिहा करो, जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा, केंद्र सरकार हाय हाय, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो के नारे लिखे तख्ती लिए हुये थे। उपवास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत केंद्र के इशारे पर ईडी ने हेमंत को गलत तरीके से गिरफ्तार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किये गये साजिश का खुलासा जल्द होगा। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि जिस जमीन को लेकर हेमंत सोरेन को ईडी की टीम ने जेल भेजने का काम किया है, उक्त जमीन का किसी प्रकार का कागजात ईडी नहीं दिखा पाया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय,श्रवण सिंह,केंद्रीय कमेटी सदस्य सूर्यदेव मेहता, किरण देवी,ऊषा देवी, निर्मल पासवान,एनुल अंसारी,कामता प्रसाद, मुकेश सिन्हा उपस्थित थे।

### सुको ने कायम की मिसाल

**श्रीबंशीधर नगर।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले को आप नेता मंटू पांडेय ने ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में भाजपा द्वारा लोकतंत्र पर लगातार हमला किया जा रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार किया जा रहा है। ऐसे समय मे यह फैसला निश्चित ही भाजपा के लिये करारा सबक है।

### वार्ड सदस्यों ने अव्यवस्था का लगाया आरोप, पहले दिन नहीं हो सका प्रशिक्षण

# जल जीवन मिशन प्रशिक्षण का किया बहिष्कार, जतायी नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** पंचायत भवन में आयोजित भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी दो दिवसीय जल जीवन मिशन प्रशिक्षण में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुये वार्ड सदस्यों ने बहिष्कार किया है। जिसके कारण पहले दिन का प्रशिक्षण नहीं हो सका। विदित हो कि केंद्र सरकार के द्वारा हर पंचायत में ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तीव्र गति से ग्राम स्तर पर जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनायें दीर्घ अवधि तक ग्रामीणों के लिये उपयोगी हों, इसके लिए सभी ग्रामों में पानी समिति का गठन किया जाना है। ग्राम स्तर पर गठित पानी समिति के सदस्यों को इन योजनाओं के उचित रख-रखाव एवं इसके सफल परिचालन से संबंधित प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्द्धन हेतु पंचायत स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। स्थानीय पंचायत भवन में बुधवार को सिंदुरिया पंचायत,अरसली उत्तरी,दक्षिणी और भवनाथपुर में कुल 45 सदस्यों को प्रशिक्षण लेना था, किंतु भारी अव्यवस्था का आरोप लगाते हुये सदस्यों ने प्रशिक्षण लेने से इंकार कर दिया।

**छापेमारी**

### रेंजर के निर्देश पर छापेमारी करने गया दल बैरंग लौटा वापस

# वनकर्मियों के हाथ नहीं लगी एक भी लकड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को डंडई गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। रेंजर गोपाल चंद्र के निर्देश पर डंडई गांव पहुंचे वन कर्मियों के द्वारा सबसे पहले विजय साहू के घर में संचालित पैराडाइज पब्लिक स्कूल में छापेमारी की गयी। उसके बाद अनिल प्रसाद उर्फ निजु और भोलाराम के घर में भी वनकर्मियों ने दबिश दी। इस दौरान कहीं से भी किसी भी तरह की लकड़ी बरामद नहीं हुई। जबकि भोलाराम के घर में बना बनाया दरवाजा का चार चौखट पाया गया। ताला बंद दरवाजे के एक पल्ले को तोड़कर वन कर्मियों के द्वारा घर के अंदर रखे गये सभी चौखटों को देखा गया। इस बीच काफी देर इंतजार करने के बाद भी भोला राम नहीं पहुंचा। उसके बाद वनकर्मी सभी चौखटों को जब्त कर यथा स्थिति घर में ही छोड़कर गढ़वा लौट गए। भारी संख्या में वनकर्मियों को देख वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। इस दौरान फर्नीचर व्यवसायी परेशान नजर आये। वन कर्मियों को देख वे सभी अपनी-अपनी सामग्रियों को छोड़ इधर-उधर भाग खड़े हुए। दक्षिणी वन प्रमंडल के वनरक्षी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि तीन घरों में छापेमारी की गयी है।



**ताला बंद दरवाजे के एक पल्ले को तोड़कर वन कर्मियों के द्वारा घर के अंदर रखे गये सभी चौखटों को देखा गया। इस बीच काफी देर इंतजार करने के बाद भी भोला राम नहीं पहुंचा।**

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई** रेंजर गोपाल चंद्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डंडई गांव के कुछ घरों में छापेमारी की गयी है। रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

## एक नजर

### आरओबी निर्माण की मांग को लेकर माकपा 28 को करेगी प्रदर्शन

**चंदवा।** माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह व पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड पर स्थित टोरी जंक्शन के एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर आरओबी निर्माण की मांग को लेकर 28 फरवरी को क्रॉसिंग के समीप प्रदर्शन करेगी।

### बड़ा हादसा टला

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हुआ यह कि टंडवा से कोयला लेकर एक कोल वाहन लगभग 12:30 बजे पूर्वाह्न काफी तेज गति से चौक से गुजर रहा था। इसी क्रम में चालक की लापरवाही के कारण कोल वाहन अनियंत्रित होकर एक सवारी से भरे टेंपो में टकराते टकराते बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस वक्त कोल वाहन गुजर रहा था उस वक्त मुख्य चौक पर लोगों की काफी भीड़ थी। प्रखंड के ग्रामीण दिन में कोल वाहन के आवागमन पर रोक लगाने की लगातार मांग करते आ रहे हैं। मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।

# विनोद राठौर के संगीत पर दर्शकों ने लगाये ठुमके

## इटखोरी महोसत्व 2024 के दूसरे दिन जाने-माने कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों से बांधा समां

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**
तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार की देर शाम देश के जाने माने कलाकार और स्थानीय कलाकार द्वार नृत्य, गजल, सूफी, संगीत, समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। शुसिल महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप छउ नृत्य, शालिनी दुबे एवं ग्रुप गायन, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह संस्कृतिक कार्यक्रम, किस्सू राहुल एवं ग्रुप ग्रुप डांस, रोहित आर के एंड ग्रुप झालिवुड सांग व डांस, बिनोद राठौर एवं ग्रुप बॉलीवुड संगीत प्रस्तुत किया। सुशील महतो एवं लखीराम ग्रुप द्वारा छऊ नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। वहीं



साक्षी प्रिया दुबे ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। दोनो की प्रस्तुति देख दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। कलाकारों ने छऊ वेशभूषा धारण कर गजब की नृत्य प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद चतरा स्वीप के ब्रांड एंबेसडर एवं सुर संग्राम की फाइनललिस्ट रही स्थानीय कलाकार शालिनी दुबे एवं श्रेया दुबे ने एक से बढ़कर एक जुगलबंदी गीत और संगीत की प्रस्तुति दी। इनके गीत और संगीत पर दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। वहीं शालिनी ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि मैं चतरा से स्वीप का ब्रांड एंबेसडर रही हूं। इसलिए 18 साल से ऊपर सभी लोग इस बार के चुनाव में मतदान करें। किस्सू राहुल एंड ग्रुप के द्वारा वीर जवानों के लिए समर्पित एक प्रस्तुति पेश की गई। अंत में बॉलीवुड गायक विनोद राठौर ने मैं नायक नहीं खलनायक हूं मैं, मुन्ना भाई एमबीबीएस समेत कई अन्य गाने गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र सुनील कुमार सिंह, विधायक सिमरिया विधानसभा किशुन दास, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा सभी कलाकारों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया।

### जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं मिला : ममता

**इटखोरी।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने जिला प्रशासन पर इटखोरी महोत्सव में जन प्रतिनिधियों को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया है। कहा कि इटखोरी महोत्सव का आयोजन कई वर्षों से होते आ रहा है। यह हमारे जिले के लिए गौरव की बात है, परंतु जिला प्रशासन के रवैये से हम जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। इटखोरी महोत्सव हमारे जिले का महोत्सव है और हम सारे प्रतिनिधि इसके हकदार हैं।

# अबुआ झारखंड, अबुआ राज यात्रा की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
चतरा संसदीय क्षेत्र के लिए लातेहार में बुधवार को लोकतंत्र बचाओ (अबुआ झारखंड, अबुआ राज) यात्रा शुरू की गई। यह यात्रा 21-23 फरवरी तक लातेहार के सभी प्रखंडों के विभिन्न गांवों में जायेगी। पहले दिन यात्रा महुआडांड़ से शुरू होकर गारू, सरजू और बरवाडीह के मायापुर, अरमू, कोटाम, मनातू समेत विभिन्न गांवों में गई। इस दौरान जन सभाओं का आयोजन हुआ, पर्चे बांटे गए और पोस्टर चिपकाए गए। सभाओं में वक्ताओं ने कहा कि पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर और महिलाओं के अधिकारों




का घनघोर हनन किया है और जीवन की स्थिति को बदतर बना दिया है। दूसरी ओर मोदी सरकार का भ्रष्टाचार सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को गैर-संवैधानिक करार देकर उजागर कर दिया है। यात्रा में अजीत पाल कुजूर, अनिल मनोहर, बिमल कुजूर, इफ्तेखार अहमद, जॉर्ज मोनीपल्ली, जेरोम जेराल्ड कुजूर, जितेंद्र सिंह, हरी कुमार भगत, इनियुस मिंज, मंथन, मोरिस टोप्पो, नारायण भगत आदि शामिल रहे।

## गंगा स्मारक उच्च विद्यालय को मिला सीबीएसई का दर्जा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय को सीबीएसई का दर्जा मिला गया है। इसकी सूचना से प्रखंड के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से इस विद्यालय में सीबीएसई पैटर्न पर



आधारित पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चे पढ़ेंगे, जबकि कक्षा 6 से 10 में 40-40 व 11 वीं व 12 वीं में 120-120 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा। वहीं प्रखंड मुख्यालय के राजकीयकृत मध्य विद्यालय को प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा दिए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है। फिलहाल प्लस टू गंगा स्मारक विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक के 1287 विद्यार्थी अध्यनरत हैं।

### अविराम नर्सिंग कॉलेज में मना फेयरवेल डे

**चंदवा।** अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग हूटाप में एएनएम 21-23 फेयरवेल डे मनाया गया। इसमें बतौर सचिव इंद्रजीत भारती मौजूद थे। छात्राओं को फेयरवेल गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

### नए उप विकास आयुक्त ने संभाला पदभार

**चतरा।** जिले के 24वें उप विकास आयुक्त के रूप में बुधवार को निवर्तमान अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से उप विकास आयुक्त कार्यालय चतरा में पदभार ग्रहण किया। नए उप विकास आयुक्त ने कहा कि विकास योजनाओं से शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। चतरा को विकास के रास्ते पर ले जाने का प्रयास रहेगा।

### गिद्धौर के नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान

**गिद्धौर।** 14वें थाना प्रभारी के रूप में अमीत कुमार गुप्ता ने बुधवार को योगदान दिया। गुप्ता ने प्रभार निवर्तमान थाना प्रभारी गुलाम सरवर से प्रभार लिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी, जबकि क्षेत्र में अफीम, चरस व ब्राउन शुगर की तस्करी पर शिकंजा कसा जाएगा।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने निकाला न्याय मार्च

**गिद्धौर।** झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रखंड की द्वारी पंचायत में न्याय मार्च निकालकर केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इसमें प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, मुखलाल भोगता, मंटू गुप्ता, अजय दास, भोला दास, रामनाथ रजक, मुन्नी देवी, कुंती देवी, सीता देवी, राधा देवी, मालती देवी, जागेश्वर दास, असलम अंसारी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश दांगी आदि शामिल थे।

### झामुमो ने जमीरा में निकाली न्याय पद यात्रा

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को प्रखंड की जमीरा पंचायत में जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा व प्रखंड सचिव मो. इजहार के नेतृत्व में न्याय पदयात्रा निकाली। मौके पर युवा मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति के अलावे छोटू कुमार, रतनू गंझू, बीरू यादव, धीरज प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, गोपाल प्रजापति, मनीलाल यादव, बुधु उरांव, अनिल मुंडा, सुरेंद्र यादव, भागीरथी देवी, पार्वती देवी, शांति देवी आदि मौजूद थे।

### हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में निकला मार्च

**बारियातु।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी व केंद्र सरकार की षड़यंत्रपूर्ण कार्यशैली के विरोध में बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु के नेतृत्व में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को न्याय मार्च निकाला। यात्रा में प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, सचिव अनिल तुरी, संगठन सचिव मंगर गंझु, युवा अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, युवा उपाध्यक्ष अनिल यादव, रवि यादव, मोहन गंझु, राजेश गंझु, युवा सदस्य राजदेव उरांव, मनोज यादव, वसंत नायक, डेटन गंझु, सोमा गंझु, रामजित गंझु, करिवा गंझु, मनोज गंझु, प्रमोद यादव, ननकु गंझु, रंजन उरांव, सनि, मो शमीम, विनेसर गंझु, अजय गंझु, कौलेश्वर गंझु, राहुल यादव, मन्नु कुमारी, संजय गंझु, बालचन्द्र गंझु, अमित गंझु, पिन्टू गंझु, सुरेश गंझु आदि शामिल थे।

### भुइयां समाज कल्याण समिति की हुई बैठक

**बारियातु।** प्रखंड के नचना ग्राम स्थित पानी टंकी के समीप बुधवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुईयां ने की, जबकि इसका संचालन विजय भुइयां ने किया। प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार भुईयां, उपाध्यक्ष राजदेव भुईयां व अजय कुमार भुईयां, सचिव जुगेश्वर भुईयां, महासचिव अमित भुईयां, कोषाध्यक्ष मुकेश भुईयां, मिडिया प्रभारी पिंटु भुईयां, कल्याणकारी सदस्य युगल भुईयां, गुड्डू भुईयां, गणेश भुईयां, रामजतन भुईयां, बिनोद भुईयां, संतोष भुईयां, पप्पू भुईयां, युगल भुईयां, आजाद भुईयां, तिलक भुईयां, पुनम देवी, सीता देवी को बनाया गया। मौके पर विकास भुईयां, उपेन्द्र भुईयां, भदवा भुईयां आदि उपस्थित थे।

### पंचायत स्तरीय प्रजापति कमेटी का गठन

**बारियातु।** प्रखंड की ढाढ़ा पंचायत के ग्राम बचरा में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक डॉक्टर संतोष प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंचायत स्तरीय प्रजापति कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष जतन प्रजापति, सचिव महेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष अभिनव प्रजापति को बनाया गया। महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष इंदु देवी, सचिव तारा देवी, उपाध्यक्ष गुलबी देवी, उप सचिव अनीता देवी को चुना गया। पर्यवेक्षक के रूप में आनंद प्रजापति, सोनू प्रजापति, बनेश्वर प्रजापति, भीम प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, गोविंद प्रजापति, अवध प्रजापति, डॉक्टर नित्यानंद प्रजापति, डॉ रणधीर प्रजापति को चयनित किया गया। मौके पर उगेश्वर प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति सुरेश, धनेश्वर, बसंत, मंगरु, रीना देवी, बंधु प्रजापति, बसंती देवी, चिंता देवी, बबिता देवी, शांति देवी, रीता देवी आदि उपस्थित थे।

### पशुपालकों ने उठाया पशु मेला प्रदर्शनी का लाभ

**लातेहार।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गव्य प्रक्षेत्र द्वारा लातेहार पशुपालन विभाग के कार्यालय परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा किया गया। जिला पशुपालन विभाग में पदस्थापित पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं की विभिन्न बीमारी व उपचार के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो आदि उपस्थित थे।

### कृषि यांत्रिक योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि यांत्रिक योजना अंतर्गत प्रखंडों से प्राप्त सूची के अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 10 स्वयं सहायता समूह को मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र 80 प्रतिशत अनुदान पर देने के लिए अनुमोदन किया गया। वहीं 350 पंपिंग सेट के आवेदनों को अनुमोदित किया गया तथा 43 आवेदन प्रतिक्षा में रखे गए।


## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में पूर्व से निर्मित 1000 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0– 01 (बी) जिसका कुल क्षेत्रफल 5439 (पाँच हजार चार सौ उनचालीस) वर्गफीट है एवं उक्त गोदाम का किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रतिवर्गफीट की दर से कुल 27195.00 (सताईस हजार एक सौ पनचानबे) रू0 प्रतिमाह है, का आवंटन किया जाना है। पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृशि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त गोदाम का आवंटन पर विचार किया जा सकेगा। गोदाम जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में आवंटन किया जाएगा।

अत: इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृशि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 28.02.2024 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 319776 Agriculture (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 33/2023–24**
**(2nd Call)**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.02.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 28.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 28.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालूमाथ के ग्राम बालूमाथ में ट्रामा सेन्टर का निर्माण। | 24,90,840/- | 50,000 /- | 5000/ - | 03 (Three) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.319805 Building(23-24):D



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा
## राष्ट्रीय लोक अदालत

दिनांक– 09.03.2024 (शनिवार) **"आम सूचना"** स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा।

नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 09.03.2024 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) 09 जनवरी, 2024 से संबंधित न्यायालय में जारी है।

अत: सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

| | |
|---|---|
| 1. सुलहनीय आपराधिक मामले। | 2. श्रम संबंधी विवाद। |
| 3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)। | 4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद। |
| 5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद। | 6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद) |
| 7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद। | 8. अपील संबंधी मामले। |
| 9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले। | 10. वन अधिनियम संबंधी मामले। |
| 11. मद्य निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)। | 12. BSNL से संबंधित मामले। |
| 13. अन्य सुलहनीय मामले। | |

**श्री दीपक कुमार पाण्डेय**
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

**श्री शेखर जमुआर**
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

**श्री राजेश भारण सिंह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 319860 Law(23-24)#D



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

ज्ञापांक ......................./स0क0, दिनांक ................................

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ज्ञापांक 874/स0क0/पलामू, दिनांक 01.06.2023 के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम, 50 (पचास) बेड के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से दिनांक 24.06.2023 तक इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा के आलोक में उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में निविदा निस्तारण समिति की बैठक में किसी भी स्वयंसेवी संस्था द्वारा तकनीकी बीड की सभी अहर्त्ताएं पूर्ण नहीं की गई। जिसके कारण निविदा निस्तारण समिति के द्वारा उक्त निविदा को रद्द करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

पुन: पलामू जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम, 50 (पचास) बेड के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में किया जायेगा।

अत: इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, पलामू को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में दिनांक 27.02.24 को अपराह्न 3:00 बजे तक हाथों–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति **ब्लॉक–A** में उपायुक्त, पलामू के सभा कक्ष में दिनांक 28.02.24 को 3:30 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

**नोट :–** इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी, पलामू जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.Palamu.Nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
पलामू

PR 319779 Social Welfare,Women and Child Development (23-24)_D



## Government of Jharkhand
## Urban Development Department
## Latehar Nagar Panchayat , Latehar

**e- Procurement Notice (Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/13/2023-24**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Bid Security | Tender Fee | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 15वें वित आयोग मद | | | |
| 1 | UDD/LNP/13/2023-24 | Construction, Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Latehar Town (Jharkand) followed by Operation and Maintenance Including desludging operations for Five Year. | Construction Cost:- 27696655.00 Operation and Maintenance Cost:- 13522269.00 Total:- 41218924.00 | 412500 | 10000 | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of Trial and Run and 5 year of O&M post DLP. |
| 2 | Date of e-Publication of Tender | | 23.02.2024 at 10:00 AM | | | |
| 3 | Document downloading start Date | | 23.02.2024 at 10:00 AM | | | |
| 4 | Start date for seeking clarification | | 05.03.2024 at 12:30 PM | | | |
| 5 | End date for seeking clarification | | 06.03.2024 at 12:30 PM | | | |
| 6 | Pre bid meeting date, Time & Venue | | 12.03.2024 at 12:30 PM, Nagar Panchayat office | | | |
| 7 | Bid submission end Date | | 16.03.2024 upto 5:00 PM | | | |
| 8 | Bid opening date (Online) | | 18.03.2024 at 5:00 PM | | | |
| 9 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 10 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 11 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 12 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

**NOTE : Only e-Tenders will be accepted.**
**Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in**

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 319773 Urban Development(23-24).D



## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक – 13.03.2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम नीलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक 12.03.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/इंजन संख्या/चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। |
|---|---|---|---|
| 1 | पिकअप | CG15A - 0288 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र। |
| 2 | महिन्द्रा मैजिक वैन | JH11L - 0997 | चिनिया वन परिसर कार्यालय, चिनिया। |
| 3 | मोटरसाईकल | JH03AE - 8428 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पश्चिमी वन प्रक्षेत्र। |
| 4 | पिकअप | JH03AC - 5273 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र। |
| 5 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित | Engine No. - B-275751046. R5MRM (TD) | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, भण्डरिया वन प्रक्षेत्र। |
| 6 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित | Engine No. - 751046R6, Chassis No. - C05552888P1 | चिनिया थाना परिसर। |
| 7 | सोनालिका ट्रैक्टर ट्रॉली सहित | B41359 SL0406SA43145 | चिनिया थाना परिसर। |
| 8 | पिकअप | JH03D - 2656 | वन क्षेत्र कार्यालय कैम्पस, रंका पूर्वी वन प्रक्षेत्र। |

नोट :–
1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में या दूरभाष संख्या 9341791906 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें एवं वाहनों की सूची https://garhwa.nic.in/ एवं https://forest.jharkhand.gov.in/ के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 319878 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

## एक नजर

### सेन्हा में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी जोगना बालु घाट से अवैध बालू लाद कर जोगना सेन्हा पथ से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर सेन्हा चौक की ओर जा रहा था, जिसे गुप्त सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा अंचल में तैनात होम गार्ड के जवानों के सहयोग से सेन्हा आदिवासी मुहल्ला के समीप रोक कर चालक से बालू परिवहन के कागजात की मांग की। कागजात नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वहीं अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय करवाई हेतु पत्र लिखा गया है। किसी प्रकार से अवैध बालू परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

### हरिकीर्तन का समापन

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में देवी मंडप के समीप स्थित महाबीर मन्दिर में आयोजित 24 घंटे का अंखड हरिकीर्तन का मंगलवार को समापन हो गया। मौके पर पुरोहित राजेश पाठक, हरि साहु, रामजतन साहु, विजय साहु, पवन यादव, उमेश यादव, बृजमोहन साहु, शरद यादव, रणजीत यादव, आनंद साहु, बृजमोहन साहु, सतीश यादव, राजेश यादव, अनूप साहु, अजय भगत, अभिषेक साहु, सतीश यादव आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही सरकार : एसपी

## रोजगार सृजन मेला-2024 का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पलाश (जेएसएलपीएस) की ओर से नगर भवन में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2024 का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

मौके पर एसपी ने कहा कि झारखंड में राज्य सरकार ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में काम के साथ-साथ रोजगार की दिशा में भी बेहतर कार्य किया है। आज के कार्यक्रम में युवाओं की इतनी संख्या से पता चलता है कि जेएसएलपीएस की टीम ने इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु बेहतर कार्य किया है। युवाओं के कॅरियर को नई दिशा देने के लिए यह एक बेहतर कदम है। इस मेला में लड़कियों की संख्या अधिक होना बेहतर है। एक महिला को रोजगार मिलता है तो उससे पूरे परिवार को लाभ मिलता है। कहा कि अगर किसी को बाहर किसी राज्य में जाकर रोजगार करने में भय लगता है या वहां किसी प्रकार की परेशानी होती है तो जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है।

जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा ने कहा कि कौशल विकास के तहत परिवार के एक सदस्य को कुशल बनाकर रोजगार से जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है। बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि बच्चों को किसी प्रकार उसके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है तो टॉल फ्री नम्बर 112 और महिलाओं से संबंधित मामलों के लिए टॉल फ्री नम्बर 181 पर कॉल किया जा सकता है।क्रिएटिव इंजीनियर के एचआर एन मुखर्जी और आईएसएस कोलकाता के प्रबंधक अमिताभ दास ने भी युवाओं को रोजगार संबंधित विषयों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में 756 युवाओं ने पंजीकरण करवाया, जिसमें 250 युवाओं का चयन भी किया गया। 19 इम्प्लॉयर ने रोजगार मेले में हिस्सा लिया। इन सभी द्वारा चयनित युवाओं में से सांकेतिक रूप से 5 लोगों को पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के द्वारा जॉब ऑफर लेटर भी दिया गया। तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जेआरपी कैडर एवम् बीपीएम को भी सम्मानित किया गया।

# भंडरा के नए थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा थाना प्रभारी के रूप में अरबिंद कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। निर्वतमान थाना प्रभारी गौतम कुमार ने उन्हें पदभार सौंपा। गौतम कुमार 20 माह तक भंडरा थाना में प्रभारी के रूप में रहे। थाना से तबादला करते हुए उन्हें जमशेदपुर भेजा गया है। वहीं उनके स्थान पर अरविंद कुमार सिंह को भंडरा का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं अवर निरीक्षक पप्पू कुमार गुप्ता ने भंडरा थाना थाने में अवर निरीक्षक के पद में अपना योगदान दिया। बुधवार को भंडरा थाना प्रभारी के पद पर योगदान देने के बाद अरबिंद कुमार सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराध पर अंकुश के साथ विधि व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से भंडरा में अमन-चैन रहेगा। जनता से मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति थाना में अपनी समस्या को लेकर बेहिचक मिल सके। जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। जनता में पुलिस का मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। उन्होंने जनता से सहयोग करने की अपील की। कहा कि पुलिस सेवा क्षेत्र में 36 वर्षो से सेवा दी है। मौके पर अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा, पप्पू गुप्ता, लाल महतो, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, जुल्फान अंसारी, तैयब खान, शाहिद अंसारी मौजूद थे।



## चैनपुर थाने के नए प्रभारी के रूप में अजय यादव ने दिया योगदान



**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर थाने के नए प्रभारी के रूप में अजय यादव ने बुधवार को योगदान दिया। पूर्व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बुके देकर नए थाना प्रभारी का स्वागत किया। वहीं पत्रकारों ने भी शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जनता के सहयोग व तालमेल बनाकर काम किया जाएगा। क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण लगाना, अवैध शराब की खरीद बिक्री पर रोक व क्षेत्र में अमन चैन व शांति व्यवस्था बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जनता अपनी समस्या लेकर कभी भी मिल सकते हैं। अजय यादव इससे पूर्व पुलिस केंद्र गुमला में थे। एएसआई मदन शर्मा व अन्य पुलिस कर्मियों ने उनका स्वागत किया।

# मिठाई व पैसे का लालच देकर मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म

### गर्भवती होने पर मामले का हुआ खुलासा, पिता ने सदर थाने में आवेदन सौंप लगाई न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
सदर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में 19 वर्षीय मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म और गर्भधारण का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़िता के पिता ने गुमला थाने में लिखित आवेदन देकर दुष्कर्म के आरोपी 45 वर्षीय राज किशोर महतो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़िता के पिता ने कहा है कि उसकी बेटी मंदबुद्धि है। वह गर्भवती हो गई है। गर्भवती होने के संबंध में जानकारी मिलने पर उसकी बेटी ने गांव के ही बालगोविंद महतो के पुत्र राज किशोर महतो पर काफी दिनों से मिठाई और पैसा का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की बात कही है। पीड़िता के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। इस संबंध में गांव में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसके बाद थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग उठाई है।

# बहन की शादी में गए युवक की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रायडीह**
रायडीह थाना के गढ़सारू डैम के पास अपराधियों ने पत्थर से कुचकर और लाठी डंडे से पीटकर 30 वर्षीय युवक दीपक उरांव की हत्या कर दी। घटना की सूचना पर बुधवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थानेदार दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे मे लिया। जानकारी के अनुसार दीपक परसा अपनी फुफेरी बहन के शादी समारोह में शामिल होने गढ़सारू गांव (मंगलवार) गया था। शादी समारोह से रात्रि 11:30 बजे बाइक लेकर निकला था। अपराधियों ने गढ़सारू डैम के पास दीपक को लाठी डंडा से पीटकर और सिर में पत्थर कुचकर हत्या कर दी। सुबह डैम की ओर गए ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा कि शादी से पूर्व छेका कार्यक्रम में गड़सारू के कुछ युवक के साथ दीपक का विवाद हुआ था। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### कुएं से सड़ी गली अवस्था में शव बरामद

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के डेवीडीह गांव स्थित कुएं से पुलिस ने सड़ी गली अवस्था में एक शव बरामद किया है। मृतक की पहचान दसई टोली गांव निवासी 50 वर्षीय फगुआ उरांव के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता हैं कि मृतक 12 फरवरी के दोपहर शादी समारोह में शामिल होने के लिए डेवीडीह गया था, लेकिन इसके बाद से घर नहीं लौटा था। इस बात तक खुलासा नहीं हुआ है कि यह आत्महत्या है हत्या।

### स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लोहरदगा।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया हिंदू लोहरदगा में कक्षा छह और नौ में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन फार्म 19 फरवरी से उपलब्ध हैं। नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 3 मार्च है। प्रवेश परीक्षा 11 मार्च 2024 को होगी। केजीबीवी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कक्षा छह में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ है। नामांकन फार्म 19 फरवरी से उपलब्ध हैं। नामांकन फार्म भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 3 मार्च है। प्रवेश परीक्षा 11 मार्च को होगी। कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा में भी नामांकन प्रकिया कक्षा छह से 11वीं तक के लिए प्रारंभ है। नामांकन फार्म 19 फरवरी से उपलब्ध हैं। नामांकन फार्म भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 3 मार्च है। प्रवेश परीक्षा 11 मार्च को होगी।

### पेंशन योजना का जागरूकता रथ हुआ रवाना

**लोहरदगा।** राज्य योजनांतर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के जीवन स्तर को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार ने 50-60 वर्ष के महिलाओं (सभी वर्ग) और पुरूषों (सिर्फ एसटी वर्ग) को पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया है। इस योजना का प्रचार-प्रसार प्रखंडों के पंचायत स्तर तक कराने के लिए जिला मुख्यालय से दो जागरूकता रथों को अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा और अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर प्रखंडों के लिए रवाना किया गया।

### विहिप के धर्म रक्षा निधि अभियान का आगाज

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद के लोहरदगा नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो की अध्यक्षता में धर्म रक्षा निधि अभियान शुरू किया गया। नगर के घर-घर जाकर निधि संग्रह किया गया। इसमें बजरंग दल के संयोजक सचिन साहू आदि लगे हुए हैं। मौके पर जागेश्वर साहू मौजूद थे।

### 780 विद्यार्थियों ने दी विज्ञान विषय की परीक्षा

**सेन्हा।** नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु एवं कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को मैट्रिक के विज्ञान विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण जिला से आए उड़नदस्ता दल द्वारा किया गया। वहीं परीक्षा से पूर्व दंडाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षा केंद्रों में प्रवेश कराया गया। नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में 478 विद्यार्थियों में से 474 छात्र छात्राओं ने और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 311 में से 306 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी। केंद्राधीक्षक सीमा नैंसी लकड़ा व अभिषेक गौरव ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक कदाचार मुक्त हुई। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह दंडाधिकारी मनोज कुमार सिंह व संजीत कुमार तथा एसआई शशिकांत कुमार और एएसआई राजेश राम लोहरा मौजूद रहे।

### भाजयुमो की बैठक में लोस चुनाव पर चर्चा

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रत्येक शक्ति केंद्र पर युवा मोर्चा द्वारा चलाई जाने वाले कार्यक्रम युवा चौपाल के विषय में चर्चा एवं इसकी रूपरेखा तैयार की गई। अमन यादव ने कहा कि अब हमारी पार्टी पूरी तरह से लोकसभा चुनाव में उतर चुकी है। युवा मोर्चा को कुछ विशेष जिम्मेदारी दी गई है। उसी के अंतर्गत सभी शक्ति केंद्रों पर हम सभी युवा मोर्चा के साथियों को युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित करना है। जिलाध्यक्ष मनीष शिखर ने कहा कि अब युवा मोर्चा को कमर कसकर चुनाव में बूथ की ओर जाने का समय आ चुका है एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जो युवा चौपाल का कार्यक्रम दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सत्यम कुमार, कमलेश कुशवाहा, श्याम वर्मा, जीवन उरांव, विजय महतो, शुभम कुमार, पप्पू पहलवान, पवन प्रजापति, सरजू साहू, गोविंद महतो, बबलू महतो, भारत वर्मा, अनिल कुमार, टीपू खान, मोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

### मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा के प्रार्थना सभा में कुड़ुख भाषा में प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा जिला के ख्याति प्राप्त कलाकार धनेश लोहरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। धनेश लोहरा को अभी हाल ही में नागपुरी भाषा के लोकगीत आधारित कार्यक्रम भारत का अमृत कलश में झारखंड राज्य के विजेता के रूप में अमृत कलश प्रदान किया गया है। भारत का अमृत कलश कार्यक्रम डीडी नेशनल में आगामी 24 फरवरी से संध्या 7:00 बजे शनिवार एवं रविवार को प्रसारित किया जाना है। उन्होंने बच्चों को सारेगामपधनीसा संगीत के शुरू का अभ्यास कराया तथा नागपुरी, भोजपुरी और हिंदी भाषा के प्रेरक और लोकगीतों को मनमोहन ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक अरूण राम ने कहा कि यूनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। के पर प्रधानाध्यापक अरुण राम, राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, माता समिति के सदस्य सुमन देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, किरण देवी, प्रशिक्षु शिक्षिका मिलिता बघवार एवं नेहा लकड़ा उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
e-mail ID eedwsd.Gumla@gmail.com

**अति अल्प कालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –16/2023–24**

**प्रथम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 22/02/2024 के पूर्वाहन11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 28/02/2024 को 05.00 बजे अपराहन तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (Online) जमा करने की तिथि एवं समय – 28/02/2024 को 04.00 बजे अपराहन तक,
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 29/02/2024 के अपराह्न 05.00 बजे के बाद।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला अन्तर्गत चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवश्यक 125x115 मि0मि0 व्यास के हैण्ड पम्प I.M.–II & I.M.–III (65 मि0मि0 एवं 50 मि0मि0) के लिए अद्यतन संशोधित आई0एस0–15500 (पार्ट–1–7)/2004 के अनुसार स्पेयर पार्टस की आपूर्ति वर्ष 2023–24 | 21,01.406.00 | 42,100.00 | 5,000.00 | 31.03.2024 |

नोट : 1.निविदा के नियम एवं शर्तें आदि झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 319753 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

**॥ आम डाक सूचना ॥**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत सैरातों का बन्दोबस्ती दिनांक– 05.03.2024 को अपराहन 11:00 बजे से कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकवक्ता वित्तीय वर्ष– 2023–24 के डाक की शर्तो का अक्षरशः पालन करते हुए भाग ले सकते है।

**डाक की जाने वाले सैरातों की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की राशि | डाक बोलने हेतु जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बस स्टैण्ड (बस, टेम्पू एवं अन्य) । | 41,96,500.00 | 4,19,650.00 |
| 2 | बड़ा गुदरी अपर बाजार | 8,76,850.00 | 87,685.00 |
| 3 | पत्तराटोली स्थित गुदरी | 2,99,825.00 | 29,982.00 |
| 4 | मुविंग ठेला | 4,41,110.00 | 44,111.00 |
| 5 | सोमार बाजार (साप्ताहिक) | 1,50,000.00 | 15,000.00 |

**डाक की मुख्य नियम एवं शर्ते:–**

1. इच्छुक डाकवक्ता आवेदन के साथ **(जिसमें पत्राचार का पता सुस्पष्ट लिखा हो)** आचरण प्रमाण पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक)/ आवासीय प्रमाण पत्र दाखिल करने के पश्चात ही सैरात डाक में भाग ले सकते है।
2. सैरात डाक बोलने के पूर्व सरकारी सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के नाम से जमानत के रूप में राशि जमा करने एवं कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये स्वघोषणा–पत्र को भरकर समर्पित करने के पश्चात् डाक कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा।
3. सभी वांक्षित दस्तावेज/बैंक ड्राफ्ट आदि दिनांक–04.03.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। जांचोपरान्त सही पाये जाने वाले डाकवक्ता को ही डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।
4. बिना कारण बताए डाक को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
5. सैरात डाक प्राप्त करने/डाक मिल जाने एवं राशि जमा करने के पश्चात किसी भी हालत में राशि वापस नहीं की जायेगी।
6. कार्यादेश/एकरारनामा किये जाने वाले पदाधिकारी के आदेश/निर्देश का अक्षरशः पालन डाकवक्ता के द्वारा किया जाएगा। ससमय एकरारनामा नहीं करने पर जमा राशि स्वतः जब्त कर ली जायेगी एवं इच्छुक व्यक्ति के साथ उक्त सैरात की चुंगी वसूली हेतु एकरारनामा कर दिया जायेगा और राशि वापसी का कोई दावा–दावी मान्य नहीं होगा।
7. सैरात डाक की बोली लगाने हेतु केवल डाकवक्ता ही भाग ले सकेगें।
8. ऐसे डाकवक्ता जिन्होने पूर्व सैरात की बन्दोबस्ती बकाया राशि जमा नहीं किये हैं, वे सैरात की डाक बोली में भाग नहीं ले सकते, यदि उनके या उनके संबंधियों द्वारा धोखाधड़ी कर तथ्य छुपाकर भाग लिया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
9. **उच्चतम डाकवक्ता को बन्दोबस्ती की कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से डाक की राशि निम्न प्रकार देय होगा:–**
   **I. 10% डाक में भाग लेने हेतु जमानत की राशि (डी0डी0/बैंकर्स चेक के माध्यम से)**
   **II. 55% राशि आगामी तीन कार्य दिवस के अन्दर (डी0डी0/बैंकर्स चेक/Bearer चेक के माध्यम से)**
   **III. 35% राशि का Post Dated Cheque (डाक तिथि के एक माह के बाद का) जमा करना अनिवार्य होगा।**
   **ससमय डाक की राशि जमा नहीं करने पर 10 प्रतिशत अग्रधन की राशि जप्त कर ली जाएगी एवं इच्छुक अन्य डाकवक्ता के साथ एकरारनामा कर दिया जायेगा।**
10. कार्यालय परिसर/बाहर में केवल डाक में भाग लेने वाले डाकवक्ता ही मौजूद रहेंगे।

नोट:– सैरात डाक की विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय अवधि में कार्यालय नगर परिषद लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 319869 Lohardaga(23-24)#D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला
## जिला परियोजना कार्यालय
## प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला
पिन–835207 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आम सूचना**

**शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के संबंध में :–**

गुमला जिला के अंतर्गत सभी प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में बालिकाओं के नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिसका विवरणी निम्नवत् है:–

- विद्यालय से आवेदन प्राप्त कर उसे भरकर जमा करने की अंतिम तिथि– दिनांक 15 मार्च 2024 तक
- प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी एवं बच्चों का Counseling – दिनांक 16–20 मार्च 2024 तक
- स्क्रूटनी उपरान्त सूची का प्रकाशन की तिथि– दिनांक 22 मार्च 2024
- स्क्रूटनी उपरान्त प्रकाशित सूची के आलोक में आवेदकों से दावा/आपत्ति प्राप्त करने की तिथि– 23–29 मार्च 2024 तक
- दावा आपत्ति के निराकरण के उपरांत पुनः सूची का प्रकाशन – दिनांक 31 मार्च 2024 तक
- प्रखंड स्तरीय नामांकन समिति की बैठक – 02 अप्रैल 2024 तक
- जिला स्तरीय अनुमोदन हेतु जिला कार्यालय में सूची भेजने की अंतिम तिथि – 05 अप्रैल 2024 तक

सभी इच्छुक माता–पिता/अभिभावक से अनुरोध है कि अपने प्रखंड स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय अथवा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु फार्म विद्यालय के वार्डेन से प्राप्त करते हुए निर्धारित तिथि तक संबंधित विद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस विद्यालय में वैसी बालिकाओं का नामांकन लिया जायेगा जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिका होंगी, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसके साथ ही इन विद्यालयों में सुदूरवर्ती/नक्सल प्रभावित क्षेत्र/मानव तस्करी से प्रभावित/आदिम जनजाति समूह की बालिकाओं/विद्यालय से बाहर रहने वाली छीजित बालिकाओं/एकल अभिभावक/मातृविहीन/पितृविहीन/अनाथ जरूरतमंद बालिकाओं का नामांकन किया जाना है।

**नामांकन हेतु रिक्त सीटों का विद्यालयवार, कक्षावार एवं कोटिवार विवरण निम्नवत् है :–**

| NAME OF SCHOOL | CLASS | CATEGORY WISE VACANT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | OBC | MIN | BPL | GEN | TOTAL |
| KGBV GHAGHRA | VI | 44 | 1 | 9 | 1 | 19 | 1 | 75 |
| | VII | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | VIII | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | IX | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| | TOTAL | 57 | 1 | 9 | 1 | 19 | 1 | 88 |
| KGBV GUMLA | VI | 24 | 2 | 8 | 4 | 12 | 0 | 50 |
| | VII | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| | VIII | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 6 |
| | IX | 2 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 5 |
| | TOTAL | 32 | 3 | 10 | 5 | 16 | 0 | 66 |
| KGBV SISAI | VI | 36 | 1 | 13 | 6 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 5 |
| | VIII | 1 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 5 |
| | IX | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 |
| | TOTAL | 44 | 1 | 14 | 13 | 19 | 0 | 91 |
| KGBV BHARNO | VI | 41 | 1 | 10 | 4 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 4 |
| | VIII | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| | IX | 12 | 0 | 3 | 1 | 5 | 0 | 21 |
| | TOTAL | 56 | 1 | 13 | 8 | 24 | 0 | 102 |
| KGBV BISHUNPUR | VI | 50 | 1 | 5 | 0 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | IX | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | TOTAL | 55 | 1 | 6 | 0 | 19 | 0 | 81 |
| KGBV RAIDIH | VI | 36 | 2 | 16 | 2 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 4 |
| | VIII | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| | IX | 5 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 9 |
| | TOTAL | 44 | 2 | 18 | 4 | 24 | 0 | 92 |
| KGBV DUMRI | VI | 46 | 1 | 8 | 1 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 0 | 0 | 0 | 1 | 8 | 0 | 9 |
| | VIII | 0 | 0 | 5 | 1 | 11 | 0 | 17 |
| | IX | 3 | 0 | 2 | 1 | 17 | 0 | 23 |
| | TOTAL | 49 | 1 | 15 | 4 | 55 | 0 | 124 |
| KGBV PALKOT | VI | 42 | 7 | 7 | 0 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | VIII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | IX | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| | TOTAL | 46 | 8 | 7 | 0 | 19 | 0 | 80 |
| KGBV BASIA | VI | 36 | 3 | 16 | 1 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | VIII | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | IX | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| | TOTAL | 44 | 7 | 17 | 1 | 19 | 0 | 88 |
| KGBV KAMDARA | VI | 40 | 2 | 14 | 0 | 19 | 0 | 75 |
| | VII | 5 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 9 |
| | VIII | 2 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| | IX | 10 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 12 |
| | TOTAL | 57 | 3 | 18 | 0 | 23 | 0 | 101 |
| JBAV CHAINPUR | VI | 31 | 1 | 5 | 1 | 12 | 0 | 50 |
| | VII | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | VIII | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | IX | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | TOTAL | 33 | 1 | 5 | 1 | 12 | 0 | 52 |
| JBAV JARI | VI | 29 | 2 | 5 | 2 | 12 | 0 | 50 |
| | VII | 6 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 10 |
| | VIII | 3 | 0 | 2 | 1 | 2 | 0 | 8 |
| | IX | 3 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| | TOTAL | 41 | 4 | 9 | 5 | 16 | 0 | 75 |
| DISTRICT TOTAL | VI | 455 | 24 | 116 | 22 | 207 | 1 | 825 |
| | VII | 30 | 1 | 3 | 9 | 14 | 0 | 57 |
| | VIII | 17 | 4 | 11 | 7 | 16 | 0 | 55 |
| | IX | 56 | 4 | 11 | 4 | 28 | 0 | 103 |
| | TOTAL | 558 | 33 | 141 | 42 | 265 | 1 | 1040 |

उपायुक्त, गुमला।

PR.NO.319775 Jharkhand Education Project Council(23-24):D

# मतदाताओं में जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**गिरिडीह:** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को पारसनाथ इंटर महाविद्यालय इसरीबाजार के 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति डुमरी अनुमण्डल कार्यालय सभागार में हुई। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य और अध्यापकगण भी उपस्थित हुए। उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदान प्रणाली के बारे में बताया गया।इस दौरान ईवीएम मशीन पर कैसे वोटिंग किया जाता है और ईवीएम मशीन कैसे कार्य करता है उसकी जानकारी दी गई। उपस्थित छात्र-छात्राऐं मानव श्रृंखला बनाते हुए महाविद्यालय से चलकर अनुमण्डल कार्यालय स्थित ईवीएम जागरूकता केन्द्र पहुंचे।छात्र छात्राओं के हाथों में मतदान को लेकर जागरूकता से संबंधित तख्ती थे। ईवीएम मशीन एवं मतदान के बारे में जानकारी प्राप्त कर छात्र-छात्राऐं काफी उत्साहित दिखे। सभी छात्र-छात्राऐं 17 वर्ष के आसपास उम्र के थे जो आनेवाले कुछ महीनों में मतदाता बनने के पात्र हो जाऐंगे। साथ हीं उन्हें मतदान प्रक्रिया को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन ईवीएम जागरूकता केन्द्र के नोडल कमलेश महतो कार्यालय कर्मी सुदर्शन कुमार पाण्डेय, अमित कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया।

# मनरेगा मजदूर-लाभुक एकता संघ द्वारा दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी गिरिडीह तिसरी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा मजदूर-लाभुक एकता संघ द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना पहले ही दिन बुधवार को खत्म हो गया। विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक उपाध्याय की पहल और तिसरी बीडीओ मनीष कुमार के आश्वासन के बाद यह धरना समाप्त हुआ। बताया जाता है कि पूर्व में मनरेगा योजना के तहत प्रखण्ड के 15 पंचायतों में सैकड़ो डोभा निर्माण की स्वीकृति देकर तत्कालीन बीडीओ द्वारा ऑनलाइन इंट्री की गई थी। लेकिन पूर्व बीडीओ द्वारा इंट्री की गई उक्त योजनाओं को डिलीट कर दिया गया है। जिसके कारण मनरेगा मजदूर और लाभुकों में नए बीडीओ और विभाग के प्रति भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। उक्त मामले सहित अन्य मांगों को लेकर उपेंद्र साव के नेतृत्व में भारी संख्या में जॉब कार्डधारी मनरेगा मजदूर और लाभुक लोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। मंगलवार को आक्रोशित जॉब कार्डधारी मनरेगा मजदूर और लाभुकों ने प्रदर्शन भी किया था।


## कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gamil.com

### आम सूचना

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–NPH- 06 /2023-24**

कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के द्वारा के द्वारा स्वीकृत योजनाओं की जांच/पर्यवेक्षण एवं स्थल भ्रमण, मुख्यालय आने जाने तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यो के निष्पादन हेतु 01 एक चार पहिया वाहन(Commercial Vehicle Mahendra Bolero- B6) की एक वर्ष के लिए आवश्यक्ता है।

हरिहरगंज नगर पंचायत, कार्यालय के लिए वाहन(Commercial Vehicle Mahendra Bolero- B6) की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकताओं से दिनांक – 28.02.2024 को अपराह्न 1:00 बजे तक निबंधित डाक/हाथो हाथ कोटेशन आमंत्रित की जाती है। दिनांक– 28.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे कोटेशन खोला जाएगा, जिसमें कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। कोटेशन हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में जमा करना आवश्यक है, जो इस कार्यालय में 1000.00 (एक हजार) रूपये मात्र डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, हरिहरगंज के पद के नाम से भुगतेय होगा, को जमा करना होगा ।

नियम एवं शर्ते *NIC Palamu, UDHD Jharkhand*के *Website* एवं कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट पर देखी जासकती है:–

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 319777 Palamu(23-24)D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 117/जि0प0, दिनांक 20.02.2024 द्वारा पलामू जिला अन्तर्गत 09 पंचायत भवनों के नव निर्माण से संबंधित निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24 जिसका PR No- 319695 District (23-24) D है, में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा खोलने की तिथि 01.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे के स्थान पर दिनांक 02.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाता है।

शेष सभी सूचनाएं यथावत रहेंगे।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 319791 (Palamu) 23-24 (D)



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### दुकान आवंटन हेतु सूचना

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित कचहरी मोड़ स्थित 11 (ग्यारह) दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक–02.03.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–03.03.2024 के अपराह्न 12:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोट :– दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 319840 Lohardaga (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

E-Mail – nrepgumla@gmail.com

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 22/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :–राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 23.02.2024 एवं 26.02.2024 को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अप0 तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक 27.02.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 27.02.2024 को 03.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :–DMFT
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रायडीह | गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड के पंचायत ग्राम नकटी झरिया में सात फीट बरामदा के साथ छः अदद् क्लास रुम एवं सिढ़ी का निर्माण। | 5577000.00 | 112000.00 | 10000.00 | 03 Month | II |

**निविदा की शर्तें:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनाममा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. भवन निर्माण विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
गुमला।

PR.NO.319763 NREP(23-24):D



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### दुकान आवंटन हेतु सूचना

नगर परिषद, लोहरदगा के नव निर्मित खादगढ़ा (मिल्लत कॉलोनी) स्थित 19 (उन्नीस) दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति जो दुकान को किराये पर लेना चाहते है, वे नगर परिषद, लोहरदगा से आवेदन पत्र के साथ NIT की प्रति प्राप्त कर अपना आवेदन वांक्षित दस्तावेज के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी, अद्यतन होल्डिंग रसीद एवं रूपये 5,000.00 का डीमान्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा। आवेदन के साथ डाक की राशि मुहरबंद लिफाफा में दिनांक– 02.03.2024 अपराह्न– 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–03.03.2024 के अपराह्न 12:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोट:– दुकान आंवटन से संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 319850 (Lohardaga)23-24*D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
## समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०–9

ईमेल–jepcpalamau@gmail.com

### शैक्षणिक सत्र 2024–25 में कस्तूरबा गांधी, झारखण्ड बालिका एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना।

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024 – 25 में झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू अन्तर्गत संचालित 12 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 08 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 तथा कक्षा 9 (सिर्फ बालिका) एवं एक (1) नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सिर्फ बालकों का कक्षा 01 से 08 एवं कक्षा 9 में रिक्त सीटों के आधार पर नामांकन किया जाना है। नामांकन हेतु राज्य सरकार द्वारा तय मानको का अनुपालन किया जाएगा। विदित हो कि इन विद्यालयों में ड्रॉप आउट सहित वैसे बालक/बालिकाओं का नामांकन किया जाता है जो अत्यन्त विषम सामाजिक परिस्थिति वाले परिवारों से आतें है।

इच्छुक छात्र/छात्रा एवं बच्चों के माता–पिता से अनुरोध है कि यदि नामांकन हेतु इच्छा रखते हों तो अपने प्रखण्ड/संबंधित विद्यालय से सम्पर्क कर दिनांक 22.02.2024 से 29.02.2024 के बीच संबंधित आवेदन प्राप्त एवं आवश्यक कागजातों के साथ जमा कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।

PR.NO.319911 Jharkhand Education Project Council(23-24):D



## उपायुक्त –सह–दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
## (समाज कल्याण शाखा)

### अति अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2024–25 में गुमला जिलान्तर्गत सम्प्रेक्षण गृह में खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा निबंधित एवं प्रतिष्ठित थोक विक्रेताओं से दिनांक – 28.02.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन जिला क्रय समिति, गुमला के समक्ष निविदा 03:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि की उपस्थित अनिवार्य होगी। न्यूनतम दर एवं गुणवत्ता पर स्वीकृत निविदादाता को आपूर्ति आदेश प्राप्त होने पर आपूर्ति निर्धारित समय सीमा के अन्दर देनी होगी।

नोट:– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 319856 Women, Child Development & Social Security(23-24)#D



## झारखण्ड सरकार
## अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
(उप निदेशक कल्याण कार्यालय, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर)

### प्रवेश परीक्षा/नामांकन संबंधी सूचना वर्ष 2024–25

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं,पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पलामू प्रमण्डल अन्तर्गत रिक्ति के अनुसार वर्ग शष्टम, सप्तम एवं अष्टम (वर्ग 06 ,07, 08) में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 07.03.2024 तक आमंत्रित किये जाते है।

**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आवासीय विद्यालय**

| क्र0 | जिला | विद्यालय का नाम | बालक/बालिका | वर्गावार रिक्तियाँ VI | VII | VIII |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू | अनुसूचित जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय , कौआखोह | बालक | 10 | 10 | 05 |
| | | पिछड़ी जाति उच्च +2 बालिका आवासीय विद्यालय, अयोध्या कोल्हुआ। | बालिका | 40 | 02 | 01 |
| | | अनुसूचित जनजाति आश्रम आवासीय उच्च विद्यालय रेड़मा। | बालक | 40 | 00 | 00 |
| 2 | गढ़वा | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, रमकण्डा गढ़वा। | बालिका | 40 | 10 | 08 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय चिनिया, गढ़वा। | बालक | 00 | 40 | 02 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय कुदरूम, गढ़वा। | बालक | 00 | 30 | 00 |
| | | अनुसूचित जनजाति आश्रम बालिका उच्च विद्यालय मंझिगांवा, कांडी। | बालिका | 40 | 21 | 05 |
| 3 | लातेहार | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, गारू। | बालक | 00 | 40 | 03 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, महुआडांड़। | बालक | 00 | 40 | 05 |

1. वर्ग 06, 07, एवं 08 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय, संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय एवं संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक निःशुल्क वितरण एवं निःशुल्क प्राप्त किया जायेगा।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईया जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा।
3. अनुसूचित जन जाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमंडलीय उप निदेशक, कल्याण का अनुमोदन लेकर मेधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
4. वर्ग 06, 07, एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जॉच परीक्षा ली जाएगी, जिसके लिए छात्रों को क्रमशः 05, 06, एवं 07 वर्ग उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
5. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची संबंधित विद्यालयों एवं जिला कल्याण पदाधिकारी के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।
6. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 07.03.2024 निर्धारित है।
7. वर्ग 06, 07, एवं 08 में नामांकन हेतु जॉच परीक्षा दिनांक 17.03.2024 को संबंधित जिला कें उपायुक्त/जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा निर्धारित केन्द्र पर प्रातः 11.00 बजे 2.00 बजे अपराह्न तक होगी।
8. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी0 पी0 एल0 या आय प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिए बी0 पी0 एल0 की सूचि में नाम/आय प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
10. जिन छात्र/छात्राओं के माता पिता सरकारी सेवा में कार्यरत हैं, उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
11. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 15.04.2024 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा। प्रतीक्षा सूची से नामांकन 25.04.2024 तक किया जायेगा।
12. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय जहॉ वे अध्यनरत है, के प्रधानाध्यापक उनके नामांकन आवेदन पत्र मे अंकित छात्र/छात्रा का नाम जन्म तिथि वर्ग 05, 06 एवं 07 में अध्यनरत/उत्तीर्ण होने के तथ्यों को अपने विद्यालय का मुहर एवं अपना पूर्ण हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करते हुए आवेदन पत्र अग्रसारित करेगें।
13. प्रवेश पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय से जिला कल्याण पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा।
14. परीक्षा का विषय हिन्दी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान होगा जो बहुविकल्पीय होगा।
15. नामांकित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं को सरकार के द्वारा भोजन, वस्त्र, पठन–पाठन सामग्री, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य सारी सुविधाएँ निःशुल्क दी जाती है।
16. सिलेबस में वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु क्रमशः 5, 6, एवं 7 वर्ग स्तर का प्रश्न पूछा जायेगा।
17. परीक्षाफल प्रकाशन तक रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ भी सकती है।
18. आवेदक को झारखण्ड राज्य पलामू प्रमण्डल का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
19. सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में परीक्षा तिथि में परिवर्तन हो सकता है।
20.

| क्रम संख्या | कक्षा | न्यूनतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को ) | अधिकतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) |
|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा 6 | 10 वर्ष | 13 वर्ष |
| 2 | कक्षा 7 | 11 वर्ष | 14 वर्ष |
| 3 | कक्षा 8 | 12 वर्ष | 15 वर्ष |

21. इस विज्ञापन को किसी भी समय रद्ध करने का अधिकार कल्याण विभाग/अधोहस्ताक्षरी को होगा।

उप निदेशक, कल्याण,
पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 319804 Welfare (23-24)_D



## Office of The Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division Latehar

### Very Short Term Tender

E Procurment Referance No- DWSD/LTR/Spare Parts-13/2023-24
Date- 21.02.24

**Detai Of Work:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India-II Conforming to I.S" 9301-1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively under D W & S Division Latehar for the year 2023-24. |
| 2 | Estimated Cost (in Lakh) | Rs. 2025646.88 |
| 3 | Cost Of B. O Q ( in Rs) | Rs. 5000.00 |
| 4 | Earnest Money | Rs. 41000.00 |
| 5 | Time of Completion | (02) Two Month |
| 6 | Date of Publication of Tender on Web Site | 22.02.2024 03.30 PM |
| 7 | Last Date/ Time for Receipt of Bid (online Bidding) | 28.02.2024/04.00 P.M |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रोद्यौगिकी एवं ई0– गर्वेनस, झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक 120 दिनांक– 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 28.02.2024 at 04.00 PM |
| 09 | Date of Opening of Tender | 01.03.24 at 02.00 PM |
| 10 | Name & Address of Tender Invitting Office | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 11 | Contact No of Procurement Office | 9199154542 & 6201242103 |

1. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Eastimated Cost & EMD cost may Be Changed

Executive Engineer
D W & S Division Latehar.

PR 319844 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



## कार्यालय नगर परिषद,

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 25 (पच्चीस) होल्डिंग धारियों द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करने पर कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंग धारी 07 (सात) दिनों के अन्दर कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा (जन सुविधा केन्द्र) में आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा नगरपालिका की धारा 184 (1) (ड.) के तहत् आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। जिसके जिम्मेदार आप स्वंय होंगे। बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

| S.No | ward _no | Holding_no | Owner_Name | Mobile_no | Property_address | Grand Total Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 0030000347000X1 | VIJAY KUMAR PANKAJ | 8271841809 | MAIN ROAD PALEMARGUNJ CHOWK LOHARDAGA | 11,25,594.00 |
| 2 | 13 | 0130000168000D1 | VIJAY DAS | 8051043694 | MATHURA DAS LANE LOHARDAGA | 1,60,026.00 |
| 3 | 22 | 0220000254000A1 | NIRBHAY KUMAR | 9835329293 | CHATTAR BAGICHA GUMLA ROAD LOHARDAGA | 1,28,265.00 |
| 4 | 21 | 0210000592000A1 | NITISH KUMAR YADAV | 9304804232 | GUMLA ROAD BAKSHI DEEPA LOHARDAGA | 55,230.00 |
| 5 | 1 | 0110000263000M0 | ANWAR RASOOL | 9199041064 | AMLA TOLI BAGRU LOHARDAGA | 38,945.00 |
| 6 | 15 | 0150000534000A1 | RAMSEWAK SAHU | 7050033455 | COOLEGE ROAD BARWATOLI LOHARDAGA | 40,223.00 |
| 7 | 9 | 0090000074000J1 | AMAN ANSARI,MANAN ANSARI | 9934198170, 7070357410 | SOMAR BAZAR LOHARDAGA | 36,067.00 |
| 8 | 21 | 0210000368000X1 | RUPU DEVI | 7717766955 | BAKSHI DEEPA LOHARDAGA | 36,924.00 |
| 9 | 10 | 0100000045000X1 | ALI AHMAD | 8789678583 | KALAL TOLI LOHARDAGA | 37,355.00 |
| 10 | 6 | 0060000184000A1 | UPENDRA PRASAD | 7739148140 | SHANTI NAGAR KISKO MORE LOHARDAGA | 33,964.00 |
| 11 | 6 | 0060000126000A1 | MADHURI DEVI | 9304952038 | NADIA KARCHA TOLI ,LOHARDAGA | 33,716.00 |
| 12 | 22 | 0190000451000X1 | KULDEEP KUMAR GOYAL,UJJWAL KUMAR | '8409429795, 8409429795 | BAXSHI DIPA GUMLA ROAD LOHARDAGA | 25,652.00 |
| 13 | 21 | 0210000323000X1 | KAMLA DEVI | 9431749161 | MISSION CHOWK GUMLA ROAD,LOHARDAGA | 29,241.00 |
| 14 | 17 | 0170000218000X2 | RAMAVTAR MAHTO | 6206886449 | THANA ROAD GUDRI BAZAR LOHARDAGA | 31,100.00 |
| 15 | 21 | 0210000253000A4 | BALMIKI SAHU | 9661144414 | BAKSIDIPA LOHARDAGA | 27,765.00 |
| 16 | 7 | 0070000180000A1 | MITHILESH SINGH | 7004885306 | SANJAY GANDHI PATH LOHARDAGA | 26,187.00 |
| 17 | 7 | 0080000100000A1 | KAILASH SONI | 9431358600 | SANJAY GANDHI PATH,LOHARDAGA | 24,488.00 |
| 18 | 6 | 0060000228000X1 | BASANTI DEVI | 9304952038 | KAIMO PATARA TOLI LOHARDAGA | 26,640.00 |
| 19 | 21 | 0210000776000X1 | ,,SHRIKANT ADHAR SINGH | '9572464034, 9572464034 | MISSION CHOWK LOHARDAGA | 24,827.00 |
| 20 | 10 | 0100000107000X4 | NAGNARAYAN SAHU,SHIV PRASAD SAHU | '7050306013, 7050306013 | AMLA TOLI SOMAR BAZAR LOHARDAGA | 23,181.00 |
| 21 | 6 | 0060000234000M0 | MANOJ BHAGAT | 8102834343 | KUTMU FEKWA TOLI KISKO MORE LOHARDAGA | 20,261.00 |
| 22 | 22 | 0220000421000M0 | JIWAN KUMAR,DEEPAK SAHU | '7254092818, 9308777204 | B.I.D PREM NAGAR LOHARDAGA | 19,831.00 |
| 23 | 21 | 0210000601000M0 | GANESH MAHTO | 7903675527 | CHATTAR BAGICHA LOHARDAGA | 18,498.00 |
| 24 | 17 | 0160000047000X1 | MD ENAYATULLAHA ANSARI | 8797786880 | ANJUMAN MUHALLA NEAR MENKA HALL LOHARDAGA | 15,162.00 |
| 25 | 20 | 0200000548000M0 | KURSHID ANSARI,AHMAD ANSARI | '7372844478, 7372844475 | NAWARI PARA LOHARDAGA | 12,755.00 |

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 319861 (Lohardaga)23-24*D

# समाजवादी और पंथनिरपेक्ष का सवाल

***भारतीय*** संविधान अनेक देशों के विपरीत लचीला है और इसमें उचित प्रावधानों के तहत सुधार किया जा सकता है। इस बार संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा उद्देशिका से 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि यह संशोधन संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है, जिसकी व्याख्या 1973 में ऐतिहासिक केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले में देश के शीर्ष न्यायालय द्वारा की गई थी। मूल ढांचे का सिद्धांत संविधान में संशोधन करने के लिए संसद की शक्ति पर एक सीमा निर्धारित करता है। इसमें कहा गया है कि संसद उन मूल्यों को परिवर्तित या विकृत या संशोधित नहीं कर सकती है, जिनसे इस ढांचे का निर्माण हुआ है। यह सिद्धांत इस अर्थ में महत्वपूर्ण है कि यह नागरिकों की स्वतंत्रता और उनके अधिकार और राज्य के प्राधिकार के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे भारत में संविधानवादी विचारधारा की रक्षा होती है। हालांकि न्यायालय ने इन याचिकाओं पर सुनवाई अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वाकई संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध है? उल्लेखनीय है कि प्राचीन काल से ही भारत अपने चरित्र और भावना, दोनों में सहिष्णु और पंथनिरपेक्ष रहा है और अपने बहुरूपदर्शक सांस्कृतिक परिदृश्य की दृढ़ता से रक्षा करता रहा है। संविधान निर्माताओं ने इन विचारधाराओं को बहुत बुद्धिमत्ता से संतुलित किया था और इसी कारण उद्देशिका में न तो उदारवादी और न ही समाजवादी शब्द का स्पष्ट रूप से उपयोग किया था। उदार लोकतंत्र के विचार को भाग (अनुच्छेद 14-32) में निहित मौलिक अधिकारों में संस्थागत रूप दिया गया है, जबकि समतावादी विचार की जड़ें भाग IV में राज्य नीति-निर्देशक तत्वों के रूप में रखी गई हैं, जो वितरणात्मक न्याय के सिद्धांत को स्थापित करती हैं। राजनीतिक रूप से शासन प्रणाली में शामिल करने की दृष्टि से इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 ए की उपधारा (5) में शामिल किया गया था, जो राजनीतिक दलों को भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने के लिए बाध्य करता है। साथ ही, उन्हें समाजवाद, पंथनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों और भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए भी निर्देश देता है। जहां तक 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल करने का सवाल है, यह कहना उचित होगा कि 42वां संशोधन राजनीति से प्रेरित था, जिस पर सांविधानिक आवरण दिया गया था। इसका उद्देश्य राज्य के प्राधिकार के दायरे और सीमा को व्यापक बनाने के लिए निर्देशक सिद्धांतों को प्राथमिकता देना था। आपातकाल में सरकार ने कुछ प्रावधानों का लाभ उठाया, जैसे कि 39 (बी) और (सी) में निहित प्रावधान क्रमशः भौतिक संसाधनों पर सामुदायिक स्वामित्व प्रदान कर और उत्पादन के साधनों के संकेंद्रण पर रोक लगा कर समाजवादी सिद्धांतों की पुष्टि करते हैं। इसी प्रकार, अनुच्छेद 25-28 में धार्मिक सहिष्णुता, जिसे बैरी कॉस्मिन ने नरम पंथनिरपेक्षता कहा है, के विचार ने भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र की नींव रखी इस लिए सरकार ने दावा किया कि इन शब्दों को जोड़कर ऐसे सिद्धांतों को मजबूत किया गया है।

**मूल ढांचे का सिद्धांत संविधान में संशोधन करने के लिए संसद की शक्ति पर एक सीमा निर्धारित करता है। इसमें कहा गया है कि संसद उन मूल्यों को परिवर्तित या विकृत या संशोधित नहीं कर सकती है, जिनसे इस ढांचे का निर्माण हुआ है। यह सिद्धांत इस अर्थ में महत्वपूर्ण है कि यह नागरिकों की स्वतंत्रता और उनके अधिकार और राज्य के प्राधिकार के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे भारत में संविधानवादी विचारधारा की रक्षा होती है।**

इन दिनों

# भारत के घरेलू बाजार में मछली के उपभोग का संवर्धन



सागर मेहरा

***भारतीय*** व्यंजनों की जीवंत वैविध्यताओं में आहार का एक ऐसा घटक जो पोषकीय तत्वों से भरा है और कई तरीकों से तैयार किया जा सकता है, वह है - 'मछली'। जिह्वा के स्वाद के अलावा, 'मछली' भारतीय संदर्भ में प्रगाढ़ महत्व रखती है, यह समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के अलावा स्वास्थ्य के लिए बहुत सारे लाभ प्रदान करती है। मछली और भारतीय संस्कृति के बीच आपसी संबंध खाने की थाली तक ही सीमित नहीं है अपितु मछली हमारी परंपरा, स्वास्थ्य आचरणों और आर्थिक समृद्धि को प्रभावित करता आया है। मछली का उपभोग न केवल व्यक्तिगत पोषण स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता रखता है बल्कि देश की खाद्य और पोषण सुरक्षा में भी योगदान देता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर, भारत मत्स्य उत्पादन और निर्यात में अग्रणी है लेकिन घरेलू खपत बढ़ाना देश में मात्स्यिकी क्षेत्र की निरंतर वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र को समग्र रूप से विकसित करने के लिए मत्स्यपालन विभाग (भारत सरकार) द्वारा विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं शुरू किये गये हैं। प्रमुख कदमों में से एक 10 सितंबर 2020 को 20,050 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम निवेश के साथ प्रमुख योजना - प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) का शुभारंभ है। पीएमएमएसवाई प्रौद्योगिकी अपनाने, मूल्य श्रृंखला की कमजोर कड़ियों पर ध्यान देने और सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए परियोजनाएं कार्यान्वित करने पर केंद्रित है। उत्पादन और निर्यात बढ़ाने के विभिन्न आउटपुट के अलावा, यह योजना लगभग 16.5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने पर केंद्रित है। लगातार चौथे वर्ष में, पीएमएमएसवाई योजना के अंतर्गत पूरे भारत में 18,000 करोड़ रुपये (90%) की प्रभावशाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। परंपरागत रूप से, मात्स्यिकी परियोजनाओं का केंद्र मत्स्य उत्पादन में वृद्धि की ओर रहा है। परिवर्तन की आधारशिला के रूप में, पीएमएमएसवाई योजना पोस्ट-हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में निधियों के उपयोग द्वारा मांग और आपूर्ति समीकरण को संतुलित करने पर केंद्रित है। चूंकि पीएमएमएसवाई के अंतर्गत मत्स्य उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और शानदार 174 लाख टन तक पहुंच गया है, यह घरेलू मछली की खपत, मूल्य संवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस आशय की दिशा में, पीएमएमएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि रेफ्रिजरेटेड और इंसुलेटेड ट्रकों, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स वाली साइकिल सहित 26,067 फिश ट्रांसपोटेर्शन फैसिलिटीज लाभार्थियों के पास उपलब्ध है ताकि वे बाजारों और उपभोक्ताओं तक आसानी से ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली की डिलीवरी कर सकें। सबसे लोकप्रिय मोटरबाइक और आइस बॉक्स वाली साइकिल हैं जिससे छोटे पैमाने के किसानों के लिए बिक्री केंद्रों तक सुविधाजनक और तेज पहुंच सुनिश्चित हुई है। क्वालिटी वाले फ्रोजन तथा ताजी मछली की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बाजारों और कियोस्क के रूप में फिश रीटेल पॉइंट्स की 6733 इकाइयां विकसित की जा रही हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और तेलंगाना जैसे राज्य अग्रणी रहे हैं और इन राज्यों ने उत्तर भारत में मछली की बिक्री में वृद्धि दर्शाई है और तटीय और अंतर्देशीय राज्यों के बीच योजना की निधियों के सुनियोजित वितरण का प्रदर्शन किया है। 30 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 575 कोल्ड स्टोरेज फैसिलिटीज का अच्छा वितरण किया गया है, जिससे पता चलता है कि पूरे भारत में मछली का पोस्ट-हार्वेस्ट स्टोरेज किया जा रहा है। प्रसंस्करण के लिए 108 मूल्य वर्धित उद्यमों को मंजूरी दी गई है, जो उद्यमशीलता मॉडल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, विशेष रूप से फिश वेंडिंग कियोस्क चैन की स्थापना के माध्यम से स्वच्छ मत्स्य विपणन पर महत्त्व दिया जाता है। भारत में मूल्य वर्धित उद्यमों का प्रसार, विशेष रूप से दक्षिणी भारत में न केवल निर्यात की महत्ता दर्शाता है बल्कि अचार, सूखी नमकीन मछली, मछली के चिप्स, मछली के गोले आदि के रूप में मूल्य वर्धित मछली की मांग का भी संकेत है। जागरूकता सृजन, आउटरीच और विस्तार सही तरीके से जमीनी स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करने की दिशा में, लास्ट माईल कनेक्ट के लिए तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 2494 सागर मित्र और सम्पूर्ण भारत में 79 मत्स्य सेवा केंद्रों को मंजूरी दी गई है। उम्मीद है कि विस्तार सेवाएँ क्षेत्रीय योजनाओं और मछली की खपत को पोषण से भरपूर 'सुपर-फूड' के रूप में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। घरेलू उपभोग के रुझानों को बेंचमार्क करने और समझने के लिए, भारत सरकार ने मार्च 2023 में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च द्वारा 'भारत में मात्स्यिकी क्षेत्र का अध्ययन - वर्तमान मांग और भविष्य की संभावना का अवलोकन' में निवेश किया। अध्ययन से पता चला है कि 2011-12 की तुलना में, भोजन पर किये गये कुल व्यय के आलोक में मछली के लिए किया गया व्यय दोगुना से अधिक हो गया है, शहरी क्षेत्रों में बढ़ती मांग के कारण मछली की मासिक खपत में वृद्धि हुई है, खपत की जाने वाली 77% मछली मीठे पानी की प्रजातियां हैं - प्रमुख रूप से रोहू और कैल्टा जबकि सार्डिन और भेटकी पसंदीदा समुद्री मछलियाँ हैं। एक आशाजनक बात यह है कि 2031 में मछली की अनुमानित मांग 26 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए इस तरह की उपभोक्ता प्राथमिकताएं और संकेतक विपणन और ब्रांडिंग रणनीतियों को परिभाषित करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। बढ़ती मांग और बिक्री को संभालने के लिए आपूर्ति श्रृंखला और डिस्ट्रीब्यूशन इनफ्रास्ट्रक्चर के साथ, भारत सरकार के लिए अगला प्राथमिकता कदम उचित ब्रांडिंग और विपणन के माध्यम से मछली का सेवन करने के लाभों के बारे में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है। परंपरागत रूप से, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), हैदराबाद द्वारा आउटरीच कार्यक्रम जैसे सेलिब्रिटी शेफ के साथ मत्स्य और समुद्री खाद्य उत्सव का आयोजन और क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ वेबिनार, सितंबर में हर साल पोषण माह मनाना, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इंडिया@75 अभियान का जश्न मनाने के लिए 75 फिश रेसिपी पुस्तकों का शुभारंभ, मछली के लाभों पर जींग्ल्स का प्रसारण, मुख्य स्थानों पर आउटडोर होर्डिंग्स और डिजिटल डिस्प्ले की स्थापना आदि कार्य लगातार किये जा रहे हैं। विभिन्न डिजिटल पहल, विशेष रूप से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर, शुरू की गई हैं, व्यापक आउटरीच, बड़े पैमाने पर विपणन और ब्रांडिंग के लिए कई अन्य पहलों की योजना बनाई जा रही है। हो-रे-सीए (होटल-रेस्टोरेंट-कैफे) में उपभोक्ता विशिष्ट विपणन अभियान और रणनीतिक पहल की योजना बनाई जा रही है। एक और महत्वपूर्ण कदम जिसे प्राथमिकता दी जा रही है वह है इस क्षेत्र के लिए मानकों, प्रमाणन, मान्यता और ट्रेसबिलिटी का पॉलिसी फ्रेमवर्क। इस प्रकार पीएमएमएसवाई एक निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला और बिक्री बिदुओं में बढ़त सुनिश्चित करके उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक मजबूत मार्केटिंग ईकोसिस्टम और रणनीति तैयार करने की परिकल्पना करती है। परिणामस्वरूप, यह दृष्टिकोण न केवल समग्र उद्योग के विकास को बढ़ावा देता है बल्कि जनसंख्या के स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। इसलिए, भारत में मछली की खपत का महत्व खाने की थाली में मछली से कहीं अधिक है। बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से लेकर आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण तक, मछली देश के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे भारत प्रगति कर रहा है, मछली की खपत की महत्ता को पहचानना और उसकी क्षमता का उपयोग करना सभी के लिए एक स्वस्थ, अधिक समृद्ध भविष्य का द्वार खोलने की कुंजी होगी।

संयुक्त सचिव **(अंतर्देशीय मत्स्य पालन और प्रशासन), मत्स्य पालन विभाग, MoFAHD)**

## आपकी बात

### बच्चों की रचनाओं को भी जगह दें



देवेश कु. घोष

'राष्ट्रीय नवीन मेल' बच्चों में अखबार पढ़ने की आदत डाल सकता है। बच्चों द्वारा लिखी मूल रचनाएँ, सुविधानुसार, साप्ताहिक, सप्ताह में दो या तीन दिन, या प्रतिदिन छप जाय तो बाल वर्ग में पढ़ने की प्रवृत्ति जागेगी। अपना आलेख छपा देख कर बाल लेखक झूम उठेंगे। सृजनशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा। अखबार द्वारा आवश्यक नियम के शर्तों पर कुछ निजी विषयों की घोषणा कर आलेख आमंत्रित किए जाए तो मौलिक रचनाएँ प्राप्त की जा सकेंगी। विषय आधारित चित्र और कार्टून को भी प्रोत्साहन और रचनाशीलता के लिए स्थान दिया जा सकता है। प्रकृति, पर्यावरण, पशु प्रेम आदि पर बच्चे कलम और कूची उठाने में उत्साह दिखाएंगे। नवीन मेल के प्रबंधन से आग्रह है कि पाठक वर्ग में होनहार पीढ़ी को भी शामिल करें। क्या नवीन मेल में मैथिली, छोटानागपूरी, भोजपूरी इत्यादि भाषाओं की रचनाओं को प्रकाशित नहीं किया जाएगा ? हिन्दी दैनिक संपूर्णता प्राप्त कर रहा है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

### बिल्डरों की मनमानी और प्रचार



अंशुमाल शर्मा

बिल्डरों की मनमानी और निडरता से साधारण जनता कैसे त्रस्त है इसका जीता जागता उदाहरण मैं खुद हूं, मैंने कई सरकारी दफ्तरों तथा उच्च पदाधिकारियों के स्मक्ष अपनी परेशानियों की गुहार पिछले दो सालों से लगा रहा हूं मगर अब तक कोई सफलता नहीं मिली है, अब सिर्फ.प्रेस मीडिया से ही उम्मीद है।लुभावने विज्ञापनों और डिजाइन की हुई तसवीरों से सजे उनके आक्रामक प्रचार में कई बड़ी हस्तियाँ शामिल होती हैं जिन्हें किसी न किसी बहाने बुलाया जाता है। कई बार उन्हें मोटी रकम देकर ब्रांडिंग कराई जाती है जिसमें बड़े फिल्मी कलाकार या खिलाड़ी होते हैं। इन लोगों को इन चालक बिल्डरों की असलियत का पता भी नहीं होता और मेरी तरह अनेक भोले-भले लोग इनके जाल में फंस जाते हैं। कृपया सतर्क रहें और जब भी फ्लैट या दुकान या कोई भी भवन खरीदना हो तो जाँचे परखे हुए और जिनकी प्रतिष्ठा हो उनसे ही खरीदें। कृपया सरकार भी इस पर ध्यान दे, धन्यवाद।

**- कांके ब्लॉक चौक,रांची**

संस्कृति

# मातृभाषा, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विन्यास



संजय तिवारी

***'परिचय*** दास' भाषा शक्तिशाली उपकरण है। उसमें लोगों को जोड़ने, विचार व्यक्त करने और संस्कृति बनाने की क्षमता होती है। हममें से कई लोगों के लिए, हमारी मातृभाषा वह पहली भाषा है जिसे हम बोलना सीखते हैं और जिसका उपयोग हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं। जिस तरह से हम अपनी मातृभाषा का उपयोग करते हैं उसका नई भाषाओं को सीखने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने की हमारी क्षमता पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह वह भाषा है जो किसी व्यक्ति के परिवार या समुदाय द्वारा बोली जाती है और अकसर घरेलू वातावरण में उपयोग की जाने वाली भाषा है। मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान और संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों और विचारों को व्यक्त करते हैं। एक बच्चे की पहली भाषा सीखने और संज्ञानात्मक विकास की नींव होती है और यह अन्य भाषाओं को सीखने में मदद करती है। शोध से पता चला है कि जिन बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता है, वे स्कूल में उन बच्चों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भाषा सीखना तब आसान हो जाता है जब यह उन अवधारणाओं से संबंधित हो जिनसे बच्चा अपनी मातृभाषा में पहले से ही परिचित है। इसके अलावा, मातृभाषा सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण में मदद करती है। यह लोगों के लिए गर्व और अपनेपन का स्त्रोत है और उनकी पहचान का अभिन्न अंग है। इसलिए, मातृभाषा के महत्व को पहचानना और इसके उपयोग और सीखने को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। भाषा को समझने में मातृभाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह नींव है जिस पर अन्य सभी भाषाएं निर्मित होती हैं। बच्चे बिना किसी औपचारिक निर्देश के, अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को सुनकर स्वाभाविक रूप से अपनी मातृभाषा सीखते हैं। मातृभाषा यह समझने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है कि भाषा कैसे काम करती है, जिसमें व्याकरण, वाक्य रचना और शब्दावली शामिल है।

**मातृभाषा किसी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह उनकी पहचान व संस्कृति को आकार देती है। यह वह भाषा है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, विचारों व विचारों को व्यक्त करते हैं।**



बोधि वृक्ष

# लातेहार जिले का मां उग्रतारा मंदिर

पूजा के बाद रानी अहिल्याबाई ने मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया था। उन्होंने कहा कि यहां आकर जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से माता से आशीर्वाद मांगता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। मिश्री और गरी है मुख्य प्रसादः मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मुख्य रूप से प्रसाद के रूप में मिश्री और सूखा नारियल ही चढ़ाया जाता है। इसके अलावा यहां बकरे की बलि की भी प्रथा है। उल्लेखनीय है कि मां उग्रतारा नगर भगवती का मंदिर लातेहार जिला मुख्यालय से लगभग 38 किलोमीटर की दूरी पर चंदवा-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग एकमात्र रास्ता है। मंदिर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर टोरी जंक्शन रेलवे स्टेशन है। रांची से आने वाले श्रद्धालु रांची- चंदवा- चतरा मार्ग से यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। रांची से मंदिर की दूरी लगभग 85 किलोमीटर है। **(समाप्त)**



400 साल से भी पुराना है इतिहास

**कहानी भारत के एक ऐसे मंदिर की, जहां आज भी मौजूद है भगवान परशुराम का विशालकाय फरसाः** किस्से-कहानियों में अक्सर आपने भगवान परशुराम और उनके फरसे के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपको पता है कि वो फरसा आज भी धरती पर मौजूद है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से


Meenu Khare updated her cover photo.
4 h
"नमस्कार बहनों और भाइयों, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं।" 42 साल तक अपने इस शानदार अंदाज और आवाज से लोगों को रेडियो का दीवाना बनाने वाले आवाज़ की दुनिया के जादूगर अमीन सयानी नहीं रहे। आकाशवाणी परिवार की ओर से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाँजलि🙏
Harsh + 220 237 comments 9 shares
Like Comment Send Share
Jugani Bhai
रेडियो सिलोन को अपनी आवाज से एक नई ऊंचाई देने वाले अमीन सयानी आप अमर रहें... See More
Like Reply
झावेन्द्र कुमार ध्रुव
विनम्र श्रद्धांजलि 🙏
Like Reply
A.D. Singh
Om shanti

## X - से


Babulal Marandi
@yourBabulal
JSSC ना तो सही से परीक्षा करा पा रहा है, ना ही परीक्षा के परिणाम जारी कर पा रहा है, जिसके कारण युवाओं को मानसिक यातनाओं से गुजरना पड़ रहा है।
हैरानी है कि, सब कुछ देखते हुए भी राज्य सरकार JSSC की भ्रष्ट कार्यशैली को संरक्षण दे रही है।
मुख्यमंत्री @ChampaiSoren जी, युवाओं की मांगों पर संज्ञान लेते हुए उन्हें अविलंब हक-अधिकार दिलाईये।
#JSSC_JE_Result_Release_Karo
Translate post
Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट



ललित गर्ग

***वर्ष*** 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़े गहरी हुई है। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता है। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे एवं सकारात्मक कदम रहे हैं।**

## टेक वर्ल्ड

### ट्रेन की कंफर्म टिकट पाने के लिए अपनायें यह तरीका

यह समास्या तब आती है जब छुट्टियां चल रही हो या कोई फेस्टिवल आने वाला हो। इस दौरान ट्रेन में काफी भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन हम ट्रेन की कंफर्म टिकट कैसे बुक करें उसके लिए हम इस आर्टिकल में टिप्स एंड ट्रिक्स लेकर आये है, जो आपको भी पता होनी चाहिए। अपनी टिकट को बुक करने के लिए जल्द से जल्द बुक करें, कोई भी ट्रेन की टिकट बुकिंग उसके जर्नी के टाइम और डेट के 60 दिन पहले शुरू हो जाती है। आप जितनी जल्दी अपनी टिकट बुक करेंगे उतनी ही जल्दी कंफर्म टिकट मिलेगा।



**दूसरा तरीका :** कंफर्म टिकट को बुक करने का दूसरा तरीका है कि आप एक बार में कई डिवाइस का इस्तेमाल करें। कई बार होता है कि बेवसाइट पर ट्रैफिक होने से या फिर मोबाइल के नेट स्लो की वजह से किसी एक डिवाइस से टिकट नहीं मिल पाती है या फिर वह फंक्शन नहीं कर पाती है। ऐसे में उसी समय पर आप दूसरी डिवाइस से आसानी से टिकट ढूंढ सकते हैं। इनता ही नहीं, अपनी यात्रा के लिए एक ट्रेन और क्लास न देखें। इसके अलवा आप अन्य ट्रेन देखें। अपनी टिकट बुक करने के लिए आप IRCTC की बेवसाइट या एप्प स टिकट बुक करें। इसके साथ ही आप IRCTC SMS सेवा का यूज कर सकते है। इसकी मदद से आपकी ट्रेन की डिटेल्स रटर पर मिल सकती है और आपको आसानी से पता चल जायेगा कि आपकी कंफर्म टिकट बुक हुई है। **(क्रमशः)**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में नालंदा विवि के छात्रों के साथ बातचीत की

**नई दिल्ली।** नालंदा विश्वविद्यालय के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को संसद भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भारत के अलावा 11 देशों के कुल 23 छात्र शामिल थे। इन देशों में भूटान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, म्यांमार, लाओस, नेपाल, अर्जेंटीना, केन्या, थाईलैंड और युगांडा शामिल हैं। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, उपराष्ट्रपति ने छात्रों से शांति, प्रगति और सतत विकास का ट्रस्टी बनने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय सभ्यतागत लोकाचार के शाश्वत योगदान पर भी प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से भगवान बुद्ध के शांति और सद्भाव के संदेश का प्रचार करने का आग्रह किया। धनखड़ ने छात्रों से प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने के प्रति जागरूक रहने व लोगों को जागरूक बनाने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने बिहार राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान 29 सितंबर, 2023 को नालंदा विश्वविद्यालय जाने के प्रसंग को याद किया।

### 26 को पीएम करेंगे रक्सौल रेलवे स्टेशन निर्माण का वर्चुअल शिलान्यास

**पूर्वी चंपारण।** आगामी 26,फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रक्सौल स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने मंगलवार को रक्सौल स्टेशन का निरीक्षण कर कई आवश्यक निर्देश दिए। डीआरएम सीतामढ़ी के रास्ते विंडो इंस्पेक्शन करते हुए रक्सौल पहुंचे,जहां स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने रक्सौल स्टेशन के प्लेटफार्म, माल गोदाम, यात्री प्रतीक्षालय, आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने माल गोदाम का फूट ओवरब्रिज से निरीक्षण किया। इसके बाद, वे अपनी टीम के साथ स्टेशन के बाहर आये और स्टेशन परिसर में आगामी 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रक्सौल में होने वाले पुर्नविकास कार्य को लेकर स्थानीय रेल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# गुजरात को पीएम देंगे 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को गुजरात के दौरे पर जाने वाले हैं। यह यात्रा गुजरात के विकास पर केंद्रित है। वह यहां जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे, जिसमें अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1.25 लाख से अधिक किसान भी भाग लेंगे। पीएम यहां महेसाणा में भारत नेट के दूसरे चरण के सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो 8000 से अधिक ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान करेगा। महेसाणा और बनासकांठा जिलों में रेल लाइन दोहरीकरण, गेज परिवर्तन, नई ब्रॉड-गेज लाइन के लिए कई परियोजनाएं सहित खेड़ा, गांधीनगर, अहमदाबाद और महेसाणा में सड़क परियोजनाएं, गांधीनगर में गुजरात जैव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का मुख्य शैक्षणिक भवन के साथ बनासकांठा में कई जल आपूर्ति परियोजनाओं के साथ कई अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण पीएम मोदी करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री गुजरात दौरे के क्रम में 22 फरवरी को सुबह 10:45 बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे, जहां वह गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह का नेतृत्व करेंगे। समारोह के बाद प्रधानमंत्री दोपहर 12:45 बजे वलीनाथ महादेव मंदिर में पूजा के लिए उपस्थित होंगे। इसके तुरंत बाद महेसाणा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में वह 8,350 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिसमें सड़क, रेल, ऊर्जा और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर सरकार के फोकस पर जोर दिया जाएगा।



## 25 को देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे मोदी

### बेट द्वारका तक राह होगी आसान, 2.5 किमी लंबे ब्रिज पर 12 व्यूविंग गैलेरी

### प्रधानमंत्री 22 और 23 को जाएंगे गुजरात और उप्र, देंगे करोड़ों की सौगात

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 22 और 23 फरवरी को गुजरात और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात में 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे, कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और काम की शुरूआत करेंगे। वहीं वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ओखा-बेट सिग्नेचर ब्रिज 978 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात में बने ओखा-बेट सिग्नेचर ब्रिज का उद्घाटन 25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस सिग्नेचर ब्रिज की लंबाई 2.5 किमी है। यह पुल द्वारकाधीश मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों के लिए राहत पहुंचाने वाला होगा। इसके जरिए पानी के रास्ते जो सफर पांच घंटे में होता है, वह अब तीन घंटे में ही पूरा हो जाएगा। यात्राधाम द्वारका जहां भगवान राजा के तौर पर विराजमान हैं और बेट द्वारका में भगवान द्वारकाधीश का निवास बताया गया है। जहां दर्शनार्थी दर्शन करने जाते हैं। ओखा से बेट द्वारका भगवान द्वारकाधीश के दर्शन करने हेतु लोगों को बोट में बैठ कर जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही यहां के स्थानीय लोगों को भी मेडिकल इमरजेंसी में स्पेशल बोट करके जाने की जरूरत पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में इस सिग्नेचर ब्रिज का भूमि पूजन किया था और अब 25 फरवरी को वह इसका उद्घाटन करने आ रहे हैं। इस वजह से यात्रियों और स्थानीय लोगों के बीच खुशी का माहौल है। इस ब्रिज के उद्घाटन के बाद सभी भक्त अपनी गाड़ी लेकर बेट द्वारका तक जा सकेंगे। वहीं, स्थानीय लोगों के लिए भी ब्रिज बनने से आने-जाने में आसानी होगी। साथ ही बेट द्वारका में विकास के कई रास्ते खुल जाएंगे। बेट द्वारका और ओखा के बीच बने 2.5 किलोमीटर लंबे सिग्नेचर ब्रिज में 12 व्यूविंग गैलेरी बनाई गई है और फुटपाथ पर दोनों साइड पर श्रीमद भगवत गीता के श्लोक ओर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र लगाए गए हैं। यह देश का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज बना है। जिसकी फुटपाथ के दोनों साइड के ऊपरवाले हिस्सों में सोलर पैनल लगाए गए हैं जिससे 1 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा।



# ऋण देने में संकोच न करें बैंक, सरकार लाभार्थी को दिलाएगी प्रशिक्षण : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 फीसद होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण देने में संकोच न करें, लाभार्थी को प्रशिक्षण सरकार दिलाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'फैमिली आईडी' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध करायें ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस एक कार्यक्रम ने महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है और यह फाइनेंशियल इनक्लूजन का शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। हालिया पेटीएम पेमेंट बैंक प्रकरण से उपजी स्थितियों से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने पर जोर दिया। बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज को पुलिस व प्रशासन को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने के लिए सुचारू व्यवस्था बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साहजनक है। मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1,111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये।

बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जनपद में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।



## लखीसराय में सड़क हादसा, नौ की मौत, 5 की हालत नाजुक



**एजेंसी। पटना**

बिहार के लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक थाना चौक क्षेत्र के झुलौना गांव के पास आज (बुधवार) सुबह ट्रक और सीएनजी टैंपो की सीधी टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल पांच लोगों की हालत नाजुक है। इस टक्कर में टैंपो के परखच्चे उड़ गए । टैंपो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत घटनास्थल पर हो गई । एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। मृतकों में टैंपो ड्राइवर मनोज कुमार भी शामिल है।

हताहत मनोज कुमार के बहनोई और प्रत्यक्षदर्शी अनिल मिस्त्री घटना का विवरण बताया है। उन्होंने कहा कि मनोज को सूचित किया गया था कि कुछ लोगो को रिजर्व कर हलसी से लखीसराय लाना है। हलसी से लखीसराय आने के दौरान झूलौना के पास यह हादसा हो गया। हादसे में 14 लोग जख्मी हो गए। इनमें आठ लोगों की मौत हो गई। बाकी छह लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर एक व्यक्ति की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायलों को पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। सभी की स्थिति नाजुक है। प्रत्यक्षदर्शी अनिल तेतरहाट थाना क्षेत्र के महिसोना गांव निवासी हैं। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया की टैंपो पर सवार सभी लोग हलसी से लखीसराय आ रहे थे। मृतकों के परिजन मुंगेर में रहते हैं। सभी को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही पता चलेगा कि हलसी से यह लोग कहां जा रहे थे।

### दो बेटियों को चौथी मंजिल से नीचे फेंक खुद भी कूदी महिला

## एक बच्ची की मौत, मां-बेटी गंभीर

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा के बरौला गांव में रहने वाली एक महिला ने अपनी दो बेटियों को चौथी मंजिल से फेंक दिया। इसके बाद खुद भी कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। मौके पर ही एक बेटी की मौत हो गई। एक बेटी को गंभीर चोट आई है। महिला सरिता की हालत भी गंभीर है। उसका प्रयाग अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक सरिता का पति मनोज प्रयाग अस्पताल की कैंटीन में काम करता है। सुबह 9:30 बजे के आसपास मनोज घर से खाना खाकर कैंटीन आ गया था। उसके ठीक 10 से 20 मिनट बाद पड़ोसियों ने मनोज को कॉल करके घटना की जानकारी दी। घटना में सरिता की बेटी कृतिका (5 साल) की मौत हो गई है। वहीं, दिव्या (3 साल) का इलाज चल रहा है। मनोज की 7 साल की एक अन्य बेटी भी है, जो हादसे के समय स्कूल गई थी। बताया गया कि महिला की चार बेटियां थी, एक बेटी को उसने अपनी बड़ी बहन को दे दिया था। शुरूआती जांच में पता चला कि आर्थिक तंगी के चलते महिला ने ऐसा कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।



### स्कूल की टाइमिंग को लेकर बिहार विधानसभा में हंगामा

# सीएम नीतीश ने कहा शिक्षकों को 15 मिनट पहले आना होगा

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सरकारी स्कूलों की टाइमिंग को लेकर बुधवार को विधानसभा में विपक्ष ने फिर हंगामा किया। इस बीच, मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि शिक्षकों को छात्रों के स्कूल आने से 15 मिनट पहले आना होगा। दरअसल, मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने स्कूल टाइमिंग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भी बात अधिकारी नहीं सुनते। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि शिक्षकों को छात्रों से आने के 15 मिनट पहले यानी सुबह 9.45 बजे आना होगा और छात्रों के जाने के बाद यानी शाम को 4.15 पर स्कूल से जाएंगे। यही नियम है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष की शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक के तबादले की मांग को नकारते हुए उन्हें ईमानदार अधिकारी बताया। उन्होंने विपक्ष पर भड़कते हुए कहा कि जितना मुदार्बाद के नारे लगाएंगे अगली बार विपक्ष की संख्या और कम हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम ने मंगलवार को ही साफ कर दिया था कि स्कूल की टाइमिंग सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी कर दी। लेकिन अपर मुख्य सचिव के शिक्षकों के स्कूल पहुंचने को लेकर दिए गए एक आदेश के बाद भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इधर, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी सदन में कहा कि मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की है वह सरकार का आदेश है।

### बिहार विस उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी का इस्तीफा



बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफा के बाद कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सूचना विधानसभा सचिवालय ने बुधवार को जारी की। नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार के पहले उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस मामले में हजारी ने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से पद से इस्तीफा दिया है। मैं पार्टी का एक सिपाही हूं, पार्टी नेतृत्व जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे। हजारी चार बार विधायक चुने गए हैं। इससे पहले वे नीतीश मंत्रिमंडल में मंत्री थे।

## नीतीश ने 28 पुल सहित 3,618 योजनाओं का किया उद्घाटन



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को रिमोट के जरिए ग्रामीण कार्य विभाग की करीब 4,446 करोड़ रुपये की लागत से बने 3,590 पथों एवं 28 पुलों यानी कुल 3,618 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में उद्घाटन किए गए योजनाओं में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 1,735.814 करोड़ रुपये लागत की 1,583 पथों एवं 11 पुलों, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ परत नवीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत 2,576 करोड़ रुपये की 1,977 पथों तथा राज्य योजना के तहत 134.304 करोड़ रुपये की 30 पथों एवं 17 पुल शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के किसी भी सुदूर क्षेत्र से राजधानी पटना पहुंचने के लिए 6 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और अब 5 घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के तहत कई ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग का बजट जो वर्ष 2007-08 में लगभग 1,390 करोड़ रुपए था, वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 11,569 करोड़ रुपए हो गया।

## जीपीएसडीपी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भोपाल में आयोजन

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के सहयोग से भोपाल में एक क्रॉस लर्निंग-कम-इंटरएक्टिव राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। मध्य प्रदेश में ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना (जीपीएसडीपी) पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज उद्घाटन करेंगे। यह कार्यशाला 22 और 23 फरवरी को आयोजित हो रही है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में मध्य प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, डॉ. चंद्र शेखर कुमार अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, आलोक प्रेम नागर संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय और प्रोफेसर कैलासा राव एम स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर निदेशक भी भाग लेंगे। दो दिवसीय सत्र में 14 राज्यों की 34 ग्राम पंचायतों पर 17 पार्टनर प्लानिंग और आर्किटेक्चर कॉलेजों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

# स्वस्थ और विकसित भारत बनाने की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं : मनसुख मंडाविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना एक स्वस्थ भारत, एक विकसित भारत बनाना है। ऐसा भारत जिसमें प्रत्येक नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। सभी को आसानी से सही और सस्ती दवा उपलब्ध हो। बुधवार को असम के डिब्रूगढ़ में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अनुसंधान प्राथमिकता पर क्षेत्रीय परामर्शदात्री कार्यशाला का वर्चुअली उद्घाटन करते हुए डॉ. मंडाविया ने उक्त बात कही।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार आवश्यक चिकित्सा की तर्ज पर आवश्यक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी पर काम कर रही है। ये प्रयास आने वाले समय में सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य तकनीकों को उपलब्ध, सुलभ, किफायती और न्यायसंगत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि अमीर-गरीब का भेद किए बिना सभी को समान रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।

इस कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, शिलांग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद - क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, डिब्रूगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मेघालय सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. माजेल अम्पारीन लिंगदोह भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने वर्चुअली एक मार्केट प्लेस का भी उद्घाटन किया और आईआईपीएच, शिलांग में स्वास्थ्य अर्थशास्त्र और प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर एक मास्टर कार्यक्रम शुरू किया। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के महानिदेशक और आईसीएमआर के सचिव डॉ. राजीव बहल, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग की सचिव अनु नागर, मेघालय के प्रधान स्वास्थ्य सचिव संपत कुमार और केंद्र सरकार और मेघालय सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व व असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृष :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुन :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है।

## रांची टेस्ट में डेब्यू करेगा भारत का यह खिलाड़ी? ये होगा बॉलिंग कॉम्बिनेशन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। इस टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे। उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। भारतीय टीम एक नए खिलाड़ी को मौका देने को तैयार है। राजकोट टेस्ट में ध्रुव जुरेल और सरफराज खान का डेब्यू हुआ था। रांची में 27 साल के आकाशदीप डेब्यू कर सकते हैं। वह मोहम्मद सिराज के पार्टनर हो सकते हैं। आकाशदीप के डेब्यू का मतलब है कि भारतीय टीम इस मैच में भी 3 स्पिनर्स और 2 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी। आकाश और मुकेश कुमार दोनों घरेलू क्रिकेट में बंगाल के तेज गेंदबाज हैं। चौथे टेस्ट के लिए मोहम्मद सिराज के जोड़ीदार के लिए भारत के पास दो तेज गेंदबाज विकल्प हैं। लेकिन इंडियन एक्सप्रेस को जानकारी मिली है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता आकाश के साथ जाने की संभावना रखते हैं क्योंकि वह इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच मैचों में आकाश की गेंदबाजी से प्रभावित हैं।

**केएल राहुल भी उपलब्ध नहीं :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट के लिए रिलीज कर दिया गया है। यह निर्णय श्रृंखला की अवधि और हाल के दिनों में उनके बहुत अधिक क्रिकेट खेलने को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भारतीय टीम को चौथे टेस्ट में भी केएल राहुल की सेवाएं नहीं मिलेंगी। वह चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं।

### आकाश ने इंडिया ए के लिए के लिए शानदार प्रदर्शन किया

आकाश ने इंडिया ए के लिए दो रेड बॉल मैचों में 10 विकेट लिए थे। मुकेश के साथ-साथ आकाश रेड-बॉल क्रिकेट में बंगाल क प्रमुख तेज गेंदबाज रहे हैं। आकाश ने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 23.58 के औसत से 104 विकेट लिए हैं। विजाग में दूसरे टेस्ट के दौरान मुकेश ने 12 ओवर फेंके, लेकिन सपाट पिच पर विकेट के लिए जूझते दिखे। उनका एकमात्र विकेट दूसरी पारी में नंबर 10 शोएब बशीर का था।

# यशस्वी जायसवाल ने लगाई 14 स्थान की छलांग

## शीर्ष-15 में 4 भारतीय, बुमराह के करीब पहुंचे अश्विन

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीन मैचों में 2 डबल सेंचुरी लगा चुके यशस्वी जायसवाल ने 14 पायदान की छलांग लगाई है। जायसवाल 15वें स्थान पर हैं।**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को आईसीसी रैंकिंग में जबरदस्त फायदा हुआ है। जायसवाल ने सीरीज के तीन मैचों में 2 डबल सेंचुरी लगाकर आईसीसी रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाई है। यशस्वी जायसवाल टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। रैंकिंग में सबसे लंबी छलांग जायसवाल ने ही लगाई है।

**केन विलियमसन नंबर वन पर कायम :** आईसीसी टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन नंबर वन पोजिशन पर कायम हैं। उनकी रेटिंग अब बढ़कर 893 की हो गई है। वहीं दूसरे नंबर पर स्टीव स्मिथ हैं, जिनकी रेटिंग 818 की है। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल एक स्थान के फायदा के साथ नंबर तीन के बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। उनकी रेटिंग 768 की है। इन दोनों खिलाड़ियों के एक एक स्थान आगे जाने से नुकसान हुआ है जो रूट का। जो अब दो स्थानों के नुकसान के साथ नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग घटकर 766 की रह गई है। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय श्रृंखला के बाद वनडे प्लेयर्स रैंकिंग के टॉप-10 में थोड़ा बदलाव हुआ है। पथुम निसांका बल्लेबाजों की सूची में सात स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में एक शतक और एक दोहरा शतक लगाया था।

### बुमराह के करीब पहुंचे अश्विन

अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट पूरे करने के बाद एक स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह के करीब पहुंच गए हैं, जबकि राजकोट में इंग्लैंड की दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले रविंद्र जडेजा इसी सूची में तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए।

### जडेजा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

राजकोट टेस्ट में शतक लगाने वाले भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले जडेजा नंबर वन टेस्ट ऑलराउंडर बने हुए हैं। उन्होंने अपनी रैंकिंग को और मजबूत कर लिया है। जडेजा ने राजकोट टेस्ट में शतक भी बनाया था और सात विकेट भी लिए थे।

### रोहित को भी हुआ फायदा

आईसीसी रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। रोहित अब 732 की रेटिंग के साथ नंबर 12 पर पहुंच गए हैं, लेकिन टॉप 10 में आना अभी भी दूर बना हुआ है। टॉप 10 में इकलौते भारतीय सिर्फ विराट कोहली हैं। कोहली 752 रेटिंग के साथ 8वें पायदान पर हैं। टॉप 15 खिलाड़ियों में विराट, रोहित और यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत भी हैं जो कि 14वें स्थान पर हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

### भारत में 24.7 करोड़ उद्यमी परिवार, 8.8 लाख करोड़ डॉलर का किया ट्रांजेक्शन



**मुंबई (एजेंसी)।** एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश में कम से कम 24.7 करोड़ पारिवारिक उद्यम हैं, जो भारत की अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन उद्यमों ने 8.8 लाख करोड़ डॉलर का लेनदेन किया। अंतर्राष्ट्रीय संस्था एनमासे और प्रैक्सिस ग्लोबल एलायंस की रिपोर्ट के अनुसार, ये उद्यमशील परिवार देश में अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे और उनका मुख्य लेनदेन मूल्य (सीटीवी) वित्त वर्ष 2042-43 तक सालाना 12.7 प्रतिशत की औसत से बढ़कर 95.2 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा। ऐसे उद्यमशील परिवारों की आय के एक से अधिक स्रोत होते हैं। वे इन आय और क्यूरेटेड उधारों को उच्च प्राथमिकता वाली वस्तुओं और सेवाओं और व्यावसायिक खर्चों के लेनदेन-गहन पोर्टफोलियो में बदल देते हैं। एलीवर इक्विटी की मैनेजिंग पार्टनर और एनमासे की सह-संस्थापक ज्योत्सना कृष्णन ने कहा, 'कोर ट्रांजेक्शन मूल्य पर शोध और 24.7 करोड़ उद्यमशील परिवारों की पहचान से परिवर्तनकारी विकास के लिए तैयार एक जीवंत आर्थिक खंड का पता चलता है।' रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि उद्यमशील परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने वाले ब्रांडों ने नियोजित पूंजी (आरओसीई) पर आकर्षक लाभ कमाया है, जो वित्त वर्ष 2023 में निफ्टी 50 के करीब है। प्रैक्सिस ग्लोबल एलायंस के मैनेजिंग पार्टनर और सीईओ मधुर सिंगल ने कहा, 'हमने जो 8.8 लाख करोड़ डॉलर का कोर ट्रांजेक्शन मूल्य उजागर किया है, वह सिर्फ एक संख्या नहीं है; यह इन परिवारों की अप्रयुक्त क्षमता और जीवंत आर्थिक गतिविधि का एक प्रमाण है।'

### भारत में कम कीमत वाले फैशन वर्टिकल 'बाजार' को लॉन्च करेगा अमेजन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन भारत में 'बाजार' नाम से कम कीमत वाला फैशन और लाइफस्टाइल वर्टिकल लॉन्च करने के लिए तैयार है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने साझेदारों को जो संदेश भेजा है, उसके अनुसार नया वर्टिकल बाजार एक विशेष स्टोर है, जहां गैर-ब्रांडेड और 'ट्रेंडी' फैशन और लाइफस्टाइल उत्पादों की आपूर्ति करने वाले विक्रेताओं पर कोई 'अतिरिक्त शुल्क' नहीं लगाया जाएगा। कंपनी ने बताया, 'आपके उत्पाद अमेजन पर एक विशेष स्टोर में प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे ग्राहकों के लिए उन्हें ढूंढना आसान हो जाएगा।' रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार के माध्यम से बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमत 600 रुपये से कम होगी। ई-कॉमर्स दिग्गज ने यह भी उल्लेख किया कि बाजार विक्रेताओं को लाखों ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करेगा। इसके अलावा 'परेशानी मुक्त' डिलीवरी और शून्य रेफरल शुल्क लगाएगा। इस बीच, 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवकाश तिमाही में अमेजन की शुद्ध बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 170 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि 2022 की चौथी तिमाही में यह 149.2 बिलियन डॉलर थी। अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कहा कि पिछला छुट्टियों का मौसम 'रिकॉर्ड तोड़' था। 2023 की चौथी तिमाही में शुद्ध आय बढ़कर 10.6 बिलियन डॉलर हो गई, जबकि, 2022 की चौथी तिमाही में यह 0.3 बिलियन डॉलर थी। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) सेगमेंट की बिक्री साल-दर-साल 13 प्रतिशत बढ़कर 24.2 बिलियन डॉलर हो गई।

### रियलमी की 12 प्रो सीरीज की सफलता के बाद 12 प्लस 5जी की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपनी नवीनतम उत्पाद लाइन, रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी की शानदार सफलता के बाद, रियलमी ने नंबर सीरीज में अपने नए एडिशन- रियलमी 12+ 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। यह पहली बार होगा कि ब्रांड 'प्लस' मॉडल लॉन्च कर रहा है जो मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार है। यह कोई रहस्य नहीं है कि इस साल की शुरूआत में लॉन्च की गई 12 प्रो सीरीज 5जी, इस साल के प्रमुख लॉन्च के रूप में ब्रांड के लिए एक शानदार सफलता है। वास्तव में, स्मार्टफोन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 25,000 रुपये से 35,000 रुपये के मूल्य खंड में 1,20,000 से अधिक इकाइयों की प्री-बुकिंग हासिल करने का एक उल्लेखनीय मील का पत्थर शामिल है। यह शानदार संख्या न केवल रियलमी के उत्पादों की जबरदस्त मांग को दशार्ती है, बल्कि उनके ग्राहकों के उनमें विश्वास को भी दशार्ती है। मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में अग्रणी के रूप में रियलमी की स्थिति को और मजबूत करते हुए रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी ने अपनी पहली बिक्री के दौरान 1,50,000 इकाइयों की बिक्री के साथ काफी प्रभाव डाला। जनवरी 2024 में, भारत में पेश किए गए सभी उत्पादों में से रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी, रियलमी.कॉम और फ्लिपकार्ट सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर बिक्री के पहले दिन ऑनलाइन बिक्री में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में सामने आए। 2023 में, रियलमी 12 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 20,000 रुपये से 30,000 रुपये की कीमत सीमा के लिए भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पांचवें स्थान पर रही। इस नए स्मार्टफोन में '+' प्रतीक का परिचय मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट के भीतर मूल्य-संचालित प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए रियलमी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### पीएफआरडीए ने पेंशन फंड, एनपीएस ट्रस्ट के लिए संशोधित नियमों को अधिसूचित किया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने अनुपालन लागत कम करने और व्यापार करने की आसानी को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट और पेंशन फंड के नियमों में संशोधन किया है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, नेशनल पेंशन सिस्टम ट्रस्ट (दूसरा संशोधन) विनियम 2023 और पेंशन फंड (संशोधन) विनियम 2023 क्रमशः 5 फरवरी और 9 फरवरी को अधिसूचित किये गये थे। एनपीएस ट्रस्ट विनियमों में संशोधन ट्रस्टियों की नियुक्ति, उनके नियमों और शर्तों, ट्रस्टी बोर्ड की बैठकों के आयोजन और सीईओ - एनपीएस ट्रस्ट की नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों को सरल बनाते हैं। पेंशन फंड विनियमों में संशोधन कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप पेंशन फंड के प्रशासन से संबंधित प्रावधानों को सरल बनाता है।

**अन्य संशोधनों में शामिल हैं :** 'फिट और उचित व्यक्ति' मानदंडों के अनुपालन के साथ-साथ पेंशन फंड और पेंशन फंड के प्रायोजक की भूमिकाओं की स्पष्टता। पेंशन फंड द्वारा ऑडिट समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति जैसी अतिरिक्त बोर्ड समितियों का गठन। नाम खंड में 'पेंशन फंड' नाम शामिल करना और 12 महीने की अवधि के भीतर इस प्रावधान का अनुपालन करने के लिए मौजूदा पेंशन फंड की आवश्यकता। पेंशन फंड द्वारा प्रबंधित योजनाओं की वार्षिक रिपोर्ट में निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण शामिल किया जाएगा।

### प्रीमियर लीग: मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हराया

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ घरेलू जीत हासिल की। एर्लिंग हालैंड ने मैच का एकमात्र गोल किया, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ 1-0 से यह मैच अपने नाम किया। मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। मैनचेस्टर सिटी और ब्रेंटफोर्ड ने कई मौके बनाए लेकिन इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ एक चुनौतीपूर्ण डिफेंस पेश किया। मैच में शुरूआत से ही सीटी का दबदबा जरूर रहा लेकिन ब्रेंटफोर्ड के खिलाड़ियों ने भी हार नहीं मानी।

### आईवीपीएल का पहला सीजन 23 फरवरी से

## सहवाग-रैना और गेल सहित कई बड़े नाम शामिल

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का पहला सीजन 23 फरवरी से ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट में दिग्गज क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, सुरेश रैना, हर्शल गिब्स और क्रिस गेल सहित अन्य खिलाड़ी फैंस का मनोरंजन करने और पहले संस्करण में कुछ यादगार पल बनाने के लिए क्रिकेट मैदान पर लौटने के लिए तैयार हैं। वीरेंद्र सहवाग की विस्फोटक बल्लेबाजी से लेकर, रैना की तेज तर्रार फील्डिंग और क्रिस गेल की जबरदस्त सिक्स मारने की क्षमता तक, हर खिलाड़ी के पास एक खास हुनर है। उनकी मौजूदगी न केवल लीग में स्टार पावर जोड़ती है, बल्कि प्रशंसकों के बीच उत्साह की भावना भी पैदा करती है। इसके अलावा, इन क्रिकेट दिग्गजों के साथ आईवीपीएल उभरती प्रतिभाओं और खिलाड़ियों के कौशल का भी प्रदर्शन करेगा, जिन्होंने अभी तक क्रिकेट क्षेत्र में अपनी पहचान नहीं बनाई है। अनुभवी दिग्गजों और होनहार युवा खिलाड़ियों का यह मिश्रण आईवीपीएल को एक आकर्षक कार्यक्रम बनाने का वादा करता है, जो प्रतिभा को चमकने और कहानियों को सामने लाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया (बीवीसीआई) द्वारा आयोजित और 100 स्पोर्ट्स द्वारा प्रबंधित, आईवीपीएल 23 फरवरी से 3 मार्च तक ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाला है। आईवीपीएल में छह मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। जिनमें- वीवीआईपी उत्तर प्रदेश, राजस्थान लीजेंड्स, रेड कार्पेट दिल्ली, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, तेलंगाना टाइगर्स और मुंबई चैंपियंस शामिल हैं।

### 6- रियो ओपनर में अल्काराज को टखने में लगी चोट, दो गेम के बाद हुए रिटायर

**रियो डी जेनेरो (एजेंसी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को थियागो मोंटेइरो के खिलाफ रियो ओपन के शुरूआती मैच के दौरान केवल दो अंक के बाद टखने में चोट लग गई। उन्होंने मैच जारी रखने के प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह रिटायर हो गए। टूर्नामेंट वेबसाइट के अनुसार, फोरहैंड रिटर्न मारने के बाद अल्काराज कोर्ट के सेंटर में पीछे की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान मोंटेइरो के रिटर्न को खेलने के प्रयास में स्पेनिश खिलाड़ी ने अपने मोमेंटम को रोकने के लिए अपना दाहिना पैर अड़ाया, लेकिन उसका दाहिना टखना बुरी तरह मुड़ गया और वह पीठ के बल जमीन पर गिर गये। मोंटेइरो की मदद से वह अपनी बेंच पर वापस आये और एटीपी फिजियो एलेजांद्रो रेसनिकॉफ ने उनके टखने को कसकर बांध दिया। वह कोर्ट पर लौटे और ब्राजीलियाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 1-0 की बढ़त ले ली। लेकिन उनके मूवमेंट अच्छे से नहीं हो रहा था और अगले गेम में सर्विस गंवाकर वह रिटायर हो गये। अल्काराज ने कहा, 'कल मैं अपने टखने की जांच कराऊंगा और देखूंगा कि यह कुछ गंभीर है या नहीं।' मुझे दर्द महसूस हो रहा था। मैं ठीक से चल नहीं पा रहा था, और मुझे पता था कि इसे जारी रखना असंभव होगा। मैंने सोचा कि अगर मैं इतने लंबे मैच खेलता रहा तो

## ध्रुव जुरेल को रांची टेस्ट के दौरान एमएस धोनी से मिलने की उम्मीद



**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट में विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को उम्मीद है कि उन्हें एमएस धोनी से मिलने का मौका मिलेगा। एमएस धोनी के शहर में एक बार फिर टीम इंडिया पहुंच चुकी है। इस बार उनका सामना इंग्लैंड से होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज का चौथा मैच रांची में गुरुवार से खेला जाना है। भारत फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड से 2-1 से आगे है। भारत के लिए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने राजकोट टेस्ट में टेस्ट डेब्यू किया, जहां भारत ने 434 रन से जीत दर्ज की थी। राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड की दूसरी पारी में जुरेल ने बेन डकेट को रन-आउट किया। यह रन-आउट आसान नहीं था। इतना ही नहीं उन्होंने बल्ले से भी अच्छी पारी खेली जिससे पता चला कि वह लंबे प्रारूप में दोनों कौशल में माहिर हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में ध्रुव जुरेल ने कहा, 'मेरा सपना माही भाई से मिलना है। जब भी मैंने उनसे बात की है, मैंने हमेशा उनसे कुछ नया सीखा है और यह मेरे करियर में बहुत मददगार रहा है। इसलिए, उम्मीद है कि मुझे रांची में चौथे टेस्ट के दौरान उनसे मिलने का मौका मिलेगा, वो भी तब जब मैं भारतीय जर्सी में रहूंगा।"

## बाबर ने तोड़ा गेल का रिकॉर्ड, टी20 में सबसे तेज 10,000 रन किए पूरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम इस समय पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने इस लीग के दौरान टी20 क्रिकेट में इतिहास रचा और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम भी किया है। बाबर आजम बुधवार को वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़कर टी20 फॉर्मेट में सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने 271 पारियों में यह मुकाम हासिल किया। जबकि, क्रिस गेल को यह उपलब्धि हासिल करने में 285 पारियां लगीं। भारत के विराट कोहली इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने इस मुकाम को हासिल करने के लिए 299 पारियां खेली। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पेशावर जाल्मी के लिए खेलने वाले बाबर को विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए केवल छह रनों की जरूरत थी। उन्होंने कराची किंग्स के खिलाफ पीएसएल मैच में यह कारनामा कर दिखाया। कुल मिलाकर, पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सबसे छोटे प्रारूप में 10,000 रन बनाने वाले 13वें खिलाड़ी बन गए। जिसमें गेल 14,562 रनों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि पाकिस्तान के शोएब मलिक 13,159 रनों के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

## गौतम गंभीर से लड़ाई के कारण आईपीएल में 'शतक' नहीं लगा पाए मनोज तिवारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बंगाल के बल्लेबाज मनोज तिवारी ने कई विषयों पर अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया है। इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के साथ हुए विवाद का खुलासा भी शामिल है।

मनोज तिवारी का दावा है कि उनकी अगर गौतम गंभीर से लड़ाई नहीं हुई होती तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से 2-3 साल और खेलते। मनोज तिवारी ने बताया कि कैसे केकेआर में खेलते समय गंभीर ने उन्हें धमकी दी थी। भारत के लिए 12 वनडे और 3 टी20 मैच खेलने वाले मनोज तिवारी ने जिस घटना का खुलासा किया है, वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2013 संस्करण की है। आईपीएल के उस सीजन गौतम गंभीर की कप्तानी में मनोज तिवारी केकेआर के लिए खेले थे। बता दें कि क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बंगाल के बल्लेबाज मनोज तिवारी ने विभिन्न मुद्दों पर कुछ टिप्पणियां कीं हैं। जिन्हें लेकर क्रिकेट जगत में चर्चा गर्म है। इसमें ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के साथ 'बड़ी लड़ाई' का खुलासा भी शामिल है। एक न्यूज चैनल के साथ बातचीत में मनोज तिवारी ने कहा, 'केकेआर में रहने के दौरान ड्रेसिंग रूम में गंभीर के साथ मेरी बड़ी लड़ाई हुई थी। यह घटना कभी किसी सार्वजनिक नहीं हुई। साल 2012 में केकेआर चैंपियन बनी' मुझे एक साल और केकेआर के लिए खेलने का मौका मिला। अगर मैं 2013 में गंभीर से नहीं लड़ा होता तो शायद मैं 2-3 साल और खेलता। इसका मतलब है कि अनुबंध के अनुसार मुझे जो राशि मिलनी थी वह बढ़ गई होती। बैंक बैलेंस मजबूत होता, लेकिन मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा।' मनोज ने कहा, 'गंभीर के साथ हुई लड़ाई का मुझे अब भी पछतावा है, क्योंकि मैं उस तरह का इंसान नहीं हूं जो सीनियर्स से झगड़ता हो। उस घटना को टाला जा सकता था। सीनियर्स के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन एक घटना की वजह से हमारी बदनामी हुई।' मनोज ने बताया, 'एक समय गंभीर के साथ अच्छे रिश्ते थे, इसलिए मुझे ज्यादा अफसोस है। केकेआर के लिए खेलते हुए उनके साथ काफी चर्चाएं हुईं। टीम में किसे शामिल करना है इसे लेकर मुझसे भी राय ली जाती थी, लेकिन जैसा मैंने सोचा था, रिश्ता उतना अच्छा नहीं चल पाया।'

**गंभीर ने मुझे मैच के बाद देख लेने की धमकी दी थी : मनोज**

साल 2013 में विवाद इस हद तक पहुंच गया कि मनोज तिवारी को केकेआर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। इस बारे में मनोज ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम मैच के बाद बाहर मिलना। मैं देखूंगा तुम्हें।' इसके बाद उन्होंने कहा, 'आज आपका काम खत्म हो गया। मुझे लगता है कि उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। कोटला में पत्रकारों का स्टैंड मैदान के अंदर है। हर कोई सबकी सुनता है। वे शब्द भी सभी ने सुने।' आईपीएल 2024 में गौतम गंभीर मेंटर के रूप में केकेआर कैंप में वापसी करेंगे। मनोज तिवारी 2012 में आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली केकेआर टीम का हिस्सा थे। वह 2010 से 2013 तक फ्रेंचाइजी के लिए खेले। केकेआर की जर्सी पहनने से पहले मनोज तिवारी 2008 और 2009 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए खेले।

### आईपीएल 2024 में पंत के कमबैक पर आकाश चोपड़ा ने कहा, 'यह किसी चमत्कार से कम नहीं'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द क्रिकेट के मैदान में दिखाई दे सकते हैं। आईपीएल 2024 में उनके संभावित कमबैक पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा, 'यह किसी चमत्कार से कम नहीं।' 30 दिसंबर, 2022 को एक कार दुर्घटना में पंत बाल-बाल बचे थे। उस समय से लेकर अब तक वो क्रिकेट से ब्रेक पर हैं। हाल में पंत बेंगलुरु में एनसीए में रिहैब से गुजर रहे हैं। वह अपनी रिकवरी में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। आईपीएल 2024 के लिए उनका फिट होना प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की एक संभावना के रूप में देखा जा रहा है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'ऐसी खबरें हैं कि ऋषभ पंत इस साल आईपीएल में खेलते नजर आएंगे। यह चमत्कारी है, क्योंकि उन्होंने एक काफी मुश्किल रास्ता तय किया है। क्रिकेट जीवन का एक बहुत छोटा सा हिस्सा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन, जीवन है तो ही क्रिकेट है। जिस तरह का हादसा था, मैं बस खुश था कि वह जीवित था। मुझे पूरा यकीन है कि उसे बहुत काम करना पड़ा होगा, वहां से यहां तक की यात्रा कठिन है।' चोपड़ा का मानना है कि पंत न केवल खेलेंगे बल्कि कप्तान के रूप में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व भी करेंगे। बल्लेबाज के रूप में 26 वर्षीय प्लेयर की उपस्थिति दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी के लिए बड़ी समस्या का समाधान करेगी। पंत ने 98 आईपीएल मैचों में 34.61 की औसत और 147.97 की स्ट्राइक रेट से 2,838 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हाईएस्ट स्कोर नाबाद 128 रन है।

### बड़े बे आबरू होकर तेरे कुचे से हम निकले.....

# कांग्रेस नेतृत्व से मनौव्वल का कड़वा घूंट ले घर लौटे नाराज विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़ी-बड़ी योजना बना चंपाई मंत्रिमंडल में मंत्री बनाए गए चारों कांग्रेसियों को हटवाने व उनकी शिकायत ले आलाकमान से दुखड़ा रोने पहुंचे कांग्रेस के नाराज विधायक 'मना लिए जाने' के बाद बुधवार को राजधानी वापस लौट आए हैं। वास्तव में इन कथित रूप से 'नाराज विधायकों' को सभ्य संकेत तो शपथ ग्रहण समारोह के दिन 16 फरवरी को ही आलाकमान की ओर से दे दिया गया था। इसके बाद ये सभी शपथ ग्रहण में तो शामिल हुए लेकिन मंत्रियों को बदलने की अपनी जिद पर अड़े रहे। दबाव बढ़ाने के लिए दिल्ली कूच भी कर गए। बात नहीं माने जाने पर बजट सत्र के बहिष्कार तक की बात कह दी। बजट सत्र तक झारखंड नहीं लौट दूसरे राज्य में रहने तक की बात कह दी। बड़ी-बड़ी बात कह नाराज विधायक जब दिल्ली पहुंचे तो किसी ने इनके आगे घास तक नहीं डाला। यहां तक प्रदेश नेतृत्व ने भी एक दूरी बनाए रखा। नेतृत्व ने इन्हें न हर्ट करने न ही भाव देने की रणनीति अपनाई। चार दिन के इंतजार के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने नाराज विधायकों को मुलाकात का समय दिया। उनके चेहरे पर तो हंसी थी लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि कोई मंत्री





बदला नहीं जाएगा आप वापस जाएं और सरकार से सहयोग करें। हां सात्वना पुरस्कार के रूप में यह जरूर कहा गया कि आपकी शिकायत पर ध्यान दिया जाएगा। आलाकमान के सख्त रूख को भांपने में किसी 'नाराज विधायकों' ने देरी नहीं की। कहां इरादा जयपुर जाने का था अंततः लौट के ... घर को आए। मांग न माने जाने पर उन्होंने 23 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के बहिष्कार की धमकी देने वालों को बता दिया गया फिलहाल चारों मंत्री बने रहेंगे। उन्हें हटाने से मौजूदा सियासी परिस्थितियों में गलत संदेश जाएगा। मंगलवार रात और बुधवार को दिन में पार्टी के संगठन महासचिव केसी. वेणुगोपाल से वन-टू-वन बातचीत के बाद अब विधायकों को अपनी ताकत समझ में आ गई। विधायकों से कहा गया कि इस तरह से गोलबंद होकर मंत्रियों को हटाने की उनकी मांग एकबारगी नहीं मानी जा सकती। इससे सरकार की साख पर सीधा असर पड़ेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री सभी विधायकों और कार्यकताओं के सुझावों-शिकायतों पर तत्काल गौर करें। अगर इसमें कहीं कोताही हुई तो उन्हें रिप्लेस कर दिया जाएगा। केसी. वेणुगोपाल के पहले पार्टी नेतृत्व ने मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार को नाराज विधायकों को समझाने का टास्क सौंपा था। उन्होंने विधायकों से दो से तीन बार बातचीत की थी और कहा था कि उनकी भावनाओं से पार्टी नेतृत्व अवगत है। सही समय पर ठोस निर्णय लिया जाएगा। विधायकों की राज्य के बोर्ड-निगमों में जल्द नियुक्ति होगी और इसमें उनकी सिफारिशों पर गौर किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने विधायकों को राज्य में गठबंधन की सरकार की मजबूती के लिए काम करने और लोकसभा चुनाव की तैयारी पर फोकस करने को कहा है।

### सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार के कैबिनेट पर भरोसा नही : रमाकांत महतो

**रांची।** विगत पांच दिनों से झारखंड छोड़ दिल्ली में डेरा जमाए कांग्रेसी विधायकों पर तंज कसते हुये भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को अपनी सरकार के कैबिनेट पर ही भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सभी विधायक अपनी निजी फायदे के लिए सरकार की शिकायत करने दिल्ली में डेरा जमाए बैठे थे। कहा कि राज्य की युवा, महिला, आदिवासी- मूलवासियों की समस्याएं को लेकर ये विधायक कभी दिल्ली नहीं गए। कहा कि स्वार्थ की राजनीति कांग्रेसियों के डीएनए में है। क्षेत्र की जनता को छोड़कर चुने हुए प्रतिनिधि आखिर दिल्ली किसकी सेवा में में रत थे। विधायकों को न तो प्रदेश नेतृत्व भाव दे रहा और न ही केंद्रीय। फिर भी विलाप जारी है। मगर कोई इनका सुननेवाला नहीं। महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो गया है। एक ओर जहां कांग्रेस के 12 विधायक सोरेन सरकार के मंत्रियों के प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हैं वही दूसरी ओर आलाकमान द्वारा भाव नहीं दिए पर राज्य विकास का घड़ियाली आंसू बहाते हैं।
महतो ने कहा है कांग्रेस पार्टी की प्रकृति रही है कि जहां उनकी साझेदारी की सरकार रहती है वहां वे बारगेनिंग करते ही हैं। अब कांग्रेसी विधायक अपनों पर भी बार्गेनिंग करने को आमादा हैं। इन्हें न झारखंड से प्यार है और न ही यहां की जनता से। इन्हें तो अपने पेट भरने से मतलब है।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कारावास की सजा

**रांची।** पॉस्को के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी मांडर निवासी आफताब अंसारी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस घटना को लेकर पीड़ित के परिजनों ने अप्रैल, 2022 में मांडर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। हालांकि, बाद में अदालत में पीड़ित ने दुष्कर्म की बात बताई थी। आरोप पत्र दाखिल होने पर अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था।

### बाइक से हुडदंग कर रहा नाबालिग धराया, बाइक जब्त

**रांची।** रांची के ओटीसी ग्राउंड में बाइक से हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक मॉडिफाई बाइक को जब्त किया है। साथ ही एक नाबालिग को पकड़ा है। इस बाइक को पूरी तरह से मॉडिफाई किया गया है, उक्त गाड़ी किस कंपनी के हैं यह भी पता नहीं चल पा रहा है, जिसमें काफी तेज आवाज वाला साइलेंसर भी लगा हुआ है। आसपास के लोगों से पुलिस को काफी शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने मंगलवार रात यह कार्रवाई की। बाइक को जब्त कर पुलिस पंडरा ओपी ले गई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

### रांची पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को किया गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को बुधवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमीन माफिया आनंद महतो को कचहरी के पास से गिरफ्तार किया है। आनंद महतो मूल रूप से पुंदाग इलाके का रहने वाला है।

### चंढ़ीगड़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला एतिहासिक : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने खुशी जाहिर करते हुए भाजपा पर जम कर हमला किया है। जेएमएम केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है। घूसखोर और बैलेट चोर यह नया नामांकरण भाजपा का सुप्रीम कोर्ट ने किया है। चंडीगढ़ का चुनाव साधारण चुनाव नहीं था। गठबंधन के खिलाफ पहला चुनाव था, एक छोटा से चुनाव में नरेंद्र मोदी की इंट्री हुई। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और ईडी की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ रुपए पर इलेक्शन कमीशन और ईडी ने क्या कदम उठाए। यह देश की जनता जानना चाहती है।

# हेमंत सरकार ने छीना छात्रों-युवाओं का हक

## राइट टू एजुकेशन के तहत गरीब छात्रों को निजी स्कूलों में नहीं मिल रहा दाखिला

### गठबंधन सरकार ने शिक्षा विभाग के लिए कोई मंत्री तक नियुक्त नहीं किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था की गड़बड़ियों और छात्रों-युवाओं की समस्याओं को लेकर गठबंधन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार पर झारखंड के युवाओं का हक छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक से लेकर राइट टू एजुकेशन के तहत गरीब छात्रों को स्कूलों में दाखिला न मिल पाने के लिए सीधे सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। मरांडी ने लिखा, जेएमएम-कांग्रेस-राजद ठगबंधन की भ्रष्ट सरकार ने 60-40 नियोजन नीति लागू कर स्थानीय युवाओं के रोजगार का हक छीना। बेरोजगारी भत्ता और घर के एक सदस्य को नौकरी देने के नाम पर युवाओं का शोषण करने वाली इस निकम्मी सरकार को राज्य की युवा शक्ति मुंहतोड़ जवाब देगी।



मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यह कमीशन न तो सही से परीक्षा करा पा रहा है, न ही परीक्षा के परिणाम जारी कर पा रहा है। इसके कारण युवाओं को मानसिक यातनाओं से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हैरानी है कि सब कुछ देखते हुए भी राज्य सरकार जेएसएससी की भ्रष्ट कार्यशैली को संरक्षण दे रही है। मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है, झारखंड सरकार शिक्षा के प्रति इतनी संवेदनहीन है कि शिक्षा विभाग के लिए कोई मंत्री तक नियुक्त नहीं किया गया है, जिसका दुष्परिणाम झारखंड के गरीब छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैये का फायदा उठाकर निजी विद्यालय जमकर नियमों की अवहेलना कर रहे हैं और बीपीएल छात्रों के लिए सुरक्षित सीटों पर भी नामांकन लेने से मना कर रहे हैं।

### भीखन गंझू पकड़ मजबूत करने के लिए खरीद रहा था विदेशी हथियार

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू झारखंड में पकड़ और हिंसा फैलाने के लिए विदेशी हथियार और गोला बारूद खरीद रहा था। नागालैंड आर्म्स डील केस में मामले में एनआईए ने केस संख्या आरसी-05/2019 दर्ज किया था। इस मामले में एनआईए ने नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में चतरा जिले का रहने वाला भीखन भी शामिल है। एनआईए ने इस मामले को लेकर आरोपित भीखन गंझू पर चार्जशीट दाखिल किया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि भीखन गंझू टीपीसी का जोनल कमांडर है। वह कोयला ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूलने का काम करता है। जांच से पता चला कि भीखन गंझू झारखंड में टीपीसी की पकड़ मजबूत करने, आतंक और हिंसा फैलाने के लिए हथियार और गोला-बारूद खरीद रहा था।

## पृष्ठ एक के शेष

**जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा...**
देश के दूसरे हिस्सों में भी छापामारी की है। पटना में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम के एक रिश्तेदार के घर भी छापेमारी हुई, लेकिन वह अब भी फरार चल रहा है। वहीं चेन्नई में प्रश्नपत्र तैयार करने वाली एजेंसी के कार्यालय में भी छापेमारी की गई। इसमें भी काफी कुछ संदिग्ध पाया गया है। इस बिंदु पर अभी भी जांच जारी है।

**ग्राम गाड़ी योजना से सामाजिक विकास...**
चाहते हैं कि यहां के गरीब, मजदूर, किसान के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो। यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हेमन्त सोरेन ने राज्य के सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित करने का कार्य किया है। हमारी सरकार राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड करने का कार्य कर रही है।
**हर खेत में पानी, हर घर में हो रोजगार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के किसान भाइयों के खेतों पर पानी पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संताल, कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल में पाइपलाइन के माध्यम से हर खेत पर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार की सोच है कि राज्य के किसान परिवारों को अधिक से अधिक मदद पहुंचा कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जाए। प्रत्येक परिवारों तक रोजगार उपलब्ध कराया जा सके इस निमित्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को भरपूर सहयोग कर रही है। हमारी सरकार ने 55 हजार महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 08 हजार 247 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का कार्य कर दिखाया है। हमारी सरकार रोजगार सृजन के कई स्त्रोतों के माध्यम से झारखंड की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया है।

**अबुआ आवास योजना के...**
पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय की पीड़ा को हमारी सरकार ने समझा है। झारखंड खनिज संपदा वाला प्रदेश रहा है लेकिन यहां की खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोगों ने उठाया है। यहां के गरीब, मजदूर, किसान को खनिज संपदाओं के हक-अधिकार से दूर रखा गया।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने...**
क्या यह बात सही है न कपिल सिब्बल जी?
अपने इंटरव्यू के दौरान, अपने क्लाइंट की तारीफ करने में आप ऐसे खो गए आप कि ये भी याद न रहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य के निर्माण के साथ-साथ राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे मौका दिया और उसके बाद शिबू सोरेन और अर्जुन मुंडा भी राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। ये जो तथ्यहीन बातें आप हेमंत सोरेन की उपस्थिति में कर रहे थे और उसमें हेमंत सोरेन बिना अपने पिता को याद किए, मूकदर्शक बने सुन रहे थे, कोर्ट और जनता के सामने, इस तरह की बातें आप नहीं कर पाएंगे। एक और तथ्यहीन बात जो आपने कही कि देश के इतिहास में ये ऐसा पहला मामला है जहां एक सिटिंग मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई हो। महोदय आपको याद दिलाना चाहूंगा कि जयललिता और ओमप्रकाश चौटाला भी इन्हीं लिस्ट में शामिल हैं और किसी राज्य के मुख्यमंत्री को जेल तक पहुंचाने वाली आपकी बात पर बताना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री तो छोड़ दीजिए, जब लगा कि देश के प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारी और तानाशाह हो गई हैं, तब हमारे देश के कानून ने उनको भी कोर्ट में खींचकर ला खड़ा किया था और उनकी सदस्यता निरस्त कराई थी। कपिल जी ये हिमाकत हम बार-बार करते रहेंगे, क्योंकि हमने संविधान को साक्षी मानकर जनता की सेवा का वचन लिया है, भ्रष्टाचारी सत्ता और शासन का नहीं।
सिब्बल साहब, हम जानते हैं कि आप फीस लेकर लीगल सर्विस देते हैं, एक-एक मिनट की कीमत वसूलते हैं। कोई मुफ्त सहायता केंद्र थोड़े न खोल रखा है आपने। पर क्या आप हम झारखंड के लोगों को बता सकते हैं कि जनवरी 2020 से लेकर आपने झारखंड सरकार के गलत कार्यों की जांच न होने देने के लिये और झारखंड को लूटकर, खा पकाकर खोखला कर देने वालों से बतौर फीस, सलाह और चार्टेड जहाज खर्च के मद में आप और आपकी टीम ने कितने वसूले हैं? कभी पता किया आपने कि ये पैसे कहां से और कैसे कामों से कमाकर रखे गये हैं और इसमें गरीबों के खून-पसीने की गाढ़ी कमाई से मिले सरकारी राजस्व का कितना पैसा है? एक बार दिल पर हाथ रखकर ये सब भी बता दीजिये फिर आप जो मर्जी सो बोलिये।
यूपीए सरकार में आपकी पार्टी ने मधुकोड़ा के साथ मिलकर पहले तो झारखंड की जल, जंगल, जमीन को खूब लूटा और बंदर-बांट कर खाया-पकाया। उसके बाद भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप में कोड़ा से किनारा कर लिया। हो आदिवासी समाज से आने वाली मधु कोड़ा के जाति की कम संख्या को देखते हुए आपसबों ने उनका साथ छोड़ दिया और वहीं आप हेमंत सोरेन के साथ इसलिए भी हैं क्योंकि उनके समाज की संख्या ज्यादा है। दो आदिवासी समाज के बीच ये जो आप अंतर कर रहे हैं वो आपकी लालच और फूट डालो और राज करो की नीति को दशार्ता है। आदिवासियों के इतने हितैषी हैं तो मधु कोड़ा के वक्त जब आप यूपीए सरकार में मंत्री थे तब आपने अपने पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे दिया? आपकी सरकार जब मधु कोड़ा को जेल भेज रही थी तब आपकी ये संवेदना कहां सो रही थी सिब्बल साहब?
कोर्ट में आप कहते हैं कि टाइम लिमिट खत्म हो गया है इसलिये सोरेन परिवार के बेशुमार धन दौलत और सौ से भी ज्यादा जमीन जायदाद खरीदने की लोकपाल जांच नहीं होनी चाहिए। बेशक आपको बतौर फीस मोटी रकम मिल रही हो तो ये सब जांच रोकवाने और अपने क्लाइंट को बचाने का प्रयास कोर्ट में तो करना ही चाहिए। लेकिन कम से कम कोर्ट के बाहर के संचार माध्यमों का इस्तेमाल कर जनमानस के बीच एकतरफा गलत एवं झूठी जानकारी देने से तो आपको परहेज करना चाहिए। हां अगर कोर्ट के बाहर भी बिना सिर-पैर की भ्रामक एवं गलत जानकारी फैलाने का काम करने का ठेका भी आपके क्लाइंट से ली जा रही फीस के पैकेज का पार्ट है तो ये धंधा करते रहिए।
दो, चार, दस जमीन मकान होता तो बात समझ में आती, लेकिन क्या आपको ये समझ में आना मुश्किल हो रहा है कि नेमरा जैसे गांव के एक गरीब आदिवासी परिवार के पास बिना कोई कल-कारखाना या व्यापार किये सिर्फ राजनीति के दम पर सौ से भी ज्यादा जमीन-जायदाद और बेषुमार धन-दौलत, राज्य के कोने-कोने में बेनामी सम्पत्ति कहाँ से और कैसे आ गये? न्यायालय और न्यायालय के बाहर भी ये जो आप कोर्ट चलाने के साथ ही मीडिया ट्रायल का धंधा करवा रहे हैं ये किस कानून का पार्ट है और ये अधिकार आपको कहां से मिला है? ये आप सबको बता दीजिये ताकि दूसरे वकील भी ये काम करके आप जैसा ही संपन्न एवं वकालत के अलावा राजनीति के क्षेत्र में भी आप जैसा ही प्रभावशाली बन सकें। फाइव स्टार दलित और फाइव स्टार अदिवासी ही आप को नजर क्यों आता है? क्या आप दस ऐसे गरीब दलित आदिवासी का नाम बतायेंगे जिनका मुकदमा आपने बिना पैसे लिये इसलिए लड़ा हो कि वे निर्धन और बेसहारा हैं?
कपिल सिब्बल साहब, कोई दलित, आदिवासी के नाम पर सत्ता प्राप्त करें फिर उन्हीं को जमकर लूटे, उनकी जमीन-जायदाद हड़पकर नामी-बेनामी धन-दौलत का पहाड़ खड़ा कर ले और कानून उस पर कारवाई इसलिये नहीं करें कि वह दलित आदिवासी है और आप जैसे भारी-भरकम वकीलों की फीस अदा करने में सक्षम हो गया है, ये किस संविधान किस कानून में लिखा है जरूर बताइये। कानून के बारे में मेरी समझ कम है। इसलिये आप अगर मेरा इस बारे में ज्ञानवर्धन करें तो आभारी रहूँगा आपका। ये जो निरीह पब्लिक है न सिब्बल साहब ये सब देखती समझती है, बस बोलती कम है। लेकिन इनकी आह से कोई नहीं बचा है आज तक। इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं क्षमा याचना करते हुए अपनी बात इस उम्मीद के साथ समाप्त करता हूँ कि आप समय निकालकर इन चुभते सवालों का जवाब जरूर देंगे।
आप यशस्वी और दीघार्यु बने रहें। ईश्वर से यही प्रार्थना है।
सधन्यवाद!
(बाबूलाल मरांडी)

**शाहपुर शिव मंदिर की जमीन...**
आपराधिक षडयंत्र के तहत मंदिर की कुल 3.87 एकड़ जमीन में से 2.5 एकड़ जमीन का एलपीसी दूसरे व्यक्ति के नाम से जारी किया गया है। इसमें अंचल पदाधिकारी और भू-राजस्व कर्मचारी प्रमोद सिंह की मिलीभगत स्पष्ट हो चुकी है। अंचल निरीक्षक की रिपोर्ट के बगैर एलपीसी जारी कर दी गई है। सख्त कार्रवाई न होने की स्थिति में वे इस मसले को विधानसभा के आसन्न सत्र में उठायेंगे। साथ ही मंदिर की जमीन को लूट से बचाने के लिए जनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर वासुदेव प्रसाद, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, राम अवतार ठाकुर, जयप्रकाश गुप्ता, पप्पू जायसवाल, राजकुमार प्रसाद, अमर पसारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सांसद गीता कोड़ा ने सीजेएम कोर्ट में लगाई हाजिरी

**रांची।** आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपित पश्चिम सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने सीजेएम सह आर्थिक अपराध के विशेष न्यायाधीश केके मिश्रा की अदालत में बुधवार को हाजिरी लगाई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बीते दिनों गीता कोड़ा ने इस मामले में सरेंडर किया था, जिसके बाद सीजेएम कोर्ट ने



10 हजार के दो निजी मुचलके पर उन्हें जमानत प्रदान की थी दी। इससे पहले इस मामले में 19 जनवरी को कॉमर्शियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमसी झा की कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की थी। गीता कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पक्ष रखा। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में गीता कोड़ा ने 20 दिसंबर को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की ओर से केस दर्ज होने के बाद गीता कोड़ा ने झारखंड हाई कोर्ट गई थी, जहां लगभग पांच साल तक स्टे रहने के कारण सुनवाई प्रभावित रही। स्टे खत्म होने के बाद गिरफ्तारी को देखते हुए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

### सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक 23 को

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में 23 फरवरी को मुख्यालय स्तर पर सभी शहरी निकायों के प्रशासकों के साथ बैठक आहूत की गई है। बैठक में राज्य अंतर्गत सभी कोटि के शहरी निकायों के प्रशासकों को बुलाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर आहूत इस बैठक में शहरी क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर न केवल सभी शहरी निकायों के पदाधिकारियों से सुझाव लेकर रणनीति बनाई जाएगी, बल्कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग के संबंधित दिशा निदेर्शों से भी सभी को अवगत कराया जाएगा। बैठक में निकायों के प्रशासकों के साथ-साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रायः हर बार के आम चुनावों में शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा कम रहता है। मतदान प्रतिशत के इस अंतराल को न्यूनतम करने की प्रभावी कवायद शुरू करने को लेकर ही उक्त बैठक बुलाई गई है।

### झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने और राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को बताया कि यह बैठक कई मायने में अहम होगी। हमलोग जल्द से जल्द अपने नेता हेमंत सोरेन को अपने बीच देखना चाहते हैं। पार्टी जो कार्यक्रम-आंदोलन अभी चल रहा है, वह जारी रहेगा। इसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही गठबंधन को लेकर दिल्ली में हुई चर्चा, लोकसभा चुनाव की तैयारी, सांगठनिक मजबूती, तैयारी, सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे।

झा. मु. मो.

### विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री के विभागों के प्रश्नों का उत्तर देंगे छह कैबिनेट मंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से आहूत है। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के विभागों के सवालों के उत्तर देने व विधायी कार्यों के लिए छह कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है। इस संबंध में बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आलमगीर आलम- गृह, कारा सहित मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, कार्मिक, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, विधि विभाग। रामेश्वर उरांव- राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, आईटी विभाग। बादल पत्रलेख- खान एवं भूतत्व विभाग। मिथिलेश कुमार ठाकुर- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग। सत्यानंद भोक्ता- नगर विकास एवं आवास विभाग। बन्ना गुप्ता- उर्जा विभाग।

### बाइक सवार अपराधियों ने पति- पत्नी को मारी गोली, गंभीर

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार रात पति - पत्नी को गोली मार दी। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में पति -पत्नी को रिम्स भेजा और मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। पति- पत्नी को अपराधियों ने किस वजह से गोली मारी है। अब तक इसके पीछे का वजह सामने नहीं आ पाया है। अपराधियों की गोली से बिरसा उरांव और उनकी पत्नी सोनी घायल हुए है। दोनों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि घटना स्थल से पुलिस ने सात खोखा बरामद किये गये है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साथ ही आस-पास का सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

### झारखंड हाई कोर्ट में नक्सली बिनोद गंझू की जमानत पर सुनवाई 28 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में टेरर फंडिंग केस के आरोपित और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में अब अदालत 28 फरवरी को सुनवाई करेगा। इस दौरान कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से बचाव में दलील दी गयी। इसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने इससे संबंधित आदेश कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश दिया। चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के खिलाफ कांड संख्या सात दर्ज की गयी थी, जिसे एनआईए ने टेकओवर कर जांच की है। विनोद गंझू पर एनआईए ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 427, 3, 4, आर्म्स एक्ट की धारा 27 और क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट की धारा 17 के तहत चार्जशीट दाखिल की है।

### होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने वालों को 31 मार्च तक का समय

**रांची।** नगर निगम के नये अपर प्रशासक कमलाकांत गुप्ता के पदभार लेते ही होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने वाले घर मालिकों को तनाव होने लगा है। आदेश जारी हुआ है कि रांची नगर निगम के 53 वार्डों के वैसे भवन मालिक जिन्होंने होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कराये हैं, उनको 31 मार्च के अंदर अपना बकाया भुगतान कर देना है। पहले फेज में 50 भवन मालिकों नोटिस भेजा जा रहा है। निर्धारित समय पर टैक्स नहीं देनेवाले भवन मालिकों के घर पर नोटिस चिपकाया जायेगा। होल्डिंग टैक्स जमा नहीं कराने की स्थिति घर मालिकों के बैंक एकाउंट फ्रीज कर दिया जाएगा। बावजूद इसके, बकाया जमा नहीं करने पर भवन सील करने की कार्रवाई की जायेगी। कहा गया है कि जिनका होल्डिंग टैक्स बकाया है, वे टैक्स कलेक्टर को घर बुलाकर टैक्स जमा कर सकते हैं। सरकारी कार्यालयों पर 20 करोड़ बकाया है। इनको भी नोटिस भेजा जा रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More "

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### पीएम ने 'सम्माक्का सरक्का मेदाराम जतारा' की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने देश के सबसे बड़े आदिवासी त्योहारों में से प्रमुख 'सम्माक्का सरक्का मेदाराम जतारा' पर बुधवार को लोगों को बधाई दी। उन्होंने सम्माक्का और सरक्का को नमन करते हुए उनकी एकता व वीरता की भावना का पुण्य स्मरण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर तेलुगु भाषा में पोस्ट की है। उन्होंने कहा है, सबसे बड़े आदिवासी त्योहारों में से एक, सम्मक्का-सरक्का मेदाराम जतारा की शुरूआत पर बधाई। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत की स्थायी भावना की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, जतरा भक्ति, परंपरा और सामुदायिक भावना का बड़ा संगम है।

### प्रदर्शनकारी किसानों को सरकार ने फिर वार्ता के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों से अपील की है कि वे पांचवें दौर की वार्ता के लिए आगे आएं। एक बयान में मंत्री ने कहा कि सरकार मामले का समाधान चाहती है। वे किसानों से अनुरोध करते हैं कि शांति बनाए रखें। मुंडा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सरकार चौथे दौर के बाद पांचवे दौर की वार्ता में सभी मुद्दे जैसे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग, फसल विविधीकरण, पराली का विषय, एफआईआर पर बातचीत के लिए तैयार है। बातचीत के जरिए ही समाधान निकाला जा सकता है। वे दोबारा किसान नेताओं को चर्चा के लिए आमंत्रित करते हैं।

### ईडी ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह मामले में चीकू को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** ईडी ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह एवं अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है। चीकू को पंचकुला में धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उसे पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

# शहबाज होंगे पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री, आसिफ जरदारी बनेंगे राष्ट्रपति

## ■ पीपीपी-पीएमएलएन में बनी सहमति, बिलावल भुट्टो ने की घोषणा ■ सरकार बनाने के लिए हमने आवश्यक संख्या हासिल कर ली है : भुट्टो

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने बताया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ फिर से प्रधानमंत्री की भूमिका संभालेंगे, जबकि पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी देश के अगले राष्ट्रपति होंगे। कई दिनों की बातचीत के बाद दोनों दलों के बीच सरकार गठन को लेकर समझौता हो गया है। मंगलवार की देर रात संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीपीपी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने गठबंधन सरकार के गठन को लेकर दोनों दलों में हुए करार की घोषणा की। बिलावल ने कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन ने आवश्यक संख्या हासिल कर ली है। अब हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं।



### किसी मंत्रालय की मांग नहीं

उन्होंने कहा कि हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पाक की सफलता सुनिश्चित करनी है। शहबाज ने कहा कि बिलावल के नेतृत्व वाली पार्टी ने पहले दिन से किसी मंत्रालय की मांग नहीं की है। उन्होंने कहा कि दो पक्षों के बीच बातचीत होती है और मुद्दों को आपसी परामर्श के माध्यम से हल किया जाता है. इसका मतलब यह नहीं है कि हम उनकी मांगों को स्वीकार करते हैं या वे हमारी मांगों को स्वीकार करते हैं।

### किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं

8 फरवरी के चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को साधारण बहुमत नहीं मिला, जिससे पार्टियों को सत्ता में आने के लिए हाथ मिलाने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन समझौते में देरी ने सवाल खड़े कर दिए थे। 8 फरवरी के चुनावों के बाद, पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने सबसे अधिक 92 सीटों, पीएमएल-एन ने 79 और पीपीपी ने 54 सीटों पर जीत हासिल की थी।

### अयूब खान को पीटीआई ने बनाया पीएम उम्मीदवार

पीटीआई ने हाल ही में, अपने नेता उमर अयूब खान को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। 54 वर्षीय उमर अयूब पीटीआई के महासचिव हैं और पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते हैं। इमरान खान का आरोप है कि उनके उम्मीदवारों को जानबूझकर हराया गया है। उनका जनादेश चोरी किया गया है। पीटीआई नेता असद कैसर ने हाल ही में खान का संदेश पढ़ते हुए कहा था कि अमेरिका को चुनावों में धांधली के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। अमेरिका अगर एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है और पाकिस्तान चुनाव में धांधली हो रही है तो उसे इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

# ग्रीस के इंडो पैसेफिक ओशन इनेशिएटिव से जुड़ने का स्वागत : प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री और ग्रीस के उनके समकक्ष के बीच वार्ता

### 2030 तक व्यापार को दोगुना करने पर बनी सहमति



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के उनके समकक्ष क्यारीकोस मित्सोटाकिस के बीच बुधवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय व प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों ने कृषि, फार्मा, मेडिकल, स्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ग्रीस के संबंध बहुत पुराने हैं। भारत और ग्रीस के बीच लगभग ढाई हजार वर्षों से व्यापारिक, सांस्कृतिक और विचारों का आदान प्रदान चल रहा है। हमने इन संबंधों को एक आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई नए आयामों की पहचान की है। हमने माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट को जल्द से जल्द अमल में लाने पर चर्चा की है। इससे दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध और सुदृढ़ होंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि ग्रीस ने इंडो पैसेफिक ओशन इनेशिएटिव से जुड़ने का निर्णय लिया है। जी-20 बैठक के दौरान भारत की पहल पर आईपैक कॉरिडोर की जिस योजना पर सहमति बनी, वह लंबे समय तक मानवता के विकास में योगदान देगा। इस पहल में ग्रीस भी एक अहम भागीदार बन सकता है। अगले साल भारत और ग्रीस के बीच कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी, इसे मनाने के लिए भी दोनों देश एक एक्शन प्लान पर काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की बैठक में हमने कई क्षेत्रीय और अन्तरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हम दोनों इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी तरह के विवाद का समाधान आपसी बातचीत और कूटनीतिक तौर तरीकों से किया जाना चाहिए। हम इंडो पैसेफिक रीजन में ग्रीस की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। आतंकवाद जैसी साझा चुनौतियों पर दोनों देश समन्वय बनाकर चल रहे हैं। इस क्षेत्र में वर्किंग ग्रुप के गठन से हम रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवादी गतिविधियों की रोकथाम के लिए आपसी सहयोग को बढ़ा सकेंगे।

### यूएनएससी में स्थाई सदस्यता के लिए हम भारत का समर्थन करते हैं

संयुक्त प्रेस वार्ता में ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने कहा, मैं अपनी आधिकारिक दौरे पर पहली बार भारत आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हम अपने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति जारी रख रहे हैं। कुछ महीने पहले एथेंस में हमने जिस संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे, उसे अभ्यास में लाया जा रहा है। हम 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। भारत और ग्रीस कई पहलू से एक-दूसरे से काफी करीब हैं। हमारे विचार उस पुल की तरह काम कर रहे हैं, जो हमें करीब लाता है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और सबसे बड़ा लोकतंत्र एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी स्थापित कर रहा है। पीएम क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने कहा कि मोदी में मुझे एक दूरदर्शी, उत्तम नेता और एक सच्चा दोस्त दिखता है।

# बगैर जातीय जनगणना के जनता को न्याय मिलना असंभव : राहुल



**एजेंसी। कानपुर**

भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कानपुर के घंटाघर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जातीय जनगणना के बाद ही न्याय मिल पाएगा। चाहे जितना चिल्लाओ इस सरकार में रोजगार नहीं मिलेगा। आपको सताया जा रहा है। भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। मोदी एवं योगी सरकार में युवाओं को रोजगार, महिलाओं एवं किसानों को न्याय पुलिस और न्यायालयों से नहीं मिल रहा है। पिछड़ो, दलितों एवं आदिवासियों को किनारे कर दिया गया है। राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर देश के राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया। वहां पिछड़ा, दलित और आदिवासी नहीं पहुंचे। वहां दिखाई दिए, अडानी और अम्बानी सहित देश के अन्य पंद्रह प्रतिशत के लोग ही वहां ऐसे मौके पर दिखे। देश में 85 प्रतिशत के लोगों को किनारे कर दिया गया है। महेज पन्द्रह प्रतिशत वालों का अब कब्जा हो चुका है। अब बहुत आवश्यक हो गया है कि देश में जातीय जनगणना होना चाहिए। जिसके बाद ही देश की जनता को न्याय मिल पाएगा। हम देश की जनता को उनका हक दिलाने के लिए देश भर का दौरा कर रहें है। जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहता हू जो हमे सुनने के लिए इतनी भारी संख्या में यहां पहुंचे। इसके बाद राहुल गांधी सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

# राष्ट्रपति पद की रेस से नहीं हट रही : हेली



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका की पूर्व राजदूत तथा दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और राष्ट्रपति पद की रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा है कि राष्ट्रपति पद की दौड़ से नहीं हट रही हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हेली ने मंगलवार को दक्षिण कैरोलिना के ग्रीनविले में 'स्टेट ऑफ द रेस' संबोधन में यह टिप्पणी की, जहाँ कुछ ही दिन में दक्षिणपूर्वी प्रांत की रिपब्लिकन प्राइमरी होने वाली है। उन्होंने 2011 से 2017 तक प्रांत में पहली महिला गवर्नर के रूप में काम किया था। ग्रीनविले वन में क्लेम्सन विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा, जब देश का भविष्य खतरे में हो, तो आप मोर्चे से नहीं हटते हैं। आप लड़ते रहते हैं। वास्तव में, आप पहले से कहीं अधिक कठिन संघर्ष करते हैं। इसलिए मैं हार मानने से इनकार करती हूं। उन्होंने कहा, साउथ कैरोलिना में शनिवार को मतदान होगा। लेकिन रविवार को भी मैं राष्ट्रपति पद की रेस में रहूँगी। मैं कहीं नहीं जा रही हूं। हेली, जो अपने घरेलू मैदान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती देने की कोशिश कर रही हैं, ने कहा कि राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनाव अभी बमुश्किल शुरू ही हुए हैं, केवल तीन राज्यों में मतदान हुआ है। ट्रम्प ने आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा में जीओपी प्राथमिक जीत हासिल की, जिससे राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए स्पष्ट दावेदार के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई।

### खरगे व राहुल ने नरीमन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रख्यात न्यायविद तथा उच्चतम न्यायालय के मशहूर अधिवक्ता फाली एस नरीमन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि देश ने एक महान कानून विद को खो दिया है। श्री खरगे ने कहा प्रख्यात न्यायविद्, वरिष्ठ अधिवक्ता और नागरिक स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक फली एस नरीमन का निधन कानूनी व्यवस्था के लिए एक बड़ी क्षति है। सिद्धांतों से कभी समझौता किए बिना जीवनभर प्रतिबद्धता तथा दृढ़ता के साथ काम करते रहे पद्म विभूषण नरीमन के परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

# दुबई की जेल में 18 साल बिताने के बाद स्वदेश लौटे तेलंगाना के चार कामगार

**एजेंसी। हैदराबाद**

हत्या के मामले में दुबई में 18 साल जेल में रहने के बाद तेलंगाना के पांच में से चार कामगार अपने घर लौट आए हैं। राजन्ना सिरसिला जिला के रहने वाले वर्कर जैसे ही राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे, तो उनके परिवार के लोगों ने उनकी जमकर खातिरदारी की। शिवरात्रि मल्लेश और उनके भाई शिवरात्रि रवि अपने प्रियजनों को देखकर भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। डुंडुगुला



लक्ष्मण दो महीने पहले लौटे थे जबकि शिवरात्रि हनमंथु दो दिन पहले वापस आए थे। पांचवें व्यक्ति वेंकटेश के अगले महीने जेल से रिहा होने की संभावना है। नेपाल के रहने वाले चौकीदार बहादुर सिंह को जान से मारने के आरोप में दुबई की एक अदालत ने पांचों कर्मचारियों को 25 साल की जेल की सजा सुनाई थी। संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने पिछले साल सितंबर में दुबई की यात्रा के दौरान तत्कालीन राज्य मंत्री के.टी. रामाराव (केटीआर) की अपील के बाद उनकी दया याचिका को मंजूरी दे दी थी। बता दें कि केटीआर की ओर से सभी पांचों कर्मचारियों के टिकट का प्रबंध किया गया। ये सभी दुबई की आवेर जेल में बंद थे।

# राहुल के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल भाजपा में शामिल



### राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस के रुख से नाराज थे निकेत पटेल

### दो सौ से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पहना केसरिया खेस

**एजेंसी। सूरत**

राम मंदिर मुद्दे पर उदासीन वाले रुख से कांग्रेस में भगदड़ सी मची है। लोकसभा चुनाव से पूर्व बड़े नेता से लेकर पार्टी के ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ता तक कांग्रेस छोड़कर केसरिया खेस धारण कर रहे हैं। बुधवार को सूरत में कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल ने भी कांग्रेस छोड़कर अपने दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सूरत शहर कार्यालय में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में निकेत पटेल ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का केसरिया खेस पहन लिया। इस अवसर पर निकेत पटेल ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे पर अपना रुख साफ नहीं कर पाई। राम मंदिर के निर्माण की बात हो या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, इन सभी पर कांग्रेस अपनी बात स्पष्टता से नहीं कह सकी। इसका उन्हें बहुत दुख था। पटेल ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी पहले की तरह ही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काफी समय से उनका मन व्यथित था। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व पार्षद सुनील पटेल भी भाजपा में शामिल हो गए।

# आईओआर में समुद्री सुरक्षा के लिहाज से 'मिलन अभ्यास' महत्वपूर्ण : राजनाथ

### मित्र देशों के साथ सार्थक बातचीत से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद : नौसेना प्रमुख

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन-2024' का विशाखापत्तनम में औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने इस अभ्यास में शामिल हो रहे 50 मित्र देशों को हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हमें समुद्र में लोकतांत्रिक और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के अनुरूप सकारात्मक शांति की अपेक्षा करनी चाहिए, जहां व्यक्तिगत देश साझा शांति और समृद्धि प्राप्त करने के लिए एक-दूसरे के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं। शांति की यह अवधारणा प्रत्यक्ष सैन्य संघर्ष से अलग है, क्योंकि इसमें सुरक्षा,



न्याय और सहयोग की व्यापक धारणाएं शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा ऐतिहासिक अनुभव हमें बताता है कि सशस्त्र बल भी शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे निवारण, संघर्ष निवारण एवं शांति-रक्षण जैसी अवधारणाओं और प्रथाओं में और विशेष रूप से आपदाओं के दौरान विभिन्न मानवीय सहायता प्रयासों में भी देखा जाता है। रक्षामंत्री ने इस अवसर पर 'मिलन गांव' का भी उद्घाटन किया। 'मिलन गांव' में दो दर्जन से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना को इस 'मिलन' के दौरान अपने दोस्तों और भागीदारों के साथ सार्थक बातचीत, रचनात्मक जुड़ाव और सकारात्मक परिणामों की उम्मीद है। इसलिए हमारे प्रतिभागियों को सर्वव्यापी अनुभव प्रदान करने के लिए इस बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। कल शुरू हुए हार्बर चरण में विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान और टेबल टॉप अभ्यासों के माध्यम से व्यावहारिक चचाएं देखी गईं।

उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में होने वाला अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेमिनार वरिष्ठ कमांडरों को महत्वपूर्ण समुद्री चुनौतियों और अवसरों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। हमारे युवा अधिकारी यहां प्रशिक्षण सिमुलेटरों पर अपने नौकायन, पनडुब्बी बचाव और क्षति नियंत्रण कौशल को निखार रहे हैं। इस मौके पर जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और एमएसएमई की ओर से भारत के आशाजनक स्वदेशी उद्योग की एक झलक प्रदान करने के लिए एक मिलन तकनीकी प्रदर्शनी या एमटीईएक्स का भी आयोजन किया गया है।

## फिल्म जगत

# अभिनेत्री विद्या बालन ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**प्रशंसकों** के साथ जुड़े रहने के लिए कलाकार सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय हैं। वे फोटो और वीडियो शेयर कर फैंस का मनोरंजन करते हैं। लेकिन दूसरी तरफ कलाकारों के फर्जी अकाउंट बनाकर उन्हें धमकाने और पैसे वसूलने का काम किया जाता है। इसलिए कलाकार संकट में हैं। ऐसा ही कुछ हुआ है बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन के साथ। हालांकि अब यह बात सामने आई है कि एक्ट्रेस ने इसके खिलाफ मुंबई पुलिस का दरवाजा खटखटाया है। अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके नाम पर फर्जी अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक विद्या बालन ने खार पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि एक शख्स ने एक्ट्रेस के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया था। इसके जरिए ये शख्स लोगों से पैसे की



मांग करता था। इसके अलावा यह व्यक्ति नौकरी दिलाने का वादा कर रहा था। विद्या बालन की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने आईपीसी की धारा 66 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल विद्या बालन बॉलीवुड में ज्यादा नजर नहीं आती हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 9 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। विद्या अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए हमेशा इंस्टाग्राम पर मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस के काम की बात करें तो वह जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। उन्हें मंजुलिका के रूप में देखा जाएगा।